
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 136
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 23 जून, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

ब्रोन्कियल अस्थमा के मरीजों को हो सकता है नेचुरोपैथी से फायदा

पेज - 11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 51,822 | ▼ | 709 |
| निफ्टी | 15,413 | ▼ | 225 |
| सोना | 50,487 | ▼ | 205 /10 gm |
| चांदी | 59,959 | ▼ | 926 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 37.00°C
न्यूनतम 25.00°C

## क्विक न्यूज

### सपना चौधरी को निम्स ने दी डॉक्टर की उपाधि



**जयपुर।** डांस से लोगों को दीवाना बनाने वाली सिंगर, डांसर और एक्ट्रेस सपना चौधरी को डॉक्टर की उपाधि दी गई है। मंगलवार को निम्स यूनिवर्सिटी की तरफ से फिलॉसफी में डॉक्टर की मानक उपाधि दी गई। यूनिवर्सिटी के फेलिसिटेशन एंड कल्चरल इवेंट में वह बतौर चीफ गेस्ट पहुंची थीं। यूनिवर्सिटी के चेयरमैन और चांसलर डॉ. बलवीर सिंह तोमर ने घोषणा की कि सपना द्वारा भेजे गए हर मरीज का फ्री में इलाज करेंगे। साथ ही, अधिकतम 50 स्टूडेंट्स को फ्री में पढ़ाएंगे।

### का बा गाने वाली नेहा राठौर यूपी की बहू बनीं



**लखनऊ।** कभी अपने गाने यूपी में का बा से उत्तर प्रदेश की व्यवस्था पर सवाल उठाने वाली नेहा सिंह राठौर अब यूपी की बहू बन गईं हैं। 21 जून को नेहा सिंह राठौर की शादी अंबेडकरनगर निवासी हिमांशू सिंह से हुई। हालांकि, यह शादी लखनऊ नीलांश थीम पार्क में की गई। इसमें मीडिया और नेताओं को दूर रखा गया था। नेहा यूपी विधान सभा चुनाव 2022 के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा में आई थीं। जब उन्होंने यूपी की व्यवस्था को लेकर सवाल उठाया था और अपना एक भोजपुरी गाने की वीडियो रिलीज किया था। इसमें योगी आदित्यनाथ पर भी तीखा हमला किया था।

### स्वाइन फ्लू से भाजपा नेता की मौत, साल की पहली मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब में इस साल स्वाइन फ्लू से पहली मौत का मामला सामने आया है। लुधियाना में 46 साल के एडवोकेट और भाजपा नेता की एच1एन1 वायरस की वजह से जान चली गई। सांस लेने में तकलीफ के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। संदीप किचलू नगर में रहते थे। वह भाजपा के लीगल और लेजिस्लेटिव सेल के को-कन्वेनर थे। 17 जून को उन्हें एच1एन1 संक्रमित पाया गया था। दयानंद मेडिकल कॉलेज ऐंड हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। पंजाब में इस साल स्वाइन फ्लू से पहली मौत है। अस्पताल में अभी स्वाइन फ्लू के दो अन्य मरीजों का भी इलाज चल रहा है। मरीजों में एक शख्स 52 साल का और दूसरा 57 साल का है।

### थाने में घुसकर पांच पुलिसकर्मियों को चाकू से गोदा


**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा साइबर पुलिस थाने में एक सिरफिरे युवक ने पांच पुलिसवालों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें वो बुरी तरह घायल हो गए। घायलों में चार दिल्ली पुलिस के जवान हैं, जबकि एक होमगार्ड का जवान है। मिली जानकारी के अनुसार युवक यहां शिकायत दर्ज कराने आया था, लेकिन उसने अचानक हमला क्यों कर दिया, इस लेकर पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

### जेडीएस विधायक ने प्रिंसिपल को तमाचा जड़ा

**कर्नाटक।** कर्नाटक में जेडीएस विधायक एम. श्रीनिवास ने नलवाड़ी कृष्णराजा वाडियार आईटीआई कॉलेज के प्रिंसिपल नागानंद को तमाचा जड़ दिया। विधायक प्रिंसिपल से कंप्यूटर लैब के डेवलपमेंट के बारे में जानकारी ले रहे थे, लेकिन वे सही जानकारी नहीं दे पाए। इसीलिए उन्हें तमाचा जड़ दिया। पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने नाराजगी जताई है। घटना पर कर्मचारी संघ ने बैठक बुलाई और विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## हरियाणा में नगर परिषद और नगर पालिका चुनावों के नतीजे घोषित

# भाजपा का दबदबा कायम, जजपा-कांग्रेस धराशायी



निकाय चुनाव में भाजपा की जीत पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को मिठाई खिलाते बल्लभगढ़ के विधायक, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

- नप-नपा में भाजपा प्रत्याशियों ने 22 सीट जीतीं
- भाजपा समर्थन से जजपा सिर्फ नपा में दो, जबकि नप में एक सीट जीती
- नप में छह निर्दलीय, नपा में पांच निर्दलीयों ने चुनाव जीता
- नप में आम आदमी पार्टी जीरो, नपा में सिर्फ एक सीट जीती
- कुल 46 सीटों पर हुआ था चुनाव, जिनमें 18 निकाय, 28 निगम शामिल



झज्जर में भाजपा प्रत्याशी ने जीत के बाद कुछ इस इस तरह जीत का जश्न मनाया।

| नगर परिषद | प्रत्याशी जीता | पार्टी |
|---|---|---|
| गोहाना | रजनी विरमानी | भाजपा |
| जींद | अनुराधा सैनी | भाजपा |
| झज्जर | जिले सिंह सैनी | भाजपा |
| बहादुरगढ़ | सरोज राठी | भाजपा |
| चरखी दादरी | बख्शी सैनी | भाजपा |
| कालका | कृष्णलाल लांबा | भाजपा |
| सोहना | अंजू | भाजपा |
| फतेहाबाद | राजेंद्र सिंह | भाजपा |
| कैथल | सुरभि गर्ग | भाजपा |
| पलवल | डॉ. यशपाल | भाजपा |
| हांसी | प्रवीण ऐलावादी | निर्दलीय |
| नरवाना | मुकेश मिर्धा | निर्दलीय |
| नारनौल | कमलेश सैनी | निर्दलीय |
| टोहाना | नरेश बंसल | निर्दलीय |
| भिवानी | प्रीती भवानी सिंह | निर्दलीय |
| होडल | इंद्रेश सौरोत | निर्दलीय |
| नूंह | संजय मनोचा | जजपा |
| मंडी डबवाली | टेकचंद छाबड़ा | इनेलो |

| नगर पालिकाओं में जीत | पार्टी |
|---|---|
| समालखा | भाजपा |
| बरवाला | निर्दलीय |
| नारायणगढ़ | कांग्रेस समर्थित |
| बावल | कांग्रेस समर्थित |
| महेंद्रगढ़ | भाजपा |
| नांगल चौधरी | भाजपा |
| महम | भाजपा-जजपा |
| घरौंडा | भाजपा |
| तरावड़ी | निर्दलीय |
| निसिंग | निर्दलीय |
| असंध | कांग्रेस समर्थित |
| ऐलनाबाद | कांग्रेस समर्थित |
| रानियां | इनेलो समर्थित |
| गन्नौर | भाजपा |
| कुंडली | भाजपा समर्थित |
| सफीदों | निर्दलीय |
| उचाना | निर्दलीय |
| भूना | भाजपा |
| रतिया | कांग्रेस समर्थित |
| चीका | जजपा |
| राजौंद | भाजपा |
| शाहबाद | जजपा-भाजपा |
| लाडवा | भाजपा |
| पेहोवा | भाजपा |
| इस्माइलाबाद | आम आदमी पार्टी |
| साढौरा | भाजपा |
| फिरोजपुर झिरका | भाजपा |
| पुन्हाना | भाजपा |

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**हरियाणा** में हुए नगर परिषद चुनावों के लिए मतगणना के बाद स्थिति साफ हो गई है। 18 नगर परिषदों में से इस बार 10 अध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा हो गया है। इनमें गोहाना, जींद, झज्जर, बहादुरगढ़, चरखी दादरी, कालका, सोहना, फतेहाबाद, कैथल, पलवल में पार्टी के उम्मीदवार जीते हैं। वहीं हांसी, नरवाना, नारनौल, टोहाना, भिवानी, होडल में निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। नूंह में अध्यक्ष पद पर जजपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। मंडी डबवाली में इनेलो समर्थित अध्यक्ष पद पर जीता है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस जीत पर कहा है कि अग्निपथ योजना को लेकर विरोध-प्रदर्शन का चुनाव परिणाम पर कोई असर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह जीत पार्टी के मेहनती कार्यकर्ताओं के समर्पित है।

वहीं पिछले कार्यकाल को देखें तो 13 नगर परिषदों के अध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा था। इस बार तीन निकायों में नुकसान हुआ है। वहीं कांग्रेस को पिछली बार चार निकायों में जीत मिली थी। इस बार कांग्रेस ने पार्टी सिंबल पर चुनाव नहीं लड़ा, प्रत्याशियों को सिर्फ समर्थन ही दिया है। वहीं कालका में पहली बार चुनाव हुआ है।

बीते रविवार 19 जून को हरियाणा में 18 नगर परिषदों और 28 नगरपालिकाओं के मतदान हुए थे। कुल 46 सीटों पर चुनाव हुए। भाजपा ने इनमें से 22 सीट पर जीत हासिल कर ली है, वहीं सहयोगी जननायक जनता पार्टी ने तीन सीट जीती हैं। इसके अलावा 19 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। एक-एक सीट पर आम आदमी पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल को सफलता हासिल हुई है। भाजपा और जजपा गठबंधन ने 46 में से 41 सीटों पर चुनाव लड़ा था। दोनों पार्टियों ने संयुक्त रूप से कुल 25 सीटों पर जीत हासिल की जो कि कुल सीटों का 61 फीसदी है।

नगर परिषद अध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों में गोहाना से रजनी विरमानी, जींद से अनुराधा सैनी, झज्जर से जिले सिंह सैनी, बहादुरगढ़ से सरोज राठी, चरखी दादरी से बख्शी सैनी, कालका से कृष्णलाल लांबा, सोहना से अंजू, फतेहाबाद से राजेंद्र सिंह, कैथल से सुरभि गर्ग और पलवल से डॉ. यशपाल ने जीत दर्ज की है, जबकि निर्दलीयों में हांसी से प्रवीण ऐलावादी, नरवाना से मुकेश मिर्धा, नारनौल से कमलेश सैनी, टोहाना से नरेश बंसल, भिवानी से प्रीती भवानी सिंह, होडल से इंद्रेश सौरोत ने जीत हासिल की। भाजपा की गठबंधन पार्टी नूंह से संजय मनोचा और मंडी डबवाली से टेकचंद छाबड़ा ने जीत हासिल की है।

हरियाणा में 28 नगर पालिकाओं में से 16 में सत्तारूढ़ गठबंधन भाजपा-जजपा के प्रत्याशी चुने गए। पांच नगर पालिकाओं में कांग्रेस समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार अध्यक्ष पद का चुनाव जीते। पांच नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का ताज निर्दलीयों के सिर सजा। आम आदमी पार्टी और इनेलो के प्रत्याशी भी एक-एक नगर पालिका में अध्यक्ष चुने गए। 28 नगर पालिकाओं में मतगणना का काम बुधवार दोपहर तक पूरा हो गया था।

## जजपा-कांग्रेस, आप को निकाय चुनाव में बड़ी शिकस्त



**सुधीर बैसला। चंडीगढ़**

**भारतीय** जनता पार्टी पिछली बार की तरह भले ही निकाय चुनाव में उतना शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी, लेकिन इसके बावजूद सत्तारूढ़ दल ने निकाय चुनावों में अपना दबदबा कायम रखा है। भाजपा के साथ गठबंधन करके चल रही जननायक जनता पार्टी (जजपा), प्रदेश में फिर से उभरने की कोशिश में जुटी कांग्रेस और दिल्ली-पंजाब में सरकार चला रही आम आदमी पार्टी को मुंह की खानी पड़ी है। बुधवार को आए नतीजों ने जजपा, कांग्रेस और आप को आइना दिखाया है। इन तीनों पार्टियों में सबसे ज्यादा मंथन करने की जरूरत जजपा को पड़ने वाली है।

सरकार के साथ साझेदारी के बावजूद जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशियों को उन सीटों पर हार का मुंह देखना पड़ा जहां, मौजूदा समय में जजपा कोटे के मंत्री और विधायक सीट पर बैठे हैं। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि प्रदेश में आने वाले समय में जजपा को अपनी साख बचाए रखने के लिए काफी पापड़ बेलने पड़ेंगे। जजपा के प्रदेश में गिरते ग्राफ के लिए हाल में इनेलो सुप्रीमो एवं प्रदेश के पांच बार मुख्यमंत्री रह चुके ओमप्रकाश चौटाला का फिर से चार साल के लिए जेल जाना माना जा रहा है। ओमप्रकाश चौटाला के फिर से जेल जाने के बाद इनेलो से अलग होकर अस्तित्व में आई जननायक जनता पार्टी के समर्थक काफी निराश हैं।

कांग्रेस की गुटबाजी प्रदेश में प्रसिद्ध है। हालिया राज्यसभा चुनावों में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस के कई दिग्गज भी अपने-अपने प्रत्याशियों को नहीं जितवा पाएं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी, जो कि हरियाणा में बड़े विस्तार के सपने देख रही है, उसे जमीनी स्तर पर मेहनत करने की जरूरत पड़ने वाली है।

# पवार ने दी उद्धव को सलाह, शिंदे को ही सीएम बन लेने दो

## एकनाथ शिंदे बोले- बेमेल गठबंधन से बाहर आना जरूरी

**एजेंसी। मुंबई**

**दो** दिन से सरकार बचा रहे उद्धव अब अपनी पार्टी बचाने के जुगत में हैं। शिंदे ने सरकार नहीं, सीधे पार्टी पर कब्जे की घोषणा कर दी है। शिवसेना ने बुधवार शाम पांच बजे पार्टी विधायकों की बैठक बुलाई थी। उससे 50 मिनट पहले एकनाथ शिंदे ने पार्टी व्हिप को अवैध बता चीफ व्हिप सुनील प्रभु को हटाने की घोषणा कर दी। साथ ही भरत गोगावले को इस पद पर नियुक्त भी कर दिया। साथ ही शिंदे ने विधायक दल के नेता होने का दावा ठोकते हुए 34 विधायकों के समर्थन वाली चिट्ठी राज्यपाल को भेज दी।



साफ है सरकार के साथ पार्टी पर भी कब्जा करने की कोशिश है। शिंदे दावा कर रहे हैं कि उनके पास 46 विधायक हैं। हालांकि, गुवाहाटी में अभी शिवसेना के 35 और दो निर्दलीय विधायक बताए जा रहे हैं। तीन और विधायक महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल के साथ गुवाहाटी के लिए निकल चुके हैं। यानी कुल 40 विधायक।

उद्धव ने शाम को फेसबुक लाइव किया। कहा कि शिंदे सामने तो आएं, सामने आकर कहें कि मुख्यमंत्री पद पर मैं न बैठूं तो मैं सबकुछ छोड़ दूंगा। इस स्पीच के बाद ही शरद पवार उद्धव से मिलने पहुंचे। बताया जा रहा है कि एक घंटे चली मीटिंग में पवार ने उद्धव को सलाह दी है कि शिंदे को ही मुख्यमंत्री बना दो। इस सबके बीच बागी शिंदे ने महाराष्ट्र आने का उद्धव का प्रपोजल ठुकरा दिया है। उन्होंने ट्वीट किया कि अघाड़ी सरकार का गठबंधन ही बेमेल है। इस गठबंधन से शिवसेना कमजोर हो रही है। इससे बाहर आना जरूरी है, क्योंकि इसमें कांग्रेस और राकांपा मजबूत हो रही है। हमें महाराष्ट्र के हित में फैसला लेना है।

शिंदे बागी विधायकों के साथ सूरत से गुवाहाटी पहुंचे हैं। सारे विधायक होटल रेडिसन ब्लू में ठहरे हैं।

## राम की पैड़ी पर पत्नी को किया किस तो लोगों ने पीटा

**अयोध्या।** अयोध्या में राम की पैड़ी पर स्नान करते समय पति ने पत्नी को चूम लिया। यह देख वहां मौजूद कई लोगों ने आपत्ति जताई और कहा कि ऐसी हरकतें यहां नहीं चलेंगी। लोग इतने पर ही नहीं रुके, उन्होंने पति को पहले नहर में घेरकर पकड़ा, फिर घसीटते हुए पानी से बाहर लाए और जमकर पिटाई कर दी। घटना मंगलवार की है। राम की पैड़ी पर मंगलवार को योग-डे पर योगाभ्यास हुआ। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए थे। बताया जा रहा है कि मंत्री के जाने के दो घंटे बाद की यह घटना है। इससे जुड़े दो वीडियो सामने आए। इसमें नहाते समय पति अपनी पत्नी को किस करता दिख रहा है। दूसरे में उसकी पिटाई की जा रही है।

# अफगानिस्तान में भूकंप, 6.1 तीव्रता रही, 1000 लोगों की मौत

### 1500 घायल, पाकिस्तान-भारत में भी झटके महसूस किए

**एजेंसी। अफगानिस्तान**

**अफगानिस्तान** में बुधवार सुबह आए भूकंप से जान माल का भारी नुकसान हुआ है। 6.1 की तीव्रता वाले इस भूकंप से कम से कम 1000 लोगों की जान गई है, जबकि 1500 से ज्यादा घायल हो गए।

भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के खोस्त शहर से 40 किलोमीटर दूर था। दूसरी तरफ, यूरोपियन मेडिटरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर ने बताया कि इस भूकंप का असर 500 किलोमीटर तक के दायरे में था। इस वजह से अफगानिस्तान के साथ



पाकिस्तान और भारत में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

सरकार के प्रवक्ता बिलाल करीमी ने ट्वीट किया- दुर्भाग्य से, कल रात पक्तिका प्रांत के चार जिलों में भीषण भूकंप आया, जिसमें हमारे सैकड़ों देशवासी मारे गए और घायल हो गए और दर्जनों घर तबाह हो गए। हम सभी इमरजेंसी एजेंसियों से अपील करते हैं कि आगे की तबाही को रोकने के लिए इस इलाके में टीमें भेजें।

विस्तृत खबर पेज-09 पर

# ईडी ने मानी सोनिया गांधी की मांग, नई तारीख देगा ईडी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी की मांग मानते हुए उन्हें पेशी से कुछ समय की छूट दे दी है। सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय से आग्रह किया था कि उनकी पेशी की तारीख कुछ हफ्तों के लिए आगे बढ़ा दी जाए, जिसके बाद ईडी ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। सोनिया से अब कब पूछताछ होगी, इसको लेकर ईडी नई तारीख जारी करेगी।

सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी ने सोनिया को नए समन की अगली तारीख अभी तय नहीं की है। इससे पहले कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम



रमेश ने ट्वीट कर कहा, 'सोनिया गांधी को कोविड और फेफड़े में संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद चिकित्सकों ने अब घर पर आराम की सलाह दी है। ऐसे में कांग्रेस अध्यक्ष ने बुधवार को ईडी को पत्र लिखकर कहा कि उनकी पेशी की तिथि को अगले कुछ हफ्तों के लिए बढ़ा दिया जाए जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ न हो जाएं।'

# द्रौपदी मुर्मू भाजपा की राष्ट्रपति प्रत्याशी, विपक्ष में दरार पड़ी

## विपक्ष के कई दल कर सकते हैं मुर्मू का समर्थन

### द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाकर एनडीए ने बड़ा दांव खेला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रपति पद के लिए झारखंड की राज्यपाल रह चुकी द्रौपदी मुर्मू को प्रत्याशी घोषित किया है। आदिवासी समुदाय से आने वाली महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाकर एनडीए ने बड़ा दांव खेला है। इससे उसके अपने कई हित सधते नजर आ रहे हैं। इस मामले पर विपक्ष में भी 'फूट' पड़ रही है। बीजू जनता दल नेता नवीन पटनायक और हम पार्टी के नेता जीतनराम मांझी ने मुर्मू की दावेदारी को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। वहीं, आम आदमी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा भी मुर्मू का समर्थन कर सकती है।

जद(यू) की भूमिका को लेकर भी संदेह जताया जाता रहा था, लेकिन बदली परिस्थिति में नीतीश कुमार भी द्रौपदी मुर्मू का समर्थन कर सकते हैं। इसी तरह के कुछ अन्य दलों के भी मुर्मू के समर्थन में आने की संभावना जताई जा रही है। विपक्षी खेमे के राष्ट्रपति उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के बिहार से आने के कारण माना जा रहा था कि नीतीश कुमार राज्य की 'माटी के लाल'



होने के आधार पर इस मुद्दे पर एनडीए खेमे से अलग रास्ता अपना सकते थे, लेकिन द्रौपदी मुर्मू का नाम सामने आने के बाद उनका गणित गड़बड़ा गया है। जनता दल (यूनाइटेड) नेता नीतीश कुमार ने राष्ट्रपति उम्मीदवार के मुद्दे पर अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

विपक्ष अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए उनकी ओर बड़ी उम्मीद के साथ देख रहा था, लेकिन सरकार के सहयोगी जीतन राम मांझी ने आदिवासी महिला के नाम पर द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी का समर्थन कर दिया है। इससे नीतीश कुमार पर भी मुर्मू का समर्थन करने का दबाव बढ़ गया है। बिहार में भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के मतदाता रहते हैं। नीतीश कुमार उनकी भावनाओं के खिलाफ जाने से बचेंगे। नीतीश की राजनीति महिलाओं के मुद्दों पर केंद्रित रही है। इस कारण भी वे मुर्मू के साथ जा सकते हैं।

आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति उम्मीदवार पर अब तक अपना रुख साफ नहीं किया है। द्रौपदी मुर्मू झारखंड की पूर्व राज्यपाल रह चुकी हैं। राज्य में भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं और सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा की राजनीति भी आदिवासी समुदाय के हितों पर केंद्रित रही है। यही कारण है कि माना जा रहा है कि हेमंत सोरेन भी द्रौपदी मुर्मू का समर्थन देने के लिए सामने आ सकते हैं। उनके अलावा आदिवासी समुदायों की राजनीति करने वाले कुछ अन्य दल भी मुर्मू का साथ देने के लिए विपक्षी खेमे से बाहर आ सकते हैं। जब द्रौपदी मुर्मू अपने लिए समर्थन मांगने का कार्य करना शुरू करेंगी, इस पर तस्वीर साफ हो सकती है।

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 23 जून 2022



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 38.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 27.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सेक्टर-22-23 स्थित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में योग शिविर : 5 बजे
- सेक्टर-सात ई अशोक वाटिका में फिजियोथैरेपी शिविर : सुबह 5 बजे
- डोर टू डोर पोलियो अभियान की शुरुआत : सुबह 9 बजे
- नीलम चौक पर उद्यम रजिस्ट्रेशन कैम्प : सुबह 10:30 बजे
- बीके की ओपीडी शुरू : 8 बजे

**निवेश गुरु**

**जिंदगी** थमती नहीं। तमाम मुसीबतों के बीच आर्थिक और वित्तीय गतिविधियां जारी रहती हैं। यह भी देखा गया है संकट के दौर में लोग ज्यादा बचत और निवेश की ओर से ध्यान देते हैं। पिछले साल कोरोना की ने निवेशकों को परेशान किया था। लेकिन इन तमाम दिक्कतों के बावजूद आप निवेश के कुछ बेहतरीन ऑप्शन अपना सकते हैं। कोविड के इस दौर और भारतीय अर्थव्यवस्था में महंगाई के बढ़ते जाने से बैंकों के टर्म डिपोजिट पर मिलने वाले ब्याज दरों का दम निकल गया है। एफडी पर चार से पांच फीसदी तक ब्याज मिल रहा है। ऐसे में निवेशकों कॉरपोरेट बॉन्ड और सोवरेन बॉन्ड की ओर रुख करना चाहिए, जहां ब्याज इससे ज्यादा है। कॉरपोरेट बॉन्ड में अगर निवेश करना है तो एएए रेटिंग वाले बॉन्ड में ही करें।

**यूटीलिटी न्यूज**

## प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में पांच दिवसीय जिला स्तरीय शिविर जो भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी ,हरियाणा शाखा चंडीगढ़ व फरीदाबाद रेडक्रॉस सोसाइटी के के सहयोग से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की यूथ रेडक्रॉस इकाइयों द्वारा चलाया जा रहा है के आज दूसरे दिन रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य व प्रशिक्षक रतन सिंह आजाद ने स्वयंसेवकों को सीपीआर, पट्टियों के प्रकार व फ्रैक्चर आने पर दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार के बारे में स्वयंसेवकों को सिखाया। वहीं शिविर संयोजक डॉ. जयपाल सिंह जी ने शिविर की शुरुआत में स्वयंसेवकों को रेडक्रॉस के इतिहास की महत्वपूर्ण जानकारी दी व रेडक्रॉस के इतिहास की एक फिल्म भी स्वयंसेवकों को दिखाई, वहीं महाविद्यालय के पर्यावरण प्रवक्ता व महाविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई तीन के काउंसलर लवकेश ने जल संरक्षण जैसे विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय की दूसरी इकाई के काउंसलर सुभाष कैलोरिया जी ने सड़क सुरक्षा के बारे स्वयंसेवकों को बताया।

**क्विक न्यूज**

## दवा स्प्रे के दौरान युवक की मौत

**फरीदाबाद।** खेत में दवाई का स्प्रे कर रहा युवक उसकी चपेट में आ गया। गंभीर अवस्था में उसे बीक सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गांव अलीपुर निवासी ज्ञान सिंह के 27 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र खेतों में दवाई का स्प्रे कर रहा था। इसी दौरान धर्मेन्द्र इसकी चपेट में आकर बेहोश हो गया। खेतों में काम अन्य लोगों ने उसे तुरन्त गंभीर अवस्था में सिविल अस्पताल बादशाह खान में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना तिगांव पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# मनोहर सरकार की उम्मीदों पर पानी फेर रहे हैं निगम अधिकारी

### निगमायुक्त की मेगा अतिक्रमण ड्राइव को लगाया पलीता, कब्जे बरकरार

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**प्रदेश** की मनोहर लाल सरकार शहर की जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पैसा पानी की तरह बहा रही है। वहीं दूसरी तरफ सरकार द्वारा समुचित विकास के लिए नए नए विभागों का गठन किया गया है। जिसके तहत जिले में आधा दर्जन से ज्यादा आइएएस अधिकारी और कई एचसीएस अधिकारी तैनात किये गए है। इन विभागों द्वारा अरबों रुपये खर्च करने के बावजूद आज भी समस्याएं ज्यों की त्यों बरकरार हैं। शहर में मौजूद ज्यादातर समस्याओं के लिए कहीं न कहीं नगर निगम के अधिकारी ही जिम्मेदार हैं। निगम आयुक्त यशपाल यादव ने शहर में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए उचित समय उचित कदम उठाए गए थे। जिसके तहत उन्होंने शहर के नालों से अतिक्रमण हटाकर सफाई करने के लिए मेगा अभियान चलाया था। जिससे अनेक लोगों ने खुद अपने अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिये थे। लेकिन निगम अधिकारियों की कार्यशैली की वजह से निगमायुक्त की योजना फेल हो गई। क्योंकि कहीं अतिक्रमण हटाए तो कहीं छोड़ दिये। नालों की सफाई के नाम पर भी दिखावा ही किया गया। जिसकी वजह से हाल ही में दो दिन आई मामूली बरसात से ही शहर जलमग्न हो गया। अंदाजा लगा सकते हैं कि आने वाले दिनों क्या स्थिति होगी।



एनएच दो-तीन के चौक पर गाद से भरा बरसाती नाला।



बीके चौक पर बना आधा अधूरा नाला।

### आयुक्त की उम्मीदों पर फेरा पानी

**शहर** को बरसात में होने वाले जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलवाने के लिए निगमायुक्त यशपाल यादव उचित समय पर उचित कदम उठाया था। उन्होंने गत दिसंबर 2021 में शहर से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया था। निगमायुक्त की चेतावनी के बाद लोगों ने खुद अपने अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिये थे। इसमें सफलता मिलने पर उन्होंने नालों से अतिक्रमण हटवा कर सफाई करवाने के लिए मेगा अभियान चलाया था। लेकिन निगम अधिकारियों ने कुछ ही जगह पर नालों से अतिक्रमण हटाया था। वहीं नालों की सफाई के नाम पर भी सिर्फ दिखावा ही किया गया था। जहां नालों से अतिक्रमण हटाए गए थे, वहां अब फिर से कब्जे हो गए हैं। ऐसे में नालों की ठीक तरह से सफाई बिना अतिक्रमण हटाए सम्भव भी नहीं है। यदि अधिकारी निगमायुक्त के आदेशों पर मेगा अभियान के दौरान सही तरीके से काम करते तो इस साल बरसात में पहले जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। लेकिन अधिकारियों ने निगमायुक्त की पूरी योजना पर पानी फेर कर रख दिया है। इसका खामियाजा बरसात में इस बार भी लोगों को उठाना पड़ेगा।

### अधूरे नालों पर करोड़ों व्यर्थ

**पिछले** कुछ समय के दौरान बरसाती पानी की निकासी के लिए शहर में नालों के निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च किये गए है। लेकिन निगम अधिकारियों की कार्यशैली के कारण सरकार का सारा पैसा व्यर्थ हो गया है। निगम मुख्यालय के पास बीके चौक से एक आरएमसी नाले का निर्माण किया गया है। लेकिन मेट्रो मोड़ पर पहुंच कर काम बंद कर दिया गया। इसी तरह एनआइटी की सारन स्कूल रोड पर कहीं आरएमसी नाला बनाया गया है तो कहीं छोड़ दिया गया। इसी तरह नीलम बाटा रोड के दोनों तरफ आरएमसी नाले बनाए गए है। लेकिन इससे आगे नाले न बनने से यह कनेक्ट नहीं हो पाए। ऐसे ही हार्डवेयर चौक से गौंछी ड्रेन तक करोड़ों रुपये की लगात से बनाया गया बड़ा नाला भी अन्य नालों से कनेक्ट नहीं किया गया है। वहीं दूसरी तरफ एनएच दो में गोल्फ क्लब की दीवार के साथ बना नाला गाद से भरा हुआ है। इस सड़क के दूसरी तरफ स्थित नाला पूरी तरह अतिक्रमण का शिकार है। शहर के अन्य नालों की भी यहीं स्थित है। ऐसे में बरसात का पानी सड़कों पर बहेगा।



शहर में इसी तरह अतिक्रमण के शिकार हैं नाले।

### सरकारी धन का दुरुपयोग



**समाजसेवी** विष्णु गोयल का कहना है कि बिना योजना के करवाए जाने वाले विकास कार्यो का शहर के लोगों को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हो रहा है। नगर निगम और अन्य एजेंसियों के अधिकारी लोगों के फायदे के लिए नहीं बल्कि निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए विकास कार्य करवा कर लगातार सरकारी धन का दुरूपयोग करते आ रहे हैं। यदि नियमित रूप से नालों की सफाई की जाए तो बरसात में इनके ओवरफ्लो होने की समस्या नहीं होगी।

### कई विभाग पर समस्याएं बरकरार

**लोगों** को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए शहर में नगर निगम और एचएसवीपी कार्य कर रहे हैं। लेकिन शहर में मौजूद विभिन्न तरह की समस्याओं को देखते हुए इन दोनों ही विभागों की कार्यशैली पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं।

ऐसे में शहर को स्मार्ट बनाने में कोई बाधा उत्पन्न न हो, इसलिये सरकार ने पहले स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया। इसके बाद शहर को महानगर घोषित करते हुए एफएमडीए का गठन किया गया। शहर में विकास कार्य करवा रहे सभी विभागों और प्रशासन में करीब आधा दर्जन से ज्यादा आइएएस और इससे अधिक एचसीएस अधिकारी तैनात हैं। चारों ही विभागों की तरफ लगातार विकास करवाने और समस्याओं को दूर करने के दावें किये जा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद समस्याएं कम होने की बजाए बढ़ती जा रही हैं। नगर निगम और एचएसवीपी द्वारा बिना योजना और लापरवाही से करवाए गए विकास कार्यो की वजह से जलभराव की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। स्मार्ट सिटी और एफएमडीए भी इन्हीं के रास्तों पर चल रहे हैं। ऐसे में बरसात में भी वहीं स्थिति होगी।

# मुख्यमंत्री स्वयं कर रहे सीएम विंडो की समीक्षा

### कहा, ऑनलाइन पोर्टल पर आई शिकायतों का निर्धारित समय पर हो निपटारा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सीईओ** जिला परिषद सतेन्द्र दुहन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं सीएम विन्डो और मेरा पानी- मेरी विरासत तथा मेरी फसल- मेरा ब्यौरा की डेलीबेसिज समीक्षा कर रहे हैं। सतेन्द्र दुहन ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी ऑनलाइन पोर्टल पर आई शिकायतों का निर्धारित गम्भीरता के साथ समय पर निपटारा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समीक्षा बैठक में विभाग वार की समीक्षा आन लाइन आई शिकायतों समीक्षा करके शिकायत से सम्बंधित अधिकारियो को दिशा-निर्देश भी दिए।



बैठक को सम्बोधित करते सीईओ जिला परिषद सतेन्द्र दुहन।

सीईओ जिला परिषद सतेन्द्र दुहन बुधवार को सभी विभागों के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन आई शिकायतों के निपटान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियो को विशेष दिशा निर्देश देते हुए सीएम विन्डो, सीपी ग्राम और एस एमजीटी के पेंडेंसी को तुरंत क्लियर करने के लिए भी कहा। उन्होंने ऑनलाइन आए सभी को आवेदनों पर नजर रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सीएम विन्डो, सीपी ग्राम और एसएमजीटी के बारे में नियमित रूप से डेली बेसिज पर निपटाया जाने बारे भी हिदायतें दी। उन्होंने कहा कि समय पर ऑनलाइन आई शिकायतों के निपटन न करने वाले विभागों के अधिकारी, प्रतिनिधि को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। जिसमें उन्होंने सीएम विंडो पर लम्बित लम्बे समय से पड़ी शिकायतों के निराकरण के सम्बंध में दिशानिर्देश भी विभाग वार सम्बंधित अधिकारी को दिए।

नगराधीश नसीब सिंह ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी उनके विभागों से सम्बंधित ऑनलाइन आई शिकायतों का निपटारा निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। जो ऑनलाइन पर आई शिकायतों का निपटान सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार निर्धारित समय पर नही कर पाते उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में सीटीएम नसीब कुमार, नगर निगम के ज्वाइंट कमीशनर डाक्टर नरेश कुमार, इन्दरजीत कुल्हड़िया, डीसीपी सतपाल सिंह, आरटीए, सीमजीजीए करन कपूर, तहसीलदार नेहा सारण आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अग्निवीर नियुक्ति में संशोधन की जरूरत : डॉ. तिवारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारतीय** प्रवासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय तिवारी ने भारत देश के अन्य राज्यों में हो रहे उत्पाद पर चिंता जताते हुए कहा की यदि सरकार ने अग्निवीर की नियुक्ति निकाली है जो उस नियुक्त में जो खामियां है, उसे अविलंब संशोधन कर फिर से नियुक्ति निकालना और भारत देश के युवाओं को संतुष्ट करना उनका दायित्व है।



डॉ. अजय तिवारी।

बड़े दुख के साथ डॉ. अजय तिवारी ने कहा कि जहां आज भारत देंश में पार्षद के चुनाव के लिए हाई स्कूल तक की पढ़ाई जरूरी है। वही विधायक और सांसद अंगूठा छाप अपना पद पा रहे हैं। क्या विधायक और सांसद के लिए स्नातक की पढ़ाई की जरूरत नहीं है। यदि सरकार को लगता है कि जरूरत हैं तो इस पर भी संशोधन की जरुरत हैं। क्योंकि सांसद और विधायक का पद बहुत्त जिम्मेदारी वाला पद है जो पढ़े लिखे होंगे तो अपशब्द का प्रयोग नहीं करेंगे और अग्निवीर की नियुक्ति में जिन अभ्यर्थियों को नियुक्त किया जा रहा है। उनके पेंशन की भी व्यवस्था होनी चाहिए। क्योंकि विधायक और सांसद 5 साल तक के लिए बनता है और 5 साल के बाद आजीवन पेंशन पाने का अधिकारी बन जाता है। इसलिए यदि अग्निवीर की नियुक्ति 4 साल के लिए हो रही है तो उन्हें भी पेंशन का लाभ मिलना चाहिए। क्योंकि अग्निवीर के नियुक्त सिपाही ही देश की रक्षा समाज की सुरक्षा के लिए अपने परिवार को छोड़कर बॉर्डर पर भारत देश के दुश्मनों से लड़ने का काम करता है। इनके परिवार की सुरक्षा व पालन सरकार की जिम्मेदारी है। शायद इसीलिए नौजवान विरोध कर रहा है पर मैं डॉक्टर अंजय तिवारी भारत्तीय प्रवासी परिषद का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते या भारत देश का वासी होने के नाते नौजवानों से युवाओं से अपील करता हूं अपनी मांग शांतिपूर्ण ढंग से करने का प्रयास करें। ऐसा ना हो राष्ट्रीय संपत्ति का नुकसान का परिणाम आप को भुगतना पड़े। क्योंकि रेल रोकना बस जलाना जनमानस की परेशानियों को बढ़ाना किसी के लिए शोभा नहीं देता। इसलिए युवाओं को इस बात का भी ध्यान रखना होगा।

# शतरंज प्रतियोगिता में रतन कान्वेंट ने मारी बाजी

### छात्रा को पुरस्कृत और प्रोत्साहित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रतन** कान्वेंट स्कूल की छात्रा वंशिका ने हर बार की तरह हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप 2022 में शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने माता-पिता, विद्यालय और अपने राज्य का नाम रोशन करते हुए 16 वर्ष की आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 14 वर्षीय कक्षा 6 की छात्रा वंशिका ने इस प्रतियोगिता में तीव्र बुद्धि कौशल से यह स्थान प्राप्त किया।

छात्रा वंशिका ने अपनी इस जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस जीत का श्रेय अपने माता - पिता तथा विद्यालय को दिया। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार जी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उचित मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण के कारण ही वह ये मुकाम हासिल कर पाई हैं।



प्रतियोगिता में जीतने वाली वंशिका।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी छात्रा कि इस जीत पर खुशी जाहिर की तथा प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। दुनिया का ऐसा कोई मुकाम नहीं, जिसे मेहनत से हासिल न किया जा सके। हम छात्रा वंशिका की ही तरह सभी छात्र-छात्राओं को भविष्य में खेल व संस्कृति सम्बन्धी प्रतियोगिताओ में आवश्यक उपकरणों को उपलब्ध कराकर उनकी रूचि व रुझान को प्रोत्साहित करेंगे। छात्रा वंशिका की इस सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन यशवीर सिंह डागर ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रा को पुरस्कृत और प्रोत्साहित किया तथा इस प्रकार के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि-अन्य छात्र- छात्राओं को भी वंशिका से सीख लेनी चाहिए।

# विश्व योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** राजमार्ग एनएच-2 स्थित एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स के प्रांगण में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत के तीन बार उच्चारण के साथ कि गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील दलाल ने की। सनातन धर्म मे आदिकाल से ही योग और उससे जुड़े क्रियाकलापों के विषय में बताया गया है।



विश्व योग दिवस पर एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स में योग करते योगाचार्य ललित।

सुखासन, सूर्यासन, ताड़ासन, भ्रामरी, अनुलोम विलोम, कपालभाति और पद्मासन आदि आसनों का अभ्यास कराया गया। संस्था की छात्रा चंचल, खीरसागर, एवम सुदेश ने भी विभिन्न योगासन मुद्राएं विद्यार्थियों के लिए प्रस्तुत की। जैसा कि विदित है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस अवसर पर आरएस फाउंडेशन से आये योग शिक्षक ललित कुमार और उनकि टीम के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। संस्थान के चेयरमैन ने सभी विद्यार्थियों एवम अध्यापकों को योगा दिवस की शुभकामनाएं दी। आये हुए योगाचार्य ललित ने कहा कि योग ही स्वस्थ जीवन जीने की पहली प्राथमिकता है। योग विद्या भारत की ओरचीं विधा है जिसे सारे संसार ने सर्वश्रेष्ठ मां लिया है। अंतररष्ट्रीय योग दिवस का सम्पूर्ण विश्व मे मनाया जाना भारत की विरासत की सर्वश्रेष्ठता का प्रमाण है।

आरएस योगा संस्थान के प्रबंधक फतेराम शर्मा ने कहा कि आज वर्तमान समय में मनुष्य की जिंदगी में विभिन्न प्रकार के तनाव हैं जिसने कई ऐसे रोग उसे लग जाते हैं जिनका इलाज संभव नही है। ऐसे में ये बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम योग पद्धति को अपने जीवन मे आत्मसात करें। आज के ही दिन नहीं बल्कि हर दिन योग करने का संकल्प लें। इस अवसर पर प्राचार्य एजुकेशन डॉ लक्ष्मी शर्मा, रजिस्ट्रार दिव्या वर्मा, कृष्ण, कवि ग्रोवर, नवीन गुप्ता, सभी विभागाध्यक्ष संस्थान में कार्यरत सभी अध्यापकगण एवम विद्यार्थी उपस्तिथ रहे। तथा सभी ने जीवन मे योग करने का संकल्प लिया।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

तुझे तो सब पता होता ही है दुनिया के रखवाले
नहीं सुनता है कोई दर्द में डूबे हुए नाले
नहीं शिकवा किसी से कुछ नहीं अब आँख में आँसू
व्यथा सब कह रहे हैं पाँव के रिसते हुए छाले

# अपनों को याद रखने का रक्तदान बेहतर तरीका

### परिवार के सदस्यों और दोस्तों ने 40 यूनिट रक्तदान किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नीरू** भाटिया जो संस्था से पिछले काफी वर्षो से जुड़ी हुई है। नीरू भाटिया ने अपने पति डिंपल भाटिया को दो वर्ष पहले खो दिया था। उनकी याद में थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए एक रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुद्वारा गुजरात ट्रैन फरीदाबाद में किया।

नीरू भाटिया ने न केवल लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया खुद भी रक्तदान किया और उनकी बिटिया ऐश्वर्या भाटिया ने अपने पापा की याद में और भाई सुनील भाटिया ने अपने भाई की याद में रक्तदान किया। नीरू भाटिया का मानना है अपने से बिछड़ों को सही मायनों में अपने करीब रखना किसी को जीवन देकर ही रखा जा सकता है। यही एक सच्ची श्रद्धांजलि है। रक्तदान शिविर में स्वर्गवासी डिंपल भाटिया के परिवार के सदस्यों और उनके दोस्तों ने मिलकर 40 यूनिट रक्तदान किया। रोटरी ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त एकत्र किया गया, जहा से थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों को नि:शुल्क रक्त मिल भी जायेगा। रोटरी थैलासीमिया यूनिट में नि:शुल्क चढ़ भी जायेगा। नीरू भाटिया ने बताया की पिछले वर्ष भी स्वर्गीय डिम्पल भाटिया की पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया था। आगे भी स्वर्गीय डिंपल भाटिया की पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन करती रहेगी।



एनएच पांच स्थित गुरुद्वारा में आयोजित शिविर में रक्तदान करती समाजसेवी।

रक्तदान शिविर में फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के प्रधान हरीश रतरा, महासचिव रविंद्र डुडेजा ने रक्तदाताओं को विस्तार से रक्तदान के बार में बताया। उन्होंने रक्तदाताओं बताया कि उन्ही कारण ही आज थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों को बड़े ही आराम से रक्त मिल रहा है। सभी रक्तदाताओ को रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद हेरिटेज की तरफ से छाते उपहार स्वरूप दिए गए। क्लब के प्रधान शिव कुमार गुप्ता ने बताया कि छाता जो सुरक्षा का प्रतीक है, थैलासीमिया ग्रस्त बच्चे रक्तदाताओ की छत्रछाया में सुक्षित है।

रक्तदान शिविर में समाज सेवक मनमोहन गुप्ता, समाज सेवक राजू भाटिया, समाज सेवक कैलाश गुगलानी, समाज सेवक दिलीप खत्री, फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के प्रधान हरीश रतरा, महासचिव रविंद्र डुडेजा, सदस्य जेके भाटिया, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद हेरिटेज के प्रधान शिव कुमार गुप्ता और डीबी गर्ग, रोटरी ब्लड बैंक के ट्रस्टी और उप प्रधान दीपक प्रशाद और डॉ. अंजू गुप्ता, समाज सेवक उजागर सैन भाटिया, खुशी एक एहसास के संस्थापक अजय चावला व् उनके साथी, अरुण भाटिया, अधिवक्ता तरुण भाटिया की गरिमामय उपस्तिथि रही।

# निस्वार्थ सेवा ट्रस्ट का योग साधना कैंप



सेक्टर 11 स्थित छोटू राम पार्क में योग साधना शिविर में गणेश वंदना करते साधक।

**फरीदाबाद।** छोटू राम पार्क सेक्टर 11 में निस्वार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा योग साधना शिविर लगाया गया। जिसमें सेक्टर के लोगों ने भाग लिया।

कर्मचंद शर्मा द्वारा गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अर्चना द्वारा वंदे मातरम व योग गुरु गजेंद्र भारद्वाज द्वारा सभी को योग साधना कराए गए। योग गुरु गजेंद्र भारद्वाज ने बताया पहला सुख निरोगी काया। मनुष्य का शरीर स्वस्थ है तो उसका मन प्रसन्न है। यदि आपका शरीर स्वस्थ नहीं तो आपका किसी कार्य में जी नहीं लगेगा। योग के तपोबल पर ऋषि मुनि स्वस्थ रहते थे। आज अगर हम अपनी दिनचर्या में योग को स्थान दे तो हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तनुज कोठारी द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया।

# लापरवाही: खुले में डाल दी जाती हैं नशीली और प्रतिबंधित दवाएं

कविता। फरीदाबाद





ड्रग कंट्रोल विभाग के दफ्तर का टूटा गेट। ड्रग कंट्रोल विभाग के भीतर पेड़ के नीचे पड़ी सील पैक दवाइयां। बीके अस्पताल में कचरे के ढेर पर पड़ी सील की गई दवाइयां।

**जिला** ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण कभी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। क्योंकि विभाग के दफ्तर का गेट टूटा हुआ है और छापेमारी के दौरान सील करके लाए गए सैम्पलों को दफ्तर परिसर में पेड़ के नीचे डाल देते हैं। जहां दवाइयों और जांच के लिए लाई जाने वाली अन्य चीजों का ढेर लगा हुआ है। पेड़ के नीचे यह सैम्पल काफी समय से देखे जा रहे थे। लेकिन गत रविवार को इन सैम्पलों को नष्ट करने की बजाए उठाकर बीके अस्पताल परिसर में कचरे के ढेर में डाल दिया गया। विभाग इस तरह की लापरवाही का खामिया किसी बेकसूर को उठाना पड़ सकता है।

जानकारी के मुताबिक बीके सिविल अस्पताल परिसर में जिला ड्रग कंट्रोल विभाग का दफ्तर सीएमओ आवास के पास बना हुआ है। जहां से लगातार अधिकारी जिलेभर में अवैध रूप से बिक रही नशीली और प्रतिबंधित दवाओं के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजते हैं। वहीं एक्स्ट्रा मिली दवाओं को सील कर लेते हैं। इन दवाओं को बाद में कार्यालय तक पहुंचा देते हैं, लेकिन इन सील की हुई प्रतिबंधित और नशीली दवाओं का क्या होता है। इस पर विचार किया जाए। शायद यह किसी को पता नहीं है कि इन सील की दवाओं का क्या करना है। इसलिए ही शायद यहां सील की दवाइयां कचरे के ढेर में पहुंच गई। ऐसा ही कुछ बीके अस्पताल परिसर में देखने को मिला।

**कचरे में पहुंची दवा :** ड्रग कंट्रोल विभाग के दफ्तर में एक पेड़ के नीचे 15 दिन पहले सील की दवाइयां काफी मात्रा में पड़ी थीं। वहीं कुछ दिनों बाद वह दवाइयां बीके अस्पताल के कचरे में डाल दी गईं। यह सील बंद दवाइयां कचरे के ढेर तक पहुंच गई। वहीं दूसरी तरफ जब इस विषय में ड्रग कंट्रोल विभाग के दफ्तर में पता करना चाहा, तो वहां किसी को नहीं पता था। खास बात यह देखने को मिली कि यहां जिस पेड़ के नीचे दवाइयां रखी थी, उसके आंधी में टेड़ा होने से यहां का गेट भी टूटा हुआ नजर आया। ऐसे में टूटे गेट के कारण तो दवाइयां कचरे में नहीं फेंक दी गई। इसका जबाब 15 दिनों तक कहीं से नहीं मिला।

## लूट की योजना बनाते हुए दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने लूट की योजना बनाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आकाश और दौलत नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी आकाश बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी का दूसरा आरोपी दौलत आदर्श नगर कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को सेक्टर 62 सुनपेड रोड से लूट की योजना बनाते हुए लोहे के दो सरिया सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना आदर्श नगर में लूट की योजना बनाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी नशे करने का आदी है। नशे की पूर्ति के लिए चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व ड्रग दिवस पर कॉलेज छात्राओं ने निकाली विशाल रैली

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली, फरीदाबाद में विश्व ड्रग दिवस पखवाड़ा 12 से 26 जून के अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। विश्व ड्रग कमेटी के नोडल अधिकारी डॉ. सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि नशे के विरुद्ध विशेष जागरुकता अभियान चलाने के लिए एनएसएस, रेडक्रॉस, वूमेन सैल तथा अन्य सभी स्वयंसेवी छात्राओं ने एक रैली निकाली। रैली में छात्राओं ने शपथ ली कि वे सभी इस नशा रूपी जीवन निगलने वाले दानव को समाज से समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी। नचौली महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनिधि ने सभी छात्राओं तथा स्टाफ सदस्यों को स्वयं नशे से दूर रहने, अपने सगे संबंधियों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने के लिए कहा। प्राचार्य डॉ. सुनिधि ने रैली को हरी झंडी दिखाने से पहले कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से नशा मुक्त भारत के सपने को साकार किया जा सकता है। मंच संचालन डॉ. दिनेश जून ने करते हुए छात्राओं को नशे से दूर रहने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को प्रेरित किया। डॉ. एसएस गुलिया एसोसिएट प्रोफेसर, ममता भारद्वाज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. राकेश कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, कांता देवी, असिस्टेंट प्रोफेसर तथा सतीश, दीपक, सुमित, पवन तथा पंकज ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुमूल्य योगदान दिया।

### रविंद्र फागना ने तीन रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट ग्राउंड सोहना गुरुग्राम में प्रैक्टिस मैच खेला गया। मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने गुलाब क्रिकेट अकादमी को तीन रन से हराया। मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.3 ओवर में 10 विकेट पर 160 रन बनाए। धर्मेंद्र ने 36 रन, नित्यंत ने 30 रन, रोहित ने 28 रन बनाए। गुलाब क्रिकेट अकादमी के दिव्यांशु ने तीन विकेट, निशांत और प्रणव ने दो -दो विकेट, तन्मय और विनय ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुलाब क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में 6 विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दीपांशु ने 47 रन, तन्मय ने 39 रन बनाए। रविंद्र फागना के फरजंद ने 3 विकेट, समर, हिमांशु और कृष ने एक-एक विकेट ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार फरजंद को दिया।

### शोरूम से कपड़े चुराने वाला गिरफ्तार, ढाई लाख रुपये बरामद

**फरीदाबाद।** शोरूम से कपड़े चोरी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच सेंटर प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी सचिन बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी का रहने वाला है। बल्लभगढ़ की सांवरिया मार्केट में कपड़ों के शोरूम पर आरोपी पिछले 8-10 साल से नौकरी करता था। आरोपी सुबह जल्दी आकर दुकान खोलता था। आरोपी सुबह शोरूम की लाइट बंद कर शोरूम से कपड़े निकाल कर बेच देता था। शोरूम मालिक ने जिसकी शिकायत थाना सिटी बल्लभगढ़ में दी थी। थाना सिटी बल्लभगढ़ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। आरोपी पिछले कई दिनों से बीमारी का बहाना बनाकर शोरूम पर आने से बंद हो गया था। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। आरोपी से कपड़े बेचने के पैसों में से 250000 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### अग्रवाल वैश्य समाज यूपीएससी चयनितों का करेगा सम्मान

**फरीदाबाद।** अग्रवाल वैश्य समाज फरीदाबाद की बैठक सेक्टर-64 स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री केदारनाथ अग्रवाल ने की। बैठक में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, जिलाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, मुकेश मंगला, ओमप्रकाश गर्ग सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक में संगठन के कार्यकलापों की चर्चा करते हुए हाल ही घोषित हुए यूपीएसपी की परीक्षा परिणाम में वैश्य समाज की महक जैन, तरुण गोयल, अर्चिता मित्तल व आशिमा गोयल को बेहतरीन प्रदर्शन करने पर बधाई दी। इसके बाद सर्व सम्मति से निर्णय लेते हुए 26 जून रविवार को वाईएमसीए चौक स्थित होटल ग्रांड हाईवे में यूपीएससी प्रत्याशियों का एक सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें महक जैन, तरूण गोयल, अर्चिता मित्तल व आशिमा गोयल सहित परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री केदारनाथ अग्रवाल ने कहा कि इन प्रत्याशियों से समाज के अन्य बच्चों को प्रेरणा लेकर सफल होने चाहिए। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि भी इस बार यह चारों बच्चे होंगे। जिलाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने कहा कि हमें महक जैन, तरूण गोयल, अर्चिता मित्तल व आशिमा गोयल पर गर्व है कि इन बच्चों ने समाज का नाम जिले में ही नहीं बल्कि देशभर में ऊंचा किया है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए वैक्सीन जरूरी : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। वैक्सीनेशन अभियान के तहत समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर आयोजित वैक्सीनेशन कैम्पों में 100101 लोगों को बूस्टर डोज वैक्सीन भी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल पहली व दूसरी डोज सहित कुल 4071984 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे एसएमओ डॉ. मान सिंह ने बताया कि बुधवार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला के वैक्सीनेशन केन्द्रों पर 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 1365080 लोगों को पहली और 1118268 लोगों को दूसरी और 19989 लोगों को बूस्टर डोज दी गई।

# नगर निगम क्षेत्र के मतदाताओं की सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### 45 वार्डों के लिए 13 लाख 5539 वोटर चुनेंगे शहर की छोटी सरकार



नगर निगम मुख्यालय का गेट।

**उपायुक्त** कम जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार नगर निगम चुनाव के लिए मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन कर दिया है। एमसीएफ की मतदाता सूची का विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मौजूदगी में फाइनल प्रकाशन किया गया था। इस बार नगर निगम चुनाव में 13 लाख 5539 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर शहर की सरकार चुनेंगे। इनकी संख्या बढ़ भी सकती है।

डीसी जितेन्द्र यादव ने बताया कि शहर की सरकार चुनने में 07 लाख 20088 पुरुष, 05 लाख 85399 महिलाएं और 52 थर्ड जेन्डर अपना योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर गत 11 मई को एमसीएफ की इलेक्ट्रोल का फाइनल प्रकाशन किया गया था। दावे और आपत्तियों का निपटारा 26 मई तक पूरा कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि एमसीएफ के 45 वार्डों के लिए अलग-अलग एचसीएस रैंक के अधिकारियों को पुनरीक्षण के तौर पर नियुक्त किया गया था। चुनाव के लिए वार्ड बंदी में मतदाताओं के वोटों के बूथों की वोटर लिस्ट तैयार की गई है।

आपको बता दें कि वार्ड नंबर एक में पुरुष 13872 व महिला 11534, वार्ड नंबर दो में 18823 व महिला 12719, वार्ड नंबर तीन में पुरुष 9283 व महिला 7551, वार्ड नंबर चार में पुरुष 24464 व महिला 19120, वार्ड नंबर पांच पुरुष 16454 और महिला 11606, वार्ड छह पुरुष 25039 व महिला 19640, वार्ड नंबर सात पुरुष 7645 व महिला 5887, वार्ड नंबर आठ पुरुष 9099 व महिला 6959, वार्ड नंबर नौ पुरुष 10953 व महिला 8061, वार्ड दस पुरुष 20468 व महिला 16392, वार्ड नंबर ग्यारह पुरुष 20789 व महिला 17233, वार्ड नंबर बारह पुरुष 15829 व महिला 12856, वार्ड नंबर तेरह पुरुष 17849 व महिला 16153, वार्ड नंबर चौदह पुरुष 14779 व महिला 11400, वार्ड नंबर पंद्रह पुरुष 19125 व महिला 17105, वार्ड नंबर सोलह पुरुष 17487 व महिला 15035, वार्ड नंबर सत्रह पुरुष 9454 व महिला 8361, वार्ड नंबर अट्ठारह पुरुष 9032 व महिला 7041, वार्ड नंबर उन्निस पुरुष 18217 व महिला 14932, वार्ड नंबर बीस पुरुष 11699 व महिला 10117, वार्ड नंबर इक्कीस पुरुष 9443 व महिला 7644, वार्ड नंबर बाईस पुरुष 12359 व महिला 9358, वार्ड नंबर तेईस पुरुष 17526 व महिला 13811, वार्ड नंबर चौबीस पुरुष 21659 व महिला 16870, वार्ड नंबर पच्चीस पुरुष 24968 व महिला 18969, वार्ड नंबर छब्बीस पुरुष 10500 व महिला 8022, वार्ड नंबर सत्ताईस पुरुष 15363 व महिला 12032, वार्ड नंबर अट्ठाईस पुरुष 127063 व महिला 9725, वार्ड नंबर उनतीस पुरुष 16700 व महिला 11801, वार्ड नंबर तीस पुरुष 15323 व महिला 13763, वार्ड नंबर इक्तीस पुरुष 6720 व महिला 5329, वार्ड नंबर बत्तीस पुरुष 10815 व महिला 8274, वार्ड नंबर तेंतीस पुरुष 20745 व महिला 17088, वार्ड नंबर चौंतीस पुरुष 17236 व महिला 15485, वार्ड नंबर पैंतीस पुरुष 14106 और महिला 12885, वार्ड नंबर छत्तीस पुरुष 11711 व महिला 10527, वार्ड नंबर सैंतीस पुरुष 18567 और महिला 16162, वार्ड नंबर अड़तीस पुरुष 20066 व महिला 17617, वार्ड नंबर उनतालीस पुरुष 24702 और महिला 2626, वार्ड नंबर चालीस पुरुष 14948 व महिला 13136, वार्ड नंबर एकतालीस पुरुष 29876 व महिला 24564, वार्ड नंबर बायलीस पुरुष 15336 व महिला 12256, वार्ड नंबर तैंतालीस पुरुष 21629 व महिला 16732, वार्ड नंबर चौवालीस पुरुष 11170 व महिला 9174, वार्ड नंबर पैंतालिस पुरुष 15497 व महिला 13802 मतदाता शामिल है।

## खेतों में हाइटेंशन लाइन को लेकर मंत्री से मिले विधायक



किसानों की मांग को लेकर बिजली मंत्री रणजीत सिंह को ज्ञापन देते तिगांव के विधायक राजेश नागर और अन्य।

### विधायक राजेश नागर एवं नयनपाल रावत के साथ गांवों के किसान भी रहे मौजूद

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र के गांवों तिगांव, दयालपुर, सदपुरा और बुखारपुर के खेतों में खींचे जा रहे हाईटेंशन बिजली के तारों के रूट और मुआवजा की मांग को लेकर विधायक राजेश नागर एवं नयनपाल रावत ने बिजली मंत्री रणजीत सिंह से मुलाकात की।

उन्होंने मंत्री को बताया कि इन किसानों के पास छोटी छोटी जमीनों के टुकड़े पड़े हैं जिनपर बिजली निगम 400 किलो वाट और 220 किलोवाट लाइन डाल रहा है। किसानों की मांग है कि खेतों में पोल लगने के बाद लाइनों से 100-100 फुट दूरी तक कोई खेती आदि के कार्य नहीं हो सकेंगे जिससे उन्हें यथासंभव उनके खेतों को बचाया जाए और जिन खेतों से लाइन गुजरे, उन किसानों को भरपूर मुआवजा दिया जाए। उन्होंने मंत्री रणजीत सिंह को बताया कि किसानों को डीसी रेट के बजाय मार्केट रेट से मुआवजा दिया जाए जिससे कि उनकी आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी हो सके। विधायक राजेश नागर ने कहा कि किसानों को राहत मिलने तक बिजली लाइन डालने के काम को रोका जाए। इस पर मंत्री रणजीत सिंह ने अधिकारियों संग दोनों विधायकों की बैठक करवाकर हल निकलवाने की बात कही। उन्होंने दो दिन में बैठक करवाने की जिम्मेदारी बिजली निगम के सीएमडी सत्यप्रकाश को सौंपी।

विक्रम प्रताप सिंह, सतबीर खलीफा, वेदराम, राज नागर नवादा, करण सिंह, भज्जी दयालपुर, बच्चू, गोविल, भगत सिंह दयालपुर, शेरपाल बुखारपुर, सूरजमल, रामपाल, अरविंद, रवि पाल, सोनू, योगेश एडवोकेट, रवि आजाद आदि मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ने खुशी एक एहसास को भेंट की वैन




**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ग्रेटर की वार्षिक शुक्राना कार्यक्रम का आयोजन क्लब प्रेजिडेंट व उनकी टीम ने फरीदाबाद के पांच सितारा होटल विवांता ताज में भव्य रूप से आयोजित किया। जहां क्लब और डिस्ट्रिक्ट टीम के कई गणमान्य सदस्यों ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगाए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3011 रोटेरियन अनूप मित्तल व श्रुति मित्तल ने दीप जलाकर शुभारम्भ किया। क्लब प्रेजिडेंट रोटेरियन नरेश मलिक व रजनीश मलिक, हिमांशु मलिक, अंजू श्रीवास्तव, क्लब सचिव रोटेरियन दलीप वर्मा व मीनू वर्मा, क्लब कोषाध्यक्ष रोटेरियन एसपी श्रीवास्तव व पूनम श्रीवास्तव ने सभी मौजूद सदस्यों का स्वागत और शुक्रिया किया। कार्यक्रम का पूर्ण संचालन पूर्व प्रधान रोटेरियन धीरेन्द्र श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में क्लब द्वारा पूरे वर्ष समाज के लिए किये गए कार्यों की चर्चा हुई और मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनूप मित्तल ने क्लब की सराहना की और आगे भी इसी प्रकार समाज में अपनी भागीदारी जारी रखने की अपील की। अंतर्गत रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ग्रेटर और मंशा ग्रुप की ओर से एक सामाजिक प्रोजेक्ट के तहत खुशी एक एहसास एवं टेन स्माइल्स फाउंडेशन संस्था को जरुरतमंद बच्चों को मुफ्त खाना बांटने के लिए रोटरी जिला गवर्नर रोटेरियन अनूप मित्तल एवं श्रुति मित्तल मित्तल, डिस्ट्रिक्ट 3011 के पदाधिकारियों व क्लब सदस्यों की उपस्थिति में मोबाइल वैन प्रदान की गई।

# बीके : फ्रीजर से शव निकाल रहे कर्मचारियों को लगा करंट

### बुधवार की सुबह मोर्चरी के बाहर मृत मिली एक गाय

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल की मोर्चरी में मौजूद फ्रीजर खराब है, वहीं जो चालू है, उनमें पिछले कुछ समय से करंट आ रहा है। बरसात के दिनों में मोर्चरी में रखे फ्रीजरों में करंट की शिकायते कर्मचारियों के द्वारा की जा रही है। लेकिन इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

बुधवार को भी कर्मचारियों को यहां करंट लगने लगा। जिस पर कर्मचारियों ने बिजली कट करने के बाद शवों को फ्रीजर में रखने और बाहर निकालने का काम किया। वहीं मोर्चरी के बाहर एक बुधवार को एक गाय मृत अवस्था में मिली। सुबह ड्यूटी पर पहुंचे कर्मचारियों ने मृत गाय को मारेचरी के निकट पड़ा देख अधिकारियों को सूचना दी। अधिकारियों की सूचना पाकर निगम की टीम गाय के शव को मौके से उठा कर ले गई।

**लग रहा करंट:** मोर्चरी में काम के दौरान कर्मचारियों को फ्रीजर से करंट लगने लगा। जिस पर कर्मचारियों ने इलेक्ट्रीशियनों को इसकी सूचना दी। लेकिन करंट आने की सूचना पर उन्हें फ्रीजर की बिजली कट करके वहां से मृतक शवों को निकलाने और अंदर रखने के लिए कह दिया गया। लेकिन बरसात में फ्रीजर में करंट बढ़ गया। बुधवार सुबह जब कर्मचारी पहुंचे, तो उन्हें करंट लग गया।

कर्मचारियों ने बताया कि इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। करंट से कोई बड़ा हादसा कर्मचारियों के साथ घटित हो सकता है। सुबह यहां गाय भी मरी हुई मिली है। शायद गाय रात में करंट बढ़ने के कारण नहीं मरी।

## गाय चोरी करता तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना सदर बल्लभगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने एक गौ तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी इलियास नहूं जिले के लहखाडी गांव का रहने वाला है। पुलिस टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी को थाना सदर बल्लभगढ़ के एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर आईएमटी से आवारा गायों को पिकअप गाड़ी में भरकर गांव डीग के रास्ते से मेवात गो कशी के लिए ले जा रहे थे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़े पत्थर दे रहे हैं हादसों को न्योता

### रात के समय पत्थरों के कारण दुर्घटना की है अधिक संभावना

विवेक सिंह। बल्लभगढ़



नेशनल हाइवे पर पड़े पत्थर और मिट्टी का ढेर।

**दिल्ली**-मथुरा रोड पर बल्लभगढ़ बस स्टैंड के निकट चल रहा निर्माण कार्य राजमार्ग से गुजरने वाले लोगों की परेशानियों का सबब बना हुआ है। चल रहे निर्माण कार्य के दौरान बड़े-बड़े पत्थर सड़क पर ही छोड़ दिए गए हैं। जिससे तेज रफ्तार वाहनों के टकरा जाने का डर बना रहता है। अगर समय रहते इन्हें रास्ते से नहीं हटाया गया, तो जल्द ही कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

हाल ही में अंतराष्ट्रीय थिंक टैंक सिटी मेयर्स फाउंडेशन सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार फरीदाबाद को शहरीकरण के मामले में विश्व का आठवां सबसे तेजी से बढ़ता हुआ शहर घोषित किया गया था। यहीं वजह है कि यहां लगातार निर्माण कार्य चलता रहता है। जोकि शहर के स्मार्ट सिटी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी भी है। लेकिन निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों के ध्यान ना देने के कारण बड़े-बड़े पत्थर हाईवे पर ही छोड़ दिए जाते हैं। यह निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों की लापरवाही को ही दिखाता है। अगर हाईवे पर पड़े पत्थरों को जल्द ही नहीं उठाया गया तो यह किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं। इसलिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को चाहिए कि वह जल्द ही सड़क पर पड़े पत्थरों को हटाए साथ ही इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई भी करे।

इस पर राजमार्ग से गुजर रहे एक टैक्सी चालक का कहना था कि सड़क पर सावधान करने के लिए कोई बोर्ड राजमार्ग प्राधिकरण को लगाना चाहिए ताकि दुर्घटना की संभावनाओं को कम किया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लापरवाह अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी भूल ना हो।

## वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को लेकर बैठक का आयोजन

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए पुलिस थाना सेक्टर 31 प्रभारी बलराज सिंह व सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी निरीक्षक सविता उनकी टीम ने थानाक्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के साथ एक बैठक आयोजित करके वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनके भरण-पोषण तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए बनाए गए कानून के बारे में उन्हें जानकारी दी। मीटिंग में एचएस मलिक सदस्य सीनियर सिटीजन कमेटी व पंचजन्य बत्रा अधिवक्ता और जेपी मल्होत्रा, आरके गुप्ता सेक्टर 30, एसके शर्मा सेक्टर 31, अभय जांगड़ा. सेक्टर 29, प्रभु यादव, राजीव नगर, एमआर भांबरी आईपी कॉलोनी, नफे सिंह भाटी, स्प्रींग फील्ड कॉलोई व समस्त एरिया के वरिष्ठ नागरिक मीटिंग में मौजूद थे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के वेलफेयर तथा मेंटेनेंस के लिए किस प्रकार वह एप्लीकेशन फाइल कर सकते हैं और उन्हें मेंटेनेंस कहां से और कैसे प्रदान की जाएगी इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों की दवा पानी, मल्टी सर्विस डे केयर सेंटर के प्रावधानों तथा मुफ्त कानूनी सलाह के बारे में जानकारी दी गई। थाना प्रबंधक के आदेश पर थाना क्षेत्र के बुजुर्गों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है जिसका एडमिन थाना सेक्टर 31 के पुलिस चौकी सब इंस्पेक्टर हर्षवर्धन को बनाया गया है। जिस पर किसी भी प्रकार की शिकायत सांझा की जा सकती है। जरूरत पड़ने पर वे सीधा थाने और चौकी में आकर मिल सकते हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि एरिया में रह रहे वरिष्ठ नागरिक किसी भी प्रकार की सहायता के लिए उन्हें किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही अकेले रह रहे वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी के विषय में इंस्पेक्टर बलराज सिंह ने अपना नंबर प्रदान करते हुए बताया कि जब वरिष्ठ नागरिकों घर पर अकेले रहते हैं।


## JOTINDRA STEEL AND TUBES LTD.

ONLINE APPLICATIONS ARE INVITED FOR BOOKING

Application are invited from general public for booking of Residential Apartments in the Affordable Housing Project proposed to be developed as per terms and conditions of the Policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no PF-27/48921 dated 19.08.2013 (details available at the Department website ie: tcpharyana.gov.in).

### PROJECT DETAILS

PROJECT: Developers: **M/S JOTINDRA STEEL AND TUBES LTD.**

APPROVALS: Licence No. 105/2019 10.09.2019 Building Plans Approved Memo No. ZP-1297/SD(DK)/2020/10732 dated 23-06-2020
HRERA No. PKL-FBD-171-2019 dated 18-10-2019

PROVISIONS: Project Area 4.681 Acres

LOCATION: Sector-45, Faridabad, Haryana

Sale Price on CARPET AREA @ **Rs. 4200/- PSF**
(Additional cost of INR 1000/- PSF upto 100 sqft. Balcony)+GST.

### APARTMENT DETAILS

| S.No. | Type | Total Flats | Carpet Area (in sq.ft.) | Balcony Area (in sq.ft.) | Sale Price (in INR) | Booking Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D | 1 | 454.56 | 100 | 19,59,152 | 97,958 |

### PAYMENT PLAN

1. With application: Booking amount, i.e. 5% of the total cost of flat.
2. On Allotment Additional 20% of the total cost of flat.
3. Balance 75% of the amount in six equal half yearly installments over three year period. Any default in payment, after due date, shall invite interest as provided in Rule 15 of the HRERA, rules 2017. (from 1st Allotment date)

### SPECIFICATIONS

**Drawing/Lobby Flooring:** Floor Tiles/IPS **Wall/Ceiling:** OBD **Bed Room Floor:** Tiles/IPS **Kitchen Floor:** Tiles/IPS **Wall/Ceiling:** Tiles upto 2 feet high above Marble/Tile Counter and OBD in balance area **Counter Top/Platform:** Stone/Tiles/Plaster Finish **Fittings & Fixtures:** Single Bowl Stainless Steel Sink & CP Fittings **Balconies Floor:** Tiles/IPS **Toilet & Bath Floor:** Tiles/IPS **Wall:** Tiles/OBD **Doors & Windows:** M.S./uPVC/Aluminium/Flush Doors **Door Frames & Window Frames:** Hardwood/MS-Z Section/uPVC/Concrete/Aluminium frame windows etc. **OTHER DEVELOPMENT: Common Area Flooring:** Stone/Tiles/IPS

# Management Quota

### APPLICATION TIMELINES

- **A person can apply online on website https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home Projects ID 106, namely SHREE HOMES with a booking amount as per Category.**
- **BOOKING STARTS: 23-06-2022 on 8.00 AM onwards BOOKING CLOSES: 30-06-2022 UPTO 11.00PM PAYMENT CLOSING DATE: 30-06-2022 UPTO 11.00 PM**

**ELIGIBILITY:**
1. Any applicant can make only one application.
2. Any person can apply, however, the PMAY beneficiaries, which include their spouse or dependent children, identified by the urban Local Bodies Department, Haryana under 'Pradhan Mantri Aawas Yojna- Housing for all' programme shall be granted preference in allotment. First Priority shall be given to the identified beneficiaries of the said town followed by other PMAY beneficiaries the state of Haryana. Thereafter, for the remaining flats, Persons which include their spouse or dependent children who do not own any flat/plot in any HUDA developed colony/sector or any licenced colony in any of the urban areas in Haryana, UT of Chandigarh and NCT Delhi shall be given next Preference in allotment of Flats. An applicants in a specific colony shall make only one application. Any successful applicant under this policy shall not be eligible for allotment of any other flat under this policy in any other colony. In case he/she is successful in more than one colony, he/she will have choice to retain only one flat. All such applicants shall submit as affidavit to this effect.

**ALLOTMENT CRITERIA:**
1. The allotment of apartments shall be done through Online draw of lots in the presence of a committee consisting of Deputy Commissioner or his representative (at least of the cadre of Haryana Civil Services). Senior Town Planner (Circle office), DTP of the concerned district and the representative of coloniser concerned.
2. After fixation of date for Online draw of lots, an advertisement shall be issued by the Developer informing the applications about the details regarding date/time and venue of the Online draw of lots in the same newspaper in which the original advertisement was issued.
3. For detailed criteria and time-frame to be adopted for scrutiny and allotment, the applicants may also refer to the details in the Affordable Housing Policy 2013 notified vide no. PF-27/48921 dated 19.08.2013 (available at the Department website, ie: tcpharyana.gov.in).

14/3, Mathura Road, Faridabad-121003, Haryana | Ph: 9599297309

# भाजपा कार्यालय में मनाई सोहना नगर परिषद की जीत की खुशी

### जिला अध्यक्ष समेत अनेक पदाधिकारियों के साथ मनाया जश्न

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सोहना में भाजपा की जीत पर जिला अध्यक्ष के साथ खुशी मनाते सुंदर लाल सरपंच व अन्य।

**नगर** परिषद सोहना में चेयरमैन पद पर भाजपा की जीत की खुशी में भाजपा जिला कार्यालय जश्न मनाया गया। वहां मौजूद जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ को पंचायती राज प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय पहुंचकर बुके देकर स्वागत व बधाई दी और मिठाई खिलाई। इस दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी भी वहां उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार मजबूत होती जा रही है। निकाय चुनावों में जनता ने भाजपा की केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की नीतियों से खुश होकर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाया है। भाजपा का यह विजय रथ थमने वाला नहीं है। भविष्य में होने वाले चुनावों में भी भाजपा इसी तरह से मजबूत होगी।

इस अवसर पर सरपंच सुंदर लाल यादव ने बताया कि सोहना में चेयरमैन पद की भाजपा प्रत्याशी ने 12185 वोट हासिल करके 1864 वोटों से जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 46 निकायों में से 25 पर भाजपा-जजपा का कब्जा हो गया है। आधी से ज्यादा सीटों पर भाजपा-जजपा के चेयरमैन बने हैं। इन चुनावों में बनी तस्वीर आगे के चुनावों में और गहरे रंग भरने का काम करेगी। मतदाताओं ने भाजपा-जजपा प्रत्याशियों के लिए खुलकर वोट डाला और विकास की गंगा बहाने का रास्ता साफ किया। सुंदर लाल यादव ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की रणनीति का बेहतर परिणाम यह नतीजे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में हुए समान विकास, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व अन्य नेताओं की रणनीति और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा ने मजबूती से चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में होने वाले चुनावों के लिए ये निकाय चुनाव निर्णायक साबित होंगे। पंचायत चुनावों में भी इसी तरह से भाजपा के प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। भाजपा कार्यालय में जीत का जश्न मनाने के समय जिला महामंत्री मनीष गाड़ोली, जिला सचिव प्रदीप जेलदार, नीरज पार्षद, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, प्रदीप सरपंच, लखन सरपंच, सरपंच दयाराम, चेयरमैन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# भाजपा सरकार की नीतियों का मिला चुनाव में लाभ


### नवीन गोयल के नेतृत्व में मनीष जैन ने फिरोजपुर झिरका सीट जीती

**गुरुग्राम।** फिरोजपुर झिरका नगर पालिका के चुनाव में प्रभारी नवीन गोयल के नेतृत्व में चेयरमैन पद के भाजपा प्रत्याशी मनीष जैन ने जीत दर्ज की है। नवीन गोयल ने सादगी से इस जीत का श्रेय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनहित की नीतियों, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की बेहतर चुनाव प्रबंधन व रणनीति को दिया है।

नवीन गोयल ने कहा कि इस जीत पर खुशी जाहिर करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि भाजपा-जजपा ने नगर परिषद की 11 सीटें (10+1) और नगर पालिका की 14 सीटें (12+2) पर जीत दर्ज की है। फिरोजपुर झिरका में चुनाव प्रभारी रहे नवीन गोयल ने बताया कि यह चुनाव उनके लिए चुनौतीपूर्ण था। फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में हिन्दुओं के साथ मुस्लिमों मतदाताओं की भी अच्छी-खासी संख्या है। हर वर्ग, हर समुदाय ने भाजपा की नीतियों में विश्वास करके मतदान किया। जनता और कार्यकर्ताओं का आभार करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि मेवात के लोगों ने भाजपा के हर कार्यकर्ता को सिर-आंखों पर बिठाया। नवीन गोयल ने कहा कि मनीष जैन के साथ प्रदेश सचिव समय सिंह भाटी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, मंडल अध्यक्ष रमेश गर्ग, पूर्व विधायक नसीम अहमद, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र आर्य, सुनील जैन समेत पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का यह परिणाम है।

## संक्षिप्त-समाचार

### वार्ड-15 में आज विधायक आपके द्वार जनता चौपाल कार्यक्रम



**गुरुग्राम।** विधायक आपके द्वार जनता चौपाल कार्यक्रम 23 जून गुरुवार को वार्ड-15 स्थित सेक्टर-4 के सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया जाएगा। इसमें गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला जनसमस्याएं सुनेंगे। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक लगने वाले इस जनता चौपाल कार्यक्रम में कोई भी व्यक्ति पहुंचकर समस्याएं विधायक के समक्ष रख सकते हैं। उनका मौके पर या कम समय में समाधान करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। विधायक सुधीर सिंगला के मीडिया कोर्डिनेटर अमित गोयल ने बताया कि जनता की बहुत सी समस्याएं होती हैं, जो कि अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाती। जो पहुंच जाती हैं उनका समाधान करने में लापरवाही बरती जाती है। ऐसे में लोग परेशान होते रहते हैं। लोगों की इस तरह की परेशानियों को दूर करने के लिए ही विधायक सुधीर सिंगला की ओर से विधायक आपके द्वार जनता चौपाल कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। अलग-अलग स्थानों पर गुरुग्राम विधानसभा में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्री गोयल ने गुरुग्राम विस के लोगों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं को लेकर अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे, ताकि उनकी समस्याएं बिना देरी के दूर हो सके।

### झज्जर में भाजपा की जीत के सुत्रधार बने जीएल शर्मा



**गुरुग्राम।** झज्जर नगर परिषद में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने सूत्रधार के रूप अपनी भूमिका निभाई। अहीरवाल के दिग्गज नेता राव इंद्रजीत सिंह का चुनावी प्रबंधन भी जीएल शर्मा बखूबी निभाते रहे हैं। झज्जर और रोहतक के अलावा पार्टी ने जब भी जीएल शर्मा को दूसरे राज्यों में विधानसभा के लिए चुनावी जिम्मेदारी सौंपी, वे हमेशा खरा उतरे। असम का चुनाव हो, उत्तराखंड या गुजरात या हिमाचल प्रदेश का चुनाव, जिस विधानसभा में जीएल शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई, वहां जीत ही सुनिश्चित हुई है। स्थानीय नगर निकाय चुनाव में भाजपा ने हॉट सीट मानी जा रही झज्जर नपा में जीएल शर्मा को चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। झज्जर के साथ ही चरखी दादरी का पर्यवेयक्षक भी बनाया गया और सोहना में भी प्रचार का जिम्मा दिया। तीनों ही स्थानों पर भाजपा की प्रचंड जीत में कहीं न कहीं जीएल शर्मा की रणनीति ने बेहतर काम किया। झज्जर की जीत पार्टी के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का गृह जिला है। पार्टी ने उनके पुराने अनुभवों को देखते हुए झज्जर का किला फतह करने के लिए उन्हें चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी।

# चुनाव परिणाम के तुरन्त बाद वार्ड-20 में दो गुटों के बीच झगड़ा, आठ घायल

**सोहना।** चुनाव में रंजिश को लेकर वार्ड-20 के गांव सांप की नंगली में दो गुटों के बीच पथराव होने से 6 महिलाएं समेत दो युवक को चोटें आई। महिलाओं ने विरोधी गुट के लोगों पर झगड़े में कपड़ें फांड देने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बुधवार को जैसे ही नगर परिषद चुनाव के परिणाम घोषित हुए। वैसे ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी अपने-अपने घरों को जा रहे थे। चुनाव में दो गुटों के बीच हुई रंजिश के बीच हुआ पथराव में छह महिलाएं व दो युवकों को चोटें आई। जानकारी के अनुसा चुनाव जितने वाले गुट के लोग डीजे के साथ सोहना से अपने घर जा रहे थे। बीच रास्ते में झगड़ा हो गया। एक गुट के सदस्य मनोज ने आरोप लगाते हुए बताया कि दूसरे गुट के लोग डीजे के साथ चिल्लाते हुए आए और उनके घरों में घुस गए। झगड़ा करते हुए महिलाओं के बदनीयत से कपड़ें फांड दिए। वहीं दूसरे गुट के पंकज का कहना है कि जैसे ही वे लोग मंदिर में पूजा अर्चना के लिए मूड़े थे। मनोज गुट के लोगों ने उनके ऊपर पथराव कर दिया। जिससे दोनों गुटों के बीच झगड़ा हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची शहर थाना से पुलिस ने दोनों गुटों को शांत किया। इस झगड़े में संगीता, कैलाश, माया, सरिता नवदीप, प्रिंस और दो अन्य महिलाओं को चोटें लगी। जिन्हे नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।

### उपचार के दौरान 15 वर्षीय युवक मौत परिजनों ने मचाया हंगामा

**सोहना।** उपचार के दौरान 15 वर्षीय युवक मौत होने से पीड़ित परिजनों ने निजी अस्पताल में हंगामा किया। परिजनों ने युवक के शव को अस्पताल परिसर रखते हुए गलत इंजेक्शन लगाने से मौत होने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। जिसके शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को होगा।

बिहार मूल के निवासी उदय ने बताया कि वह सोहना की बांध कॉलोनी में किराए पर रहता है। उसके 15 वर्षीय बेटा रविन्द्र को मंगलवार की सुबह पैर में चोट लग गई थी। जिसका उपचार शहर निजी अस्पताल में कराने के लिए पहुंचे। डॉक्टर द्वारा लगाया इंजैक्शन से रविन्द्र पूरी रात घर पर चैन से सौ भी नहीं सका। बुधवार की सुबह रविन्द्र की घर पर ही मौत हो गई।

# गुरुग्राम के अर्शप्रीत सिंह बने हरियाणा राज्य के चैस चैंपियन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



शतरंज खिलाड़ी अर्शप्रीत सिंह को सम्मानित करती प्राचार्य।

**हरियाणा** शतरंज संघ द्वारा अलग अलग आयु वर्ग में करवाई गई शतरंज प्रतियोगिता के अंडर-13 वर्ग में गुरुग्राम के एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अर्शप्रीत सिंह बने हरियाणा राज्य के विजेता। अर्शप्रीत सिंह ने अपराजित रहते हुए 7/7 अंकों से यह चैंपियनशिप अपने नाम कर ली है।

दो दिन चलने वाली इस वर्ग की प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 जून को विबग्योर स्कूल, गुरुग्राम में किया गया और 21 जून को समापन हुआ। यह प्रतियोगिता 7 चक्रों में राउण्ड स्विस लीग आधार में खेली गई। इस प्रतियोगिता के आधार पर पॉन्डिचेरी में होने वाली अंडर-13 नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अर्शप्रीत सिंह हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी अपने आयु वर्ग में अर्शप्रीत सिंह हरियाणा राज्य के विजेता थे। और इसी वर्ष मई के महीने में आयोजित हुई गुरुग्राम अंडर-13 ओपन चेस चैम्पियनशिप के विजेता भी अर्शप्रीत सिंह ही थे। इस मौके पर गुरुग्राम चैस एसोसिएशन के सचिव राजपाल चौहान और अर्शप्रीत के स्कूल की प्राचार्या प्रिंसिपल वीना गौर ने ट्रॉफी, 1500 रुपये नकद इनाम राशि और सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया।

# भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी बनी सोहना नप चेयरमैन



पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के चेयरमैन पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी ने आम आदमी पार्टी प्रत्याशी ललिता को 1864 मतों से करारी हार देते हुए जीत हासिल की। पार्षद के चुनाव में वेदकला शर्मा ने वार्ड-5 में पांचवीं बार जीत हासिल करते हुए इतिहास रचा, हरीश नंदा और राजकुमार गोयल ने दूसरी बार पार्षद बनें।

बुधवार को नगर परिषद चुनाव के आए परिणाम में परिषद को नई चेयरपर्सन के रूप में अंजू देवी मिल गई हैं। अंजू देवी ने भाजपा की टिकट से चुनाव लड़ते हुए आम आदमी पार्टी प्रत्याशी ललिता को 1864 वोटों से हराया। तीसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी प्रीती बागड़ी रहीं। अंजू देवी को कुल 12185 वोट मिले। जबकि ललिता को 10321 वोट मिली। तीसरे नंबर पर निर्दलीच प्रत्याशी प्रीति बागड़ी को 3493 वोट मिली। बसपा प्रत्याशी माला देवी को 111 वोट मिली। इनेलो प्रत्याशी कविता सभ्रवाल को 758 वोट मिले। आम आदमी पार्टी ने 21 में से 8 वार्डों में पार्षद पद अपने प्रत्याशी उतारे थे। जिनमें से सात को हार का मुंह देखना पड़ा। वार्ड-एक से आम आदमी पार्टी की अंजू बाला एक मात्र पार्षद बनी हैं।

**पार्टी की एकता की जीत :** नगर परिषद की नई चेयरपरसन अंजू देवी ने जीत का श्रेय विधायक संजय सिंह, सूरजपाल अम्मू, जिला अध्यक्ष गारगी कक्कड, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़, पूर्व मंत्री पीयूस गोयल और प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल को दिया है। पार्टी के कार्यकर्ताओं का भी आभार प्रकट किया। जीत का श्रेय भी पार्टी कार्यकर्ताओं को देते हुए सबका विकास एक समान की नीति से कार्य करने पर जोर दिया।

# क्यूब रूट्स फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 10 स्थानों पर योग सत्र आयोजित किया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर क्यूब रूट्स फाउंडेशन ने देश के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए। योग सत्र का आयोजन जीवन में योग के महत्व के बारे में जागरुकता फैलाने और लोगों को इसे अपनी जीवन शैली के हिस्से के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया गया। सत्र में क्यूब हाईवे के कर्मचारियों और उनके परिवारों ने भाग लिया और इन सत्रों में जीवन शैली में योग के महत्व के बारे में ज्ञान प्रदान करने के लिए योग विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था।

ये योग सत्र WUPTL (वेस्टर्न यूपी टोलवे लिमिटेड), JMTL (जयपुर महुआ टोलवे लिमिटेड), MBEL (महुआ भरतपुर एक्सप्रेसवे लिमिटेड), JLTL (झांसी ललितपुर टोलवे लिमिटेड), JVTL (झांसी



विगाखेत टोलवे लिमिटेड), LRTL (लखनऊ रायबरेली टोलवे लिमिटेड), KMTL (परसोनी खेम टोल प्लाजा), DATRPL (दिल्ली-आगरा टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड), NDEPL (नेलामंगला देवीहल्ली एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड) और GAEPL (गाजियाबाद अलीगढ़ एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड) में आयोजित किए गए थे। सत्र का आयोजन सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच किया गया। इस कार्यक्रम में 400 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

अपनी विभिन्न सामाजिक पहलों में, कर्मचारियों और समुदायों के बीच एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना क्यूब रूट्स फाउंडेशन के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक रहा है। योग हजारों वर्षों से भारतीय जीवन शैली का हिस्सा रहा है। इसने देश के लोगों को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद की है। विभिन्न कारणों से देश के लोगों ने काफी समय से योग से दूरी बना ली थी। योग को आम लोगों तक वापस लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक बेहतरीन पहल है।


क्यूब रूट्स फाउंडेशन कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है। योग न केवल एक स्वस्थ शरीर को बनाए रखने में मदद करता है बल्कि एक स्वस्थ दिमाग भी रखता है। आधुनिक जीवन शैली में स्वस्थ रहने के लिए यह सही समाधान है।

# मूत्र असंयम क्या है?

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विश्व** महाद्वीप सप्ताह के अवसर पर, जो 20 जून से 26 जून तक चलने वाला एक वैश्विक कार्यक्रम है, डॉक्टर और मूत्र रोग विशेषज्ञ लोगों से समस्या को छिपाने और अनदेखा करने के बजाय मूत्राशय या आंत्र की कठिनाई होने पर पेशेवर मदद लेने का आग्रह कर रहे हैं। मूत्र असंयम मूत्र का रिसाव है जिसे हम नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। बुजुर्गों में, विशेष रूप से नर्सिंग होम में यह चिकित्सा स्थिति आम है, लेकिन यह युवा वयस्क पुरुषों और महिलाओं को भी प्रभावित कर सकती है। मूत्र असंयम रोगी के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता दोनों को प्रभावित कर सकता है।

**मैं अपने असंयम को कैसे प्रबंधित कर सकता हूं : डॉ दर्शन शर्मा**



सकारात्मक जीवनशैली में बदलाव करने के साथ-साथ मूत्र निरंतरता को नियंत्रित करने के लिए शीघ्र उपचार शुरू करने से लोग स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। विश्व महाद्वीप सप्ताह के अवसर पर, जो 20 जून से 26 जून तक चलने वाला एक वैश्विक कार्यक्रम है, डॉक्टर और मूत्र रोग विशेषज्ञ लोगों को इस स्थिति के कारण शर्मिंदा होने के बजाय चिकित्सा सहायता लेने और अपने असंयम का प्रबंधन करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। कभी-कभी, आप अपने दैनिक जीवन में परिवर्तन कर सकते हैं जो वास्तव में असंयम को प्रबंधित करने में आपकी सहायता कर सकते हैं। इन परिवर्तनों में अक्सर ऐसे व्यायाम शामिल होते हैं जो मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए किए जा सकते हैं जो कभी-कभी उम्र बढ़ने के कारण ढीले हो जाते हैं। आप एक स्वस्थ आहार का पालन करने पर भी काम कर सकते हैं जो मल त्याग को नियंत्रित करने में भी मदद करेगा। कुछ लोग इन परिवर्तनों को घर पर करने से सुधार देखते हैं और उन्हें अतिरिक्त उपचार की आवश्यकता नहीं होती है। असंयम उपचार के लिए इन घरेलू उपचार विकल्पों के बारे में अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करें और चिकित्सक की सलाह के बिना इनमें से कोई भी शुरू करें। जीवनशैली में बदलाव, अकेले, स्थिति को पर्याप्त रूप से प्रबंधित करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं और चिकित्सक इसके साथ कुछ दवाएं भी लिख सकते हैं।

# एडब्लूएस ने भारत में डीपरेसर स्टूडेंट लीग 2022 की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एमेजॉन** वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) ने भारत में एडब्लूएस डीपरेसर स्टूडेंट लीग 2022 के लॉन्च की घोषणा की है। इस अभियान का उद्देश्य उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग का परिचय देना और उन्हें टेक्नॉलॉजी में खोज करने की प्रेरणा देना है।

एडब्लूएस डीपरेसर एक इंटीग्रेटेड लर्निंग सिस्टम है, जो यूजर्स को रिइन्फोर्समेंट लर्निंग सीखने और ऑटोनोमस ड्राईविंग एप्लीकेशंस का निर्माण कर टेक्नॉलॉजी में प्रयोग करने एक मनोरंजक और दिलचस्प तरीका प्रदान करता है। यह 2021 में एडब्लूएस डीपरेसर वीमेंस लीग के बाद भारत में एडब्लूएस का विद्यार्थियों पर केंद्रित दूसरा अभियान है, और इंटेल, एडुस्किल्स फाउंडेशन, आईसीटी एकेडमी, और एडुवांटेज के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। एडब्लूएस डीपरेसर स्टूडेंट लीग 2022 18 साल से अधिक उम्र के उन सभी विद्यार्थियों के लिए खुली है, जो वर्तमान में भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों में पंजीकृत हैं। यह अभियान प्रतिभागियों को रिइनफोर्समेंट लर्निंग

### भारत में उच्च शिक्षा के संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए मशीन लर्निंग के साथ प्रयोग करने व सीखने के आकर्षक अवसर

के बारे में सीखने में समर्थ बनाएगा - यह तकनीक मशीन लर्निंग के परिवेश में गेम पर आधारित दृष्टिकोण के साथ काम करती है।

प्रतिभागियों को संबंधित शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध होगी तथा रिइनफोर्समेंट लर्निंग के मॉडल में प्रशिक्षित होने व परीक्षण करने और वर्चुअल रेसिंग प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा। जैसे-जैसे प्रतिभागी प्रतियोगिता में आगे बढ़ेंगे, उन्हें एडब्लूएस की सेवाओं, जैसे एमेजॉन सेजमेकर और एडब्लूएस रोबोमेकर के साथ प्रयोग करने का अवसर मिलेगा। सुनील पीपी, लीड-एजुकेशन, स्पेस एवं नॉनप्रॉफिट्स, एमेजॉन इंटरनेट सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, एडब्लूएस इंडिया एवं साउथ एशिया ने कहा, एडब्लूएस में हमारा मानना है कि मशीन लर्निंग (एमएल) हमारी पीढ़ी में विकसित हुई सबसे ज्यादा परिवर्तनकारी टेक्नॉलॉजीज में से एक है। मशीन लर्निंग द्वारा प्रस्तुत परिवर्तनकारी अवसर का उपयोग करने के लिए मशीन लर्निंग में कुशल कार्यबल का निर्माण करना भारत के लिए जरूरी होगा। उन्होंने कहा, भारत सरकार की नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 पाठ्यक्रम में जिस जगह भी संदर्भित हो, वहां पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों को शामिल करने पर बल देती है, ताकि विद्यार्थी भविष्य के कार्यबल में शामिल होने और उसका नेतृत्व करने के लिए तैयार हो सकें। एडब्लूएस डीपरेसर स्टूडेंट लीग ऐसा ही एक अभियान है, जो विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग की मौलिक समझ प्रदान करने तथा उन्हें और ज्यादा सीखने की प्रेरणा देने के लिए डिजाईन किया है। एडब्लूएस डीपरेसर स्टूडेंट लीग 23 मई, 2022 को शुरू होगा और इसमें तीन राउंड - प्रिलिमिनरी राउंड, सेमी-फाईनल राउंड और ग्रांड फिनाले होंगे।

# मूत्र असंयम के लिए जोखिम कारक : डॉ. अनिल वार्ष्णेय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मूत्र** असंयम से जुड़े जोखिम कारकों की तलाश में होना चाहिए क्योंकि जल्दी पता लगाना समस्या को नियंत्रित करने और स्वस्थ जीवन जीने की कुंजी है।

विश्व महाद्वीप सप्ताह के अवसर पर, जो 20 जून से 26 जून तक चलने वाला एक वैश्विक कार्यक्रम है, डॉक्टर और मूत्र रोग विशेषज्ञ लोगों से समस्या को छिपाने और अनदेखा करने के बजाय मूत्राशय या आंत्र की कठिनाई होने पर पेशेवर मदद लेने का आग्रह कर रहे हैं। मूत्र असंयम के विकास के जोखिम को बढ़ाने वाले कुछ कारकों में शामिल हैं

**लिंग :** प्रसव या रजोनिवृत्ति के कारण महिलाओं में तनाव असंयम होने की संभावना अधिक होती है। हालांकि, जिन पुरुषों को प्रोस्टेट ग्रंथि की समस्या है, उनमें अतिसक्रिय असंयम का खतरा बढ़ जाता है।

**आयु :** जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, आपके मूत्राशय और मूत्रमार्ग की मांसपेशियां अपनी ताकत खोती जाती हैं। उम्र के साथ परिवर्तन आपके मूत्राशय की क्षमता को कम करते हैं



और अनियंत्रित मूत्र के निकलने की संभावना को बढ़ाते हैं। अधिक वजन होने के नाते। अतिरिक्त वजन आपके मूत्राशय और आसपास की मांसपेशियों पर दबाव बढ़ाता है, जिससे मूत्र का रिसाव होता है।

**धूम्रपान :** तंबाकू का सेवन आपके मूत्र असंयम के जोखिम को बढ़ा सकता है।

**परिवार के इतिहास :** यदि परिवार के किसी करीबी सदस्य को मूत्र असंयम है, विशेष रूप से असंयम का आग्रह करते हैं, तो स्थिति विकसित होने का आपका जोखिम अधिक है।

**कुछ रोग :** न्यूरोलॉजिकल रोग या मधुमेह आपके असंयम के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। अनिल वार्ष्णेय ने कहा, आज की चिकित्सा प्रगति की मदद से, डॉक्टर सभी प्रकार के मूत्र असंयम के मामलों की देखभाल कर सकते हैं। जीवनशैली में बदलाव और मूत्राशय पर नियंत्रण बहाल करने के लिए दवाओं सहित विभिन्न उपचार उपलब्ध हैं।

# अपने पहले एक्सपीरियंस सेंटर के लॉन्च के साथ कैनन इंडिया सर्वियलेंस समाधानों का वन-स्टॉप प्रदाता बना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**इनोवेशन** की खोज से प्रेरित अग्रणी इमेजिंग कंपनियों में से एक, कैनन इंडिया ने नई दिल्ली में अपना एक्सपीरियंस सेंटर खोला है, जहां पर वो अपने नेटवर्क वीडियो सर्वियलेंस (एनवीएस) व्यवसाय के तहत उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला का प्रदर्शन करेगा। इस लॉन्च के साथ कैनन का उद्देश्य एंड-टू-एंड सर्वियलेंस समाधान प्रदाता और सिस्टम्स इंटीग्रेटर बनना है, जो सीसीटीवी सर्वियलेंस, एक्सेस कंट्रोल, पब्लिक एड्रेसिंग, एवं वीडियो एनालिटिक्स में कंसलटैंसी व सेवाएं प्रदान करे और संपूर्ण नेटवर्किंग एवं सर्वियलेंस लाईफ साईकल का समाधान दे। भारत में एडवांस्ड वीडियो सॉल्यूशंस को मजबूत करने के लिए, कैनन उद्योग में सर्वियलेंस के क्षेत्र में काम करने वाले अग्रणी दिग्गजों - एक्सिस, माईलस्टोन, और बीसीडी को एक ही छत के नीचे लाया है, ताकि इसका एनवीएस उत्पाद पोर्टफोलियो और ज्यादा मजबूत बन सके।

नेटवर्क वीडियो सर्वियलेंस व्यवसाय के महत्व के बारे में, मानबु यामाजाक, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, कैनन इंडिया ने कहा, इस बात में



कोई शक नहीं कि हम तेजी से डिजिटल और कनेक्टेड होती दुनिया में रह रहे हैं, जहां पर टेक्नॉलॉजी एवं डेटा आधारित इनोवेशन पर हमारी निर्भरता लगातार बढ़ रही है। यह देखना दिलचस्प है कि सर्वियलेंस किस प्रकार किसी संगठन या सेक्टर के डिजिटल परिवर्तन के सफर में अनिवार्य तत्व बन गया है। देश में एक अग्रणी इमेजिंग ब्रांड के रूप में हम अपने नेटवर्क वीडियो सर्वियलेंस उत्पादों द्वारा कैनन के व्यवसायिक पोर्टफोलियो का विस्तार करने और इसे मजबूत बनाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। सर्वियलेंस उद्योग में अग्रणी दिग्गजों को एक साथ लाने से लेकर कैनन इंडिया के पहले एनवीएस एक्सपीरियंस सेंटर के लॉन्च तक हमारा उद्देश्य अपने एनवीएस व्यवसाय का विस्तार करना और अपने ग्राहकों के लिए वन-स्टॉप सर्वियलेंस समाधान प्रदाता बनना है।

एक्सपीरियंस सेंटर के लॉन्च के बारे में, के. भास्कर, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट बीआईएस सेगमेंट, कैनन इंडिया ने कहा, दैनिक गतिविधियों में डिजिटल टेक्नॉलॉजी के सुगम इंटीग्रेशन द्वारा विभिन्न सेक्टर्स को अपनी व्यवसायिक प्रस्तुतियों को ऑप्टिमाइज करने में मदद मिली है। इस परिदृश्य में एक सुरक्षित इंफ्रास्ट्रक्चर का होना बहुत जरूरी है, जो एस्सेट्स की सुरक्षा करने के साथ डिजिटल परिवर्तन लाने में मदद करें और सर्वियलेंस समाधानों की मांग बढ़ाएं। एनवीएस एक्सपीरियंस सेंटर के लॉन्च के साथ हमारा उद्देश्य है कि हम ग्राहकों को अपने समाधानों का लाईव हैंड्स-ऑन अनुभव प्रदान करें और उन्हें खरीद करने का बेहतर निर्णय लेने में मदद करें।

# भाजपा की जीत से कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह

## पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन ने कहा, जिला नूंह के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे

**रिजवान कासिम।** मेवात





**नगर** निकाय चुनाव में भाजपा-जजपा गठबंधन की बंपर जीत से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। जीत की खबर लगते ही कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं को सर आंखों पर बैठा लिया। डीजे की धुन के साथ-साथ फूल-मालाओं और गुलाल से उनका जबरदस्त स्वागत किया। चुनावी माहौल में मानो होली का पर्व शामिल हो गया हो।

पुनहाना से भाजपा उम्मीदवार बलराज सिंगला ने जीत दर्ज की तो उनके समर्थकों ने उन्हें मतगणना केंद्र से बाहर निकलते ही गाड़ी में बैठा लिया। पूरे शहर में रोड शो किया। भाजपा नेत्री नौक्षम चौधरी उनके इस रोड शो में शामिल हुई। पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा नेत्री नौक्षम चौधरी पूरे उत्साह में दिखाई दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेवात दौरे पर कहा था कमल खिलेगा इंशाल्लाह आज वही बात पूरी तरह से सही साबित हो गई है। मुस्लिम समाज के मतदाताओं ने दिल खोलकर भारतीय जनता पार्टी को वोट दिया है, इसीलिए जीत इतनी आसान दिख रही है। फिरोजपुर झिरका से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर लगभग 4000 वोटों से जीतने वाले मनीष जैन ने जीत के बाद फिरोजपुर झिरका शहर में रोड शो किया।

जहां उनका समर्थकों ने जबरदस्त स्वागत किया। फिरोजपुर झिरका के लोगों ने रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली पर्व की तरह भाजपा की जीत पर बधाई दी। मनीष जैन ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि फिरोजपुर झिरका शहर में अनाधिकृत कालोनियों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर अधिकृत कराया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान महिलाओं ने पानी की समस्या के बारे में उनको अवगत कराया था। इसके अलावा शहर में पार्क, स्ट्रीट लाइट, सड़क, सीवर इत्यादि के विकास कार्यों में गति लाई जाएगी। नगर परिषद नूंह में जजपा उम्मीदवार संजय मनोचा की जीत पर हरियाणा वक्फ बोर्ड प्रशासक पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन ने मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में जिले के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी।

### पूरी ईमानदारी से शहर का विकास होगा: सिंगला

**नगर** पालिका पुनहाना में भाजपा के टिकट पर चेयरमैन बने बलराज सिंगला ने कहा कि पूरी ईमानदारी के साथ शहर का विकास किया जाएगा। बलराज सिंगला ने कहा कि जो धनराशि शहर के विकास खर्च की जाएगी, उसमें पूरी ईमानदारी से काम होगा।

### धन की कमी आड़े नहीं आने देगी सरकार : हुसैन

**पूर्व विधायक** चौधरी जाकिर हुसैन ने कहा कि आने वाले समय में केंद्र व राज्य सरकार मिलकर नूंह जिले के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे। जहां तक शहरों के विकास की बात है तो उसके लिए भी सरकार धन की कमी को कभी आड़े नहीं आने देगी।

### आगामी समय में देंगे शहर के विकास को गति : मनोचा

**नगर परिषद** नूंह से नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय मनोचा ने कहा कि भाजपा-जजपा, नेताओं-कार्यकर्ताओं की मेहनत के साथ-साथ नूंह शहर के मतदाताओं के समर्थन व सहयोग की वजह से आज उन्हें यह दिन नसीब हुआ है। नूंह शहर को विकास की दरकार है। आने वाले समय में शहर के विकास को गति दी जाएगी।

### 100 दिन में बदल देंगे पुनहाना शहर की तस्वीर

**भाजपा** नेत्री नौक्षम चौधरी ने यह भी कहा कि 100 दिन बाद पुनहाना शहर की तस्वीर बदल जाएगी। यहां विकास के लिए सरकार के लिए करोड़ों रुपये की ग्रांट सरकार देगी। जिससे बिजली, पानी, सीवर, सड़क, स्ट्रीट लाइट, पार्क इत्यादि का निर्माण कराया जाएगा।

### कहा, ट्रिपल इंजन की सरकार तीनों नगर पालिका व नगर परिषद नूंह में विकास करेगी

### कुर्सी पर बैठते ही पानी की किल्लत दूर करेंगे: मनीष जैन

चेयरमैन की कुर्सी पर बैठते ही सबसे पहले शहर के लोगों को पीने का पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। फिलहाल अगर स्थाई तौर पर भी इंतजाम नहीं हुआ तो कोई ना कोई अस्थाई व्यवस्था कराई जाएगी ताकि शहर के लोगों को पानी की किल्लत से दो-चार ना होना पड़े चेयरमैन की कुर्सी पर बैठते ही सबसे पहले शहर के लोगों को पीने का पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। फिलहाल अगर स्थाई तौर पर भी इंतजाम नहीं हुआ तो कोई ना कोई अस्थाई व्यवस्था कराई जाएगी ताकि शहर के लोगों को पानी की किल्लत से दो-चार ना होना पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### क्षेत्रीय ग्रामीणों को डीएसपी ने नशे के प्रति किया जागरुक


गांव भाजलाका में नशा मुक्त अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरुक करते डीएसपी

**तावडू।** जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर क्षेत्र में ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरुक करने का अभियान चलाया गया है। बुधवार को तावडू पुलिस उप अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने क्षेत्र के गांव में पहुंच कर ग्रामीणों को नशे के बारे में जागरुक किया। डीएसपी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 12 से 26 जून तक पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देश पर समूचे प्रदेश में नशे से आजादी अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत जिला मेवात में नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाकर युवाओं को नशे से मुक्ति दिलाने के साथ ही समाज को नशा मुक्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्गदर्शन में लोगों को नशा छोड़ने को लेकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को वह तावडू सदर थाना प्रभारी विमल कुमार सहित पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के भाजलाका, गुरनावट व निजामपुर ग्रामीणों के बीच पहुंचे। इस दौरान नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में उन्हें विस्तार पूर्वक बताया गया। नशे की लत के चलते आज की युवा पीढ़ी अपराध की ओर बढ़ रही है। जिन्हें संभालना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आमजन के सहयोग के बिना समाज को नशा मुक्त करने की कल्पना करना भी बेमानी है। इसे हम सभी को मिलकर जड़ से उखाड़ना होगा। इस मुहिम में समाज के हर वर्ग व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह समझे तथा समाज के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर गांव के गणमान्य लोगों के अलावा बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### इंद्रेश सौरोत 3802 मतों से बनी नगर परिषद चेयरपर्सन

**होडल।** होडल नगर परिषद चुनावों की बुधवार को राजकीय महाविद्यालय में हुई मतगणना में निर्दलीय प्रत्याशी इंद्रेश सौरोत ने उदय सिंह सौरोत को 3802 मतों से हराकर जीत हासिल की। इंद्रेश सौरोत के चेयरपर्सन बनने पर उन्हें एसडीएम डा. चिनार चहल द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर परिषद के विजेता 21 वार्ड पार्षदों को भी सर्टिफिकेट वितरित किए गए। मतगणना केंद्र पर प्रशासन द्वारा पुलिस के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतगणना केंद्र में सिर्फ प्रत्याशियों के साथ-साथ उनके एजेंटों को प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इसके अलावा मतगणना केंद्र में प्रत्याशियों व एजेंटों के फोन लेजाना वर्जित था। होडल नगर परिषद चेयरमैन व वार्ड पार्षदों के मतगणना के लिए प्रशासन द्वारा राजकीय महाविद्यालय को केंद्र बनाया गया था। बुधवार सुबह से ही चेयरमैन व वार्ड प्रत्याशी अपने एजेंटों के साथ राजकीय महाविद्यालय में पहुंच गए थे। मतगणना को देखते हुए महाविद्यालय के चारों ओर पुलिस के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। इसके अलावा पुन्हाना मोड व बस स्टैंड के पास मार्ग के दोनों ओर पुलिस ने नाके लगाकर मतगणना केंद्र तक दोपहिया व चौपहिया वाहनों का पूरी तरह से प्रवेश पर पाबंदी लगाई हुई थी। मतगणना केद्र के गेट पर मौजूद पुलिस कर्मी पूरी चैकिंग के साथ प्रत्याशियों, ऐजेंटों व प्रशासनिक अधिकारियों को अंदर जाने की अनुमति दे रहे थे। प्रशासन द्वारा मतगणना सुबह आठ बजे शुरू कर दी गई थी। चेयरमैन के सातों राऊंड में इंद्रेश सौरात ने 9 हजार 629 मत प्राप्त किए जबकि उदय सौरोत ने 5827 मत प्राप्त किए। इंद्रेश सौरोत ने उदय सौरोत से 3802 अधिक मत प्राप्त कर जीत हासिल की। इसके अलावा वार्ड नंबर एक से हरेंद्री, दो से रोहताश, तीन से सनीता देवी, चार से दीपक, पांच से हुकम चंद, छह से राज सिंह, सात से मनीषा, आठ से डिगम्बर, नौ से नीरज, दस से हेतराम, 11 से संगीता, 12 से कुलदीप, 13 से राजेंद्र कुमार, 14 से मीरा, 15 से लालचंद, 16 से जुवीन, 17 से पिंकी, 18 से पुनित, 19 से सीमा, 20 से रश्मि व 21 से पिंकी देवी ने जीत हासिल की। इस मौके पर सभी विजेता प्रत्याशियों को प्रशासन द्वारा उनके सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

### मत्स्य पालन विभाग की योजना में मिलेगा 10 दिन का प्रशिक्षण

**नूंह।** मत्स्य पालन विभाग की ओर से अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों को योजना स्कीम फॉर द वेलफेयर आफ शेड्यूल कास्ट फैमिली इन फिशरीज के तहत अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों को 10 दिन का मत्स्य प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रार्थी अपना प्रार्थना पत्र सरल पोर्टल के माध्यम से दे सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति प्रार्थना पत्र देकर 23 जून से मत्स्य प्रशिक्षण ले सकते हैं। जिला मत्स्य अधिकारी अनिता दहिया ने बताया कि प्रशिक्षण लेने वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षण के दौरान 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रशिक्षण भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मछली पालन के लिए पट्टे पर लिए गए तालाबों पर वित्तीय सहायता दी जाती है। प्रथम वर्ष पट्टा राशी 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा वास्तविक पट्टा राशी का 50 प्रतिशत दोनों में से जो भी कम हो तथा जिसकी अधिकतम सीमा 2 हेक्टेयर तक है। यह अनुदान पंचायती तालाब पर केवल अनुसूचित जाति के लिए है। इसी प्रकार जाल खरीद पर अनुदान के लिए मत्स्य पालकों को 20 हजार रुपये की खरीद पर 50 प्रतिशत या 10 रुपये जो भी कम हो अनुदान देने की व्यवस्था है। अधिसूचित जातियों में मछली पकड़ने के ठेके पर अनुदान स्वीकृत कुल बोली का 50 प्रतिशत अथवा 3 लाख रुपए जो भी कम हो अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि पंचायती तालाब की पट्टा राशि पर वित्तीय वर्ष व आगामी वर्ष के अनुदान के लिए पट्टा राशि का 25 प्रतिशत या 25 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर जो भी कम हो अनुदान प्रदान किया जाएगा। यह अनुदान पंचायती तालाब पर केवल अनुसूचित जाति के लिए है। उन्होंने सभी अनुसूचित जाति के लोगों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Suresh Kumar S/o Ved Parkash R/o H.No. 469, Sector-8, Faridabad have changed my name to Suresh Kumar Singla.

I, Satish Kumar S/o Chetan Dev R/o 1861, Sector-28, Faridabad have changed my name to Satish Kumar Arora.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051513013/3/04 पर रिक्त स्थान है। जिस पर किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे इन्दरा पत्नी दिनेश कुमार ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
इन्दरा पत्नी दिनेश कुमार
निवासी सेक्टर 2 जिला पलवल।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051513014/3/04 पर रिक्त स्थान है। जिस पर किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे रहीमी पत्नी इस्लाम ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
रहीमी पत्नी इस्लाम निवासी
गांव खरखड़ी तहसील तावडू
जिला नूंह।

# कोरोना वायरस को लेकर अभी भी सावधानी की जरूरत : उपायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



### नागरिक हाथों को साबुन, गर्म पानी या सैनिटाइजर से अच्छी तरह से धोएं

**उपायुक्त** अजय कुमार ने कहा यद्यपि प्रत्येक नागरिक कोरोना महामारी के प्रति जागरूक करें। लेकिन इसके बावजूद भी लगातार सावधानी बरतने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि कोरोना अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। रोजाना कुछ मामले सामने आ रहे हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए नियमित रूप से कुछ सावधानी बरतने की जरूरत है। इन सावधानियों का जिक्र करते हुए उपायुक्त ने कहा कि नागरिक अपने हाथों को साबुन और गर्म पानी से या अल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइजर से अच्छी तरह से धोएं।

उन्होंने कहा कि गले में खराश, गले में खराश और खांसी से राहत पाने के लिए गर्म पानी से स्नान या भाप से स्नान करें। अपने हाथों और अंगुलियों को अपनी आंखों, नाक और मुंह से दूर रखें। अधिक मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करें। संक्रमित लोगों के निकट संपर्क से बचें। अच्छी तरह पका हुआ भोजन अथवा मांस का सेवन करें। उन लोगों के निकट संपर्क से बचें जो लक्षण प्रदर्शित कर रहे हैं। खांसते या छींकते समय अपना मुंह ढक लें। लक्षण बने रहने पर डॉक्टर से संपर्क अवश्य करें।

## पीएम वाणी अपनाएं- सस्ती दरों पर इंटरनेट सुविधा पाएं : राजीव

**चंडीगढ़।** पीएम वाणी ( प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस ) योजना के तहत आम जनता को सस्ती दरों पर इंटरनेट सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

दूरसंचार विभाग, भारत सरकार इस योजना के बारे में जनता को जागरूक करने के साथ वाई-फाई हॉटस्पॉट लगाने के लिए तकनिकी उद्यमियों को प्रोत्साहित भी कर रहा है। हरियाणा दूरसंचार विभाग, पंचकूला के निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि जिस प्रकार से पब्लिक कॉल ऑफिस के माध्यम से हम किसी सम्बंधी से बातचीत कर सकते हैं, वैसे ही पब्लिक डाटा ऑफिस के माध्यम से इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं। पीएम वाणी योजना में पीडीओ धारक किसी भी टेलीकॉम कंपनी से कनेक्शन लेकर अपने क्षेत्र में वाई-फाई प्रदान कर सकता है और जनता अग्रिम भुगतान करके इस वाई-फाई का उपयोग कर सकती है।

# एमएसएमई की ईकाईयां पंजीकरण कराएं आज

### एआईएफओएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर और राष्ट्रीय महासचिव अनिल चौधरी ने किया आह्वान

### एआईएफओएम के अनिल कुमार चौधरी ने बताया, हरियाणा उद्यम मेमोरेंडम स्कीम में पंजीकरण भी कराएं

### एमएसएमई विकास संस्थान ओखला, नई दिल्ली एवं फरीदाबाद एमएसएमई केंद्र करेंगे सह आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आल** इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई ने आज गुरुवार को सुबह दस बजे से दोपहर डेढ बजे एमएसएमई केंद्र नीलम चौक फरीदाबाद में शिविर का आयोजन किया है। शिविर में एमएसएमई की ऐसी ईकाईयों को पंजीकरण कराने का मौका मिलेगा, जो किसी कारणवश एमएसएमई का पंजीकरण नहीं करा सके हैं। शिविर का आयोजन एमएसएमई विकास संस्थान ओखला, नई दिल्ली एवं जिला एमएसएमई केंद्र फरीदाबाद के सहयोग से होगा।

आल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर और राष्ट्रीय महासचिव अनिल चौधरी ने बताया कि भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय ने एक जुलाई 2020 से एक स्कीम लागू की थी। जिसके अनुसार 30 जून 2020 तक जो भी एमएसएमई इकाइयां किसी भी प्रकार का एमएसएमई पंजीकरण जैसे उद्योग आधारित मेमोरेंडम इत्यादि ले चुकी हैं। उन्हें उद्यम पंजीकरण कराना अनिवार्य घोषित कर दिया गया है। भारत सरकार ने ऐसी सभी इकाईयों के पंजीकरण कराने की अवधि अब 30 जून 2022 तक बढ़ा दी है।

आल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर और राष्ट्रीय महासचिव अनिल चौधरी ने एमएसएमई इकाई संचालकों से आह्वान किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं। संचालक गण शिविर में आकर एमएसएमई इकाई का पंजीकरण अवश्य कराएं।

आल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि इस शिविर में हरियाणा उद्यम मेमोरेंडम स्कीम के अंतर्गत पंजीकरण भी करा सकते हैं। एआईएफओएम भविष्य में एमएसएमई इकाईयों की सुविधा के लिए इस प्रकार के शिविरों को आयोजन करता रहेगा।

# नप नूंह से संजय, नपा फिरोजपुर-झिरका से मनीष तथा नपा पुन्हाना से बलराज बने चेयरमैन

## तीनों निकाय की मतगणना का कार्य जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह


बलराज सिंगला, चेयरमैन पुन्हाना नगरपालिका


मनीष जैन, चेयरमैन फिरोजपुर झिरका नगर पालिका


संजय मनोचा, चेयरमैन नूंह नगर परिषद

**जिला** में नगर परिषद नूंह, नगरपालिका फिरोजपुर-झिरका व पुन्हाना तीनों निकाय की मतगणना का कार्य आज जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतगणना के लिए नूंह के लिए यासीन मेव डिग्री कालेज व फिरोजपुर-झिरका तथा पुन्हाना के लिए आईटीआई परिसर में केंद्र बनाए गए थे।

नगर परिषद नूंह में चेयरमैन पद पर जेजेपी के उम्मीदवार संजय कुमार ने निर्दलीय उम्मीदवार विष्णु को 237 मतों से हराया। संजय कुमार को कुल 2704 मत मिले जबकि दूसरे नंबर पर रहे विष्णु को 2467 मत मिले। नगरपालिका फिरोजपुर-झिरका में चेयरमैन पद पर बीजेपी के उम्मीदवार मनीष कुमार ने निर्दलीय उम्मीदवार जय सिंह को 3928 मतों से हराया। मनीष कुमार को कुल 7056 मत मिले जबकि जयसिंह को 3128 मत मिले। नगरपालिका पुन्हाना में चेयरमैन पद पर बीजेपी से बलराज ने निर्दलीय प्रत्याशी समशुद्दीन को 1644 वोटों से हराया। बलराज को कुल 6415 मत तथा समसुद्दीन को 4771 मत मिले।

वहीं नूंह नगर परिषद के वार्ड पार्षदों की बात करें तो वार्ड 1 से नियमत अली ने 221 वोट से जीत हासिल की। वार्ड 2 से सद्दाम हुसैन ने 4 वोटों से जीत हासिल की।

### मेले गरीबों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सिद्ध हो रहे हैं कारगर

# अंत्योदय मेले पात्र व्यक्तियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठा रहे : एसडीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह


मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला में आवेदन करते हुए लोग।

**एसडीएम** पुन्हाना मनीषा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना जरूरतमंद लोगों को आजीविका के संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए तथा समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तृतीय चरण के अंतर्गत पिनगवां खंड में मेले का आयोजन किया गया।

एसडीएम ने कहा कि उपायुक्त अजय कुमार के मार्गदर्शन में नूंह जिला में तृतीय चरण के मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के नेतृत्व में अंत्योदय की भावना के साथ सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास जीतते हुए गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों के माध्यम से समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार जनसेवा को समर्पित होकर अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति के उत्थान में सराहनीय व उल्लेखनीय कदम उठा रही है। प्रदेश में गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य अंत्योदय की भावना से जरूरतमंद को आर्थिक रूप से लाभान्वित करना है। इस योजना के तहत उन परिवारों को शामिल किया गया है जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम हैं और उनकी आय को एक लाख 80 हजार रुपए तक पहुंचाना प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य है।

# देसी कपास की खेती से लागत कम कर बढ़ाएं मुनाफा

## सरकार दे रही तीन हजार रुपये प्रति एकड़ अनुदान

### अनुदान के लिए 3 जून तक करना होगा आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



**देसी** कपास की खेती को अपनाकर किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। इसकी खेती के दौरान बहुत कम पानी की जरूरत पड़ती है और बाजार में देसी कपास का भाव सामान्य कपास के मुकाबले अधिक रहता है। जल शक्ति अभियान कैच दा रेन, वेयर ईट फॉल, वन ईट फॉल के बरसात के पानी का सदुपयोग किया जा सकता है। हरियाणा सरकार की ओर से भी देसी कपास की खेती करने वाले किसान को प्रति एकड़ तीन हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि देसी कपास एक ऐसी किस्म है। जिसको उगाकर किसान काफी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। इसकी खेती के दौरान फसल को काफी कम पानी की जरूरत होती है। जिससे किसान का खर्च भी कम होता है। यही नहीं बाजार में इस देसी कपास की कीमत सामान्य किस्म से काफी अधिक रहती है। साथ ही प्रदेश सरकार की ओर से भी देसी कपास की खेती को अपनाने वाले किसान को प्रति एकड़ के हिसाब से तीन हजार रुपए का अनुदान भी दिया जा रहा है। ऐसे में किसान देसी कपास को अपनाकर दोगुना फायदा उठा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने फसल विविधीकरण और खेती में किसानों की लागत को कम करने के उद्देश्य से देसी कपास की फसल बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। योजना के लिए आगामी 30 जून तक आवेदन किया जा सकता है। योजना का लाभ लेने वाले किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना जरूरी है। इस योजना से ना केवल फसल विविधता को बढ़ावा मिलेगा बल्कि फसल में कीटों से होने वाले नुकसान की भी कम संभावना होगी।

साथ ही इससे भूमि की उर्वरा शक्ति भी मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए कृषि विभाग की वेबसाइट एग्रीहरियाणाडॉटजीओवीडॉटआईएन का प्रयोग किया जा सकता है या फिर विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-1802-117 पर संपर्क भी किया जा सकता है।

## वाईस चेयरमैन ने टिक्करताल व प्राचीन किले का किया निरीक्षण

**चंडीगढ़।** महात्मा गांधी का कथन है, ''स्वच्छता, राजनीतिक स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है। उनके इसी कथन को मूर्तरूप देने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि ''हमें गंदगी और खुले में शौच के खिलाफ लड़ाई लड़नी है।

यह बात स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन श्री सुभाष चंद्र ने जिला पंचकूला के खंड मोरनी का औचक निरीक्षण करते हुये कही। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत थापली में बने ठोस व कचरा प्रबंधन का भी निरीक्षण किया। उन्होंनें निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के गांवों में स्वच्छता के काम प्राथमिकता से पूर्ण किये जायें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## बेरोजगारी का संकट

### भड़की भावनाएं

**काफी** लंबे समय से व्याप्त गंभीर बेरोजगारी संकट के कारण अग्निपथ योजना के खिलाफ लोगों की भावनायें भड़क गईं। अग्निपथ योजना के खिलाफ पैदा आंदोलन में यदि एकमात्र नहीं तो मुख्य कारण चारों ओर व्याप्त भयानक बेरोजगारी है जो खासकर कम कुशल लोगों में अधिक है। इसे समझने के लिए अर्थशास्त्री होना जरूरी नहीं है। नरेन्द्र मोदी सरकार और उसके समर्थक भले ही इसकी सारी जिम्मेदारी कोविड वैश्विक महामारी पर डाल दें, पर सच्चाई यह है कि नोवेल कोरोनावायरस के भारत में आने से पहले ही स्थति काफी खराब थी। श्रम मंत्रालय द्वारा मई, 2019 में जारी डेटा के अनुसार देश में बेरोजगारी दर 2017-18 में 6.1 प्रतिशत थी जो पिछले 45 साल में सर्वाधिक थी। जहां शहरों में सभी रोजगार योग्य नौजवानों में 7.8 प्रतिशत बिना रोजगार के हैं, वहीं गांवों में इनकी संख्या 5.3 प्रतिशत है। वैश्विक महामारी ने खासकर उन लोगों की स्थिति और खराब कर दी है जो पिरामिड में सबसे नीचे हैं। सौभाग्य से कुछ सुधार दर्ज किया गया है। सांख्यिकी व कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा पिछले सप्ताह जारी तिमाही श्रम शक्ति सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार शहरी भारत में बेरोजगारी दर इस वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में लगातार चौथी तिमाही गिरी है। यह अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 8.7 प्रतिशत से घट कर 8.2 प्रतिशत हो गई। जुलाई-सितंबर की तिमाही में यह 9.8 प्रतिशत तथा अप्रैल-जून तिमाही में 12.6 प्रतिशत थी। यह गिरावट स्पष्ट थी तथा पूरे वित्त वर्ष बनी रही। गैर-सरकारी स्रोत संभवत: आधिकारिक दावों की




पुष्टि करते हैं, भले ही वे आंकड़ों से पूर्णत: सहमत न हों।

अक्सर सरकार के प्रति आलोचनात्मक दृष्टिकोण से डेटा व विश्लेषण पेश करने वाले सेंटर फार मानीटरिंग इंडियन इकोनोमी ने अप्रैल के पहले सप्ताह में कहा कि फरवरी 2022 में बेरोजगारी दर 8.1 से घट कर मार्च में 7.6 प्रतिशत रह गई। विनिर्माण पर फिक्की के तिमाही सर्वेक्षण ने भी रोजगार बाजार में उछाल के संकेत मिलते हैं। सोमवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया, '2020-21 की तीसरी तिमाही की तुलना में इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की स्थिति में सुधार हुआ है, जहां अगले पांच महीने में प्रतीक्षा करने वाले लगभग 25 प्रतिशत लोग होंगे। इस प्रतिशत में काफी सुधार हुआ है क्योंकि 2022-23 की पहली तिमाही में रोजगार की प्रतीक्षा करने 53 प्रतिशत थे। अगले तीन महीने में अतिरिक्त कार्यबल की भर्ती होगी।' लेकिन बेरोजगारी का संकट इतना गंभीर है कि दर्ज किए सुधार नगण्य हैं और इस पर कोई बड़ा प्रभाव छोड़ने में अक्षम हैं। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि कार्यकाल की सुरक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा लाभ, आदि के साथ सरकारी नौकरी को वरदान माना जाता है। इसके साथ ही इसे हटाना या हटाने की आशंका धोखे के सिवा और कुछ नहीं लगती है। यह ऐसे में और बड़ा धोखा लगती है जब अन्य स्थानों पर रोजगार का गंभीर संकट हो। अग्निपथ योजना के खिलाफ आंदोलन में इसी दर्द की अभिव्यक्ति हुई है जो कई जगह हिंसक हो गया। जहां आंदोलन समाप्त कराने के लिए अल्पकालीन व मध्यकालीन उपायों की जरूरत है, वहीं बेरोजगारी के लंबे समय से जारी मुद्दे से निपटने के लिए दीर्घकालीन कदमों की आवश्यकता भी होगी। आर्थिक बहाली के समय देश में आंदोलन अत्यधिक हानिकारक हो सकते हैं।

# डब्ल्यूटीओ में भारत की सफल रणनीति

**विश्व व्यापार संगठन में जहां विकसित देश लाभ की स्थिति में थे, भारत अपने हितों को ज्यादा नुकसान होने से बचाने में सफल रहा।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




**विश्व** व्यापार संगठन-डब्लूटीओ में सारे निर्णय सहमति से लिए जाते हैं तथा हर सदस्य देश का स्वर समान होता है, लेकिन जब वास्तविक वार्ता का समय आता है तो भयानक असमानतायें देखने को मिलती हैं। विकसित देशों का प्रभाव बहुत अधिक है जिनमें अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, आदि शामिल हैं। वे बैठकों का एजेंडा तय करते हैं तथा विकासशील देशों से अपनी इच्छानुसार चीजें मनवा लेते हैं। हाल ही में जेनेवा में डब्लूटीओ के मुख्यालय में समाप्त व 12-17 जून तक चला 12वां मत्रिस्तरीय सम्मलेन-एमसी12 मोटेतौर से अतीत की इस परंपरा पर ही चला। भारत के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र 'खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के लिए सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग-पीएसएच का स्थाई समाधान' था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर गेंहू, चावल-धान व मोटे अनाज जैसे कृषि उत्पाद खरीदता है तथा उनको भारत के गरीबों व संकटग्रस्त जनसंख्या में 1,2,3 रुपये प्रति किलो की संस्ती कीमत पर वितरित करता है।

एमएसपी के साथ ही हैंडलिंग, भंडारण व वितरण पर होने वाला बिक्री मूल्य से अधिक अतिरिक्त खर्च का भुगतान सब्सिडी के रूप में केन्द्र सरकार के बजट से होता है। इसमें किसानों को सब्सिडी शामिल है जो एमएसपी के अलावा होती है। डब्लूटीओ की शब्दावली में इसे एक्सटर्नल रेफरेंस प्राइस-ईआरपी कहा जाता है जिसका उदाहरण अंतरराष्ट्रीय कीमत की तुलना में धान का अधिक मूल्य है। दूसरा, इसमें खाद्य उपभोक्ता को दी जानी वाली सब्सिडी है जिसका भुगतान मूल्य ईआरपी से अधिक होता है, जैसे 3 रुपये किलो चावल। डब्लूटीओ का सरोकार 'उत्पाद विशिष्ट' कही जाने वाली सब्सिडी से है। उसे कृषि निवेश, जैसे उर्वरकों, बीज, सिंचाई, बिजली, आदि पर दी जाने वाली सब्सिडी की भी चिन्ता है जिसे 'गैर-उत्पाद विशिष्ट' सब्सिडी कहा जाता है। डब्लूटीओ के कृषि समझौते-एओए के अंतर्गत उत्पाद व गैर-उत्पाद विशिष्ट सब्सिडी के योग या समेकित समर्थन उपाय-एएमएस को विकासशील देशों के कृषि उत्पादन का 10 प्रतिशत रखा गया है। यदि कोई सदस्य देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो यह समझौते का उल्लंघन होगा।

वर्तमान समय में भारत को 2013 में बाली की नवीं मंत्रिस्तरीय बैठक में 'शांति धारा' के अंतर्गत संरक्षण प्राप्त था। इसके अनुसार, 'यदि कोई विकासशील देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो कोई सदस्य इसे 2017 तक चुनौती नहीं देगा, जब डब्लूटीओ इसके स्थाई समाधान पर गौर करेगा।' दिसंबर, 2014 में आयोजित आम सभा-जीसी में इस प्रतिबंध में परिवर्तन कर कहा गया 'शांति धारा उस समय तक बनी रहेगी, जब तक कोई स्थाई समाधान नहीं तलाशा जाता है।' लेकिन शांति धारा के साथ अनेक शर्तें जुड़ी हैं। इसके अंतर्गत खाद्यान्न खरीद, स्टाकहोल्डिंग, वितरण व सब्सिडी के डेटा देने होंगे।

इसमें यह भी निर्धारित है कि सब्सिडी से 'व्यापार विकृति' नहीं पैदा होनी चाहिए। इससे भारत संकटग्रस्त स्थिति में आ जाता है। यह इस बात से स्पष्ट है कि कुछ देशों ने वर्ष 2018-19 में शांति धारा लागू करने पर 'सुरक्षा उपायों' व 'पारदर्शिता' पर जोर दिया था। इस पृष्ठभूमि में भारत 'स्थाई समाधान' की प्रतीक्षा कर रहा था। उसने 'खाद्य सुरक्षा के लिए पीएसएच समर्थन से पूर्णत: अलग रखने' की मांग की थी। विकल्प के रूप में उसने एओए के अंतर्गत कमियों को दूर कर एएमएस गणना का नया फार्मूला तैयार करने का अनुरोध किया था। इन कमियों में-1. ईआरपी को 1986-88 के आधार पर तय करना, 2. संसाधनहीन किसानों को दी जाने वाली सहायता को सब्सिडी से बाहर रखना तथा 3. पीएसएच के अंतर्गत खरीद की मात्रा के बजाय पूरा उत्पाद शामिल करना थीं। इन कमियों से 'कृत्रिम' रूप से एएमएस बढ़ जाता था जिससे भारत की सब्सिडी 10 प्रतिशत की सीमा से ऊपर चली जाती थीं और इस प्रकार उसे डब्लूटीओ के प्रति दायित्वों का उल्लंघन माना जा सकता था।

भारत तथा अन्य विकासशील देशों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण होने के बावजूद इस मुद्दे को चर्चा के लिए ही नहीं रखा गया और इसे अगली मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए टाल दिया गया। इस बीच एमसी12 ने विश्व खाद्य कार्यक्रम-डब्लूएफपी के अंतर्गत दूसरे देशों में खाद्य सुरक्षा के लिए निर्यात नियंत्रण पर रोक लगाने के खिलाफ निर्णय दिया। भारत के लिए ऐसे में गरिमा की बात यह है कि वह 'घरेलू खाद्य सुरक्षा' के लिए निर्यात पर रोक लगा सकता है। भारत के लिए दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा बौद्धिक संपदा अधिकारों-ट्रिप्स के व्यापार संबंधी आयामों पर सभी कोविड-संबंधी चिकित्सकीय व निदान उपायों का अपवाद रखना था जिसमें वैक्सीनें शामिल हैं। इस पर एमसी12 ने एक 'अस्थाई' व 'सीमित' पेंटेंट अपवाद को स्वीकार किया जिसका संबंध केवल कोविड-19 वैक्सीनों से है। इससे भारत को घरेलू आवयश्यकताओं तथा निर्यात के लिए बिना पेटेंट धारक की अनुमति लिए पेंटेंट वैक्सीन बनाने का उत्पादन अधिकार देने की अनुमति मिल जाती है। वैश्विक महामारी कोविड के खिलाफ संघर्ष में सभी तीन महत्वपूर्ण आयामों-टेस्टिंग, ट्रैकिंग व ट्रीटमेंट को शामिल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही वैक्सीनों, निदान व चिकित्सकीय वस्तुओं को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की जरूरत है। लेकिन इन मुद्दों पर 'छ: महीने में निर्णय लेने' की बात बेतुकी लगती है। वैक्सीनों के लिए पेटेंट रियायत की बात पर भी केवल पांच साल की समयसीमा रखना बहुत संकुचित है क्योंकि कोविड-19 अभी बना रहेगा तथा इसके अनेक नए स्वरूप जब तब सामने आते रहते हैं। यहां तक कि विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूटीओ भी लोगों को हर छ: महीने पर वैश्विक महामारी लौटने की चेतावनी दी है।

जहां तक फिशरीज़ सब्सिडी के तीसरे मुद्दे का मामला है, इसका संबंध 'प्रदूषक द्वारा भुगतान' तथा 'साझा पर अलग अलग जिम्मेदारियां' सिद्धान्त से है। भारत ने प्रस्ताव किया है कि विकसित देश अगले 25 साल में अपनी सब्सिडी समाप्त करें तथा विकासशील देशों को 25 साल के भीतर ओवर-फिशिंग के लिए सब्सिडी देने पर रोक लगाएं। एमसी12 ने तय किया कि 'ईईजेड या आरएफएमओ क्षेत्रों के बाहर फिशिंग पर कोई सब्सिडी नहीं दी जाएगी। ये अंतर-सरकारी संगठन हैं और इनमें संरक्षण-प्रबंधन उपायों के विधिक पालन की क्षमता मौजूद है। इनका निर्धारण 1982 में समुद्री मामलों में संरा. कानून में निर्धारित था जिसका वर्णन 1995 के संरा. फिश स्टाक समझौते में भी किया गया था।' यह भी सहमति बनी कि अवैध, चोरी छिपे या अनियमिति फिशिंग पर नियंत्रण लगाया जाए तथा ओवरफिशिंग पर 'बहुत कठोर नियंत्रण' लगाए जांए। यह निर्णय लीक से हट कर है और इससे गहरे समुद्र में बड़े पक्षों द्वारा ओवरफिशिंग पर रोक लगनी चाहिए। लेकिन यदि सब्सिडी समाप्त करने तथा व्यवस्थायें लागू करने व निगरानी पर समयसीमा होती तो ज्यादा अच्छा होता। इन निर्णयों का हमारे ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि ये कटौतियां केवल आईयूयू फिशिंग तथा ईईजेड या आरएफएमओ के बाहर फिशिंग पर हैं और भारत ऐसी गतिविधियों में शामिल नहीं है।

चौथे मुद्दे का संबंध ई-कामर्स पर कस्टम ड्यूटी से है। विकसित देश 1998 से जारी इस व्यवस्था के प्रमुख लाभार्थी हैं। भारत इसे समाप्त करवाने के पक्ष में था क्योंकि इससे विकासशील देशों को अरबों डालर का नुकसान होता है। इसके बावजूद इस सीमा को एमसी13 या मार्च 2024 तक विस्तार देने का निर्णय हुआ। भारत इसका प्रयोग विकसित देशों से लेनदेन के लिए कर सकता था ताकि वे 'खाद्य सुरक्षा पर पीएसएच के स्थाई समाधान' के लिए तैयार हो जाएं। उल्लेखनीय है कि जेनेवा में 31 जुलाई, 2014 को डब्लूटीओ महासभा की बैठक में भारत ने जोर दिया था कि खाद्य सुरक्षा के लिए स्थाई समाधान तलाशा जाए तथा उसे 2014 के अंत में व्यापार सुविधा समझौता-टीएफआर समाप्त होने के पहले क्रियान्वित कर दिया जाए जो विकसित देशों के लिए दिलचस्पी का विषय है। लेकिन दिसंबर, 2014 में यह अवसर हाथ से जाने दिया गया। भारत ने इस बार भी डब्लूटीओ में यह मौका गंवा दिया है।

कुल मिला कर यह कहा जा सकता है कि एमसी12 में विकसित देश हमेशा की तरह लाभ की स्थिति में रहे, हालांकि भारत ने अपने हितों को नुकसान नहीं होने दिया। इसका श्रेय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में भारतीय टीम द्वारा वार्ता में शानदार दृष्टिकोण अपनाना था।

# अग्निपथ को अधिक स्वीकार्य बनाने के उपाय



**वी.के. बहुगुणा**
(लेखक सेंटर फार रिसोर्स मैनेजमेंट एंड इन्वायरमेंट के अध्यक्ष हैं)

**स**रकार कुछ वर्षों के लिए सीधे तकनीकी विंग में 50 प्रतिशत पदों की पेशकश कर सकती है, डीए, ग्रेच्युटी और बीमा कवर बढ़ा सकती है। सेना, वायु सेना और नौसेना के तीनों अंगों में युवाओं की भर्ती के लिए सरकार की हाल ही में घोषित अग्निपथ योजना को देश के कई हिस्सों में हिंसक आंदोलन का सामना करना पड़ा है। यह योजना, 'टूर आफ ड्यूटी', आमतौर पर सैनिकों द्वारा युद्ध में या शत्रुतापूर्ण वातावरण में बिताई गई अवधि है। यह योजना देशभक्त और प्रेरित युवाओं को रक्षा बलों की सेवा करने का अवसर प्रदान करती है। कई देश अपने युवाओं को सेना में कुछ वर्षों तक सेवा करने का अवसर देते हैं जिससे उनमें देशभक्ति की भावना पैदा होती है। यह आपातकाल के समय आरक्षित लड़ाके भी तैयार करता है।

भारत में, सरकार शॉर्ट-सर्विस कमीशन के जरिए कमीशन अधिकारियों के रूप में चार साल के विस्तार के विकल्प के साथ 10 साल की सेवा की अनुमति देती है। पहले -1948, 1962 और 1965 के दौरान-ृआपातकालीन आयोग के तहत कमी को पूरा करने के लिए अधिकारियों की भर्ती की जाती थी। अग्निपथ योजना गैर-अधिकारी संवर्ग के लिए वैसी ही योजना है, इस अंतर के साथ कि यह तीन भारतीय रक्षा बलों में प्रवेश करने का एकमात्र तरीका होगा। यदि योग्यता और पारदर्शिता के आधार पर इसे ठीक से लागू किया जाता है, तो यह रक्षा बलों के आधुनिकीकरण के लिए स्वतंत्रता के बाद सरकार द्वारा उठाए गए सबसे दूरगामी क्रांतिकारी कदमों में से एक होगा।

यह योजना भारतीय सेना को युवा बनाएगी। सैनिकों की औसत आयु, जो अभी 32 वर्ष है, नियत समय में घटाकर 26 वर्ष कर दी जाएगी। यह अन्य खर्चों को भी कम करेगा जिन्हें आधुनिकीकरण के लिए मोड़ा जा सकता है और उन्हें आधुनिक युद्धों से लड़ने के लिए तकनीकी रूप से सुसज्जित किया जा सकता है, जबकि युवाओं को थोड़े समय के लिए सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। सवाल यह है कि इस योजना का राजनीतिकरण क्यों किया गया है? हिंसा और आगजनी में शामिल कई युवकों के साथ युवा



सड़कों पर उतर आए हैं। असहमति व्यक्त करने के लिए संस्थान और मंच मौजूद हैं लेकिन हाल के दिनों में गुंडागर्दी और सड़क जाम होना आम बात हो गई है। ज्यादातर समय, इस तरह की हलचलों को बाहरी और साथ ही आंतरिक राष्ट्र-विरोधी ताकतों ने अपने कब्जे में ले लिया है। इस तरह के विरोध प्रदर्शन से लोगों को काफी परेशानी होती है। सरकार कुछ हद तक इस दोष के लिए साझीदार मानी जानी चाहिए। कोई योजना कितनी भी अच्छी हो, उसे हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद ही शुरू किया जाना चाहिए। खासकर किसान आंदोलन के अनुभव के बाद किसी ने सोचा होगा कि सरकार यह सबक सीखेगी, अच्छे कानूनों को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को वापस लेना पड़ा। अग्निपथ योजना के लिए रक्षा मंत्रालय को सार्वजनिक टिप्पणियों को आमंत्रित करना चाहिए था और फिर सरकार के बजाय इसकी घोषणा करनी चाहिए थी कि अब केंद्रीय पुलिस संगठनों में 10 प्रतिशत रिक्तियां अग्निपथ के लिए आरक्षित होंगी और ऊपरी आयु को बढ़ाकर 23 कर दिया जाएगा। निराश नेताओं द्वारा समर्थित कुछ असामाजिक तत्व ऐसे अवसरों को भुनाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि वे वापस लेने के लिए मजबूर कर सकते हैं और पुलिस आगजनी व हिंसा में लिप्त होने पर भी कड़ी कार्रवाई नहीं कर सकती है। संसाधन प्रबंधन के छात्र के रूप में, यह लेखक प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री को सुझाव देना चाहता है कि अग्निपथ की अवधारणा निश्चित रूप से एक क्रांतिकारी अवधारणा है जिसे क्रमिक रूप से पेश करने की आवश्यकता है। हमें अपनी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों के बारे में भी जागरूक होना चाहिए। इसके अलावा, युवाओं के सैन्यीकरण की संभावना है। कुछ विचार कठिन प्रश्न की ओर जाने चाहिए: क्या होगा, यदि चार साल के सैन्य प्रशिक्षण वाले युवाओं की ऊर्जा को सेना से लौटने के बाद सावधानी से नहीं लगाया जाता है। जब तक अग्निपथ की प्रभावशीलता सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक सरकार को तकनीकी विंग में कम से कम 50 प्रतिशत पदों को कुछ वर्षों तक सीधे नियमित आधार पर भरना जारी रखना चाहिए। दूसरा, नेपाल के गोरखाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं है जो भारतीय सेना का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और जो भारत-नेपाल संबंधों का एक चमकदार उदाहरण हैं।

तीसरा, रेजीमेंटों के जाति, धर्म और क्षेत्रवार गठन को नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि यह एक बड़ा प्रेरक कारक रहा है। चौथा, बिना किसी पेंशन दायित्व के अग्निशामकों के लिए चार साल के विस्तार का प्रावधान करना संभव बनाना चाहिए। पांचवां, सरकार को अपने मासिक योगदान को उचित रूप से बढ़ाना चाहिए, महंगाई भत्ते की अनुमति देनी चाहिए और जो वादा किया गया है उसके अलावा 10 लाख की ग्रेच्युटी देनी चाहिए। छठा, युवा अग्निवीर के लिए 44 लाख रुपये का बीमा कवर कम है। यह कम से कम एक करोड़ रुपये होना चाहिए।

अंत में, मगर महत्वपूर्ण यह कि राजनीतिक नेताओं और नौकरशाही द्वारा मौखिक व कार्यकारी निर्देशों की अवहेलना की जाती है। इसलिए, पुलिस और अन्य वर्दीधारी सेवाओं में, केंद्र के साथ-साथ राज्यों व निजी क्षेत्र में भी कुछ प्रतिशत पदों को संसद के एक अधिनियम द्वारा पात्र अग्निशामकों के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए। यदि इन सुझावों पर विचार किया जाता है, तो यह योजना भारतीय रक्षा बलों के भविष्य के साथ-साथ हमारे युवाओं की मानसिकता को भी बदल सकती है।

## आप की बात

### स्वस्थ जीवन का आधार

**योग** भारत देश की प्राचीन परंपरा है। इसे सारी दुनिया मे लोकप्रिय बनाने के संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया था। देश के प्रधानमंत्री स्वयं हर वर्ष योगदिवस पर योग समारोह में योग करते है। इसके अलावा मोदी जी की दिनचर्या का अंग है योगाभ्यास। इसी का कमाल है कि वे 18 घण्टे दिन-रात राष्ट्र सेवा में आठ वर्षो से बिना छुट्टी के लगे है। योग को एकांत स्थान में करना चाहिये। सड़कों, गलियारों, पार्को और सार्वजनिक स्थल पर लोगों को दिखाने के लिये नहीं करना चाहिये। इसका लाभ निरोगी काया के रूप में मिलेगा। अच्छा होगा सरकार यदि बच्चों को प्राथमिक विद्यालयों से ही योगाभ्यास कराने की व्यवस्था करे। ये बच्चे आगे चलकर देश के स्वस्थ नागरिक बनकर भारत के विकास में अपना योगदान देंगे। आत्मनिर्भर और शक्तिशाली देश के लिये स्वस्थ नागरिकों की जरूरत है। जो योग के नियमित अभ्यास से मिल सकते है। योग एक विज्ञान है। इसका अभ्यास बच्चे,बूढ़े और जवान सभी कर सकते है। हम सभी लोग खुशहाल और स्वस्थ जीवन योग से प्राप्त कर सकते हैं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, उन्नाव

### राष्ट्रपति चुनाव

**भारत** के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को खत्म हो रहा है और संविधान के अनुसार, नए राष्ट्रपति का चुनाव उससे पहले पूरा हो जाना चाहिए। राष्ट्रपति की महत्वपूर्ण भूमिका के मद्देनजर, राष्ट्रपति चुनाव के संभावित उम्मीदवार पर सरकार और विपक्षी दलों में गहमागहमी तेज हो गई है। एक तरफ जहां भाजपा ने पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को राजनातिक दलों और निर्दलीय सांसदों के साथ बातचीत के लिए अधिकृत किया है तो वहीं विपक्ष भी आपस में बातचीत कर रहा है। 15 जून को ममता बैनर्जी ने दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में सभी प्रोग्रेसिव विपक्षी शक्तियों की बैठक बुलाई थी लेकिन विपक्ष में बिखराव, एकता की कमी, किसी विषय पर आपस में लीड लेने की होड़ में, कई मानकों में प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी की मजूबत स्थिति को दशार्ती है। ऐसे वक्त में, जब राष्ट्रपति चुनाव नजदीक हैं व भाजपा दिन-प्रतिदिन मजबूत होती जा रही है तब तो यह मौका विपक्षी दलों के लिए खास है आपस में बात करने और भारतीय राजनीति के भविष्य के रास्ते को तय करने की जरूरत है, लेकिन विपक्ष की स्थिति मुश्किल ही है।

– **निधि जैन,** गाजियाबाद

### परम्परागत भारतीय भोजन

**भारत** बहुत तेज़ी से ताजे भोजन की त्याग डिब्बेबन्द भोजन की ओर अग्रसर है। अमरीका में गरीब वर्ग मैक्डॉनल्ड केएफसी का खाना खाता है। अमरीका के रईस धनाढ्य करोड़पति लोग ताज़ी सब्जियां उबाल कर खाते हैं, ताज़े गुंधे आटे की गर्मा गर्म रोटी खाना बहुत बड़ी विलासिता है। ताज़े फलों और सब्जियों का सलाद वहां पैसे वालों को नसीब होता है ताजी हरी पत्तेदार सब्जियां अमीर लोग ही खा पाते हैं। गरीब जनता पैकिज फूड खाती है। आजकल भारतीय शहरों के नव धनाढ्य लोग अपने बच्चों का जन्मदिन मैक्डॉनल्ड में मनाते हैं। भारत का गरीब से गरीब आदमी भी ताजी सब्जी, ताजी उबली हुई दाल भात खाता है । ताजा खीरा ककड़ी खाता है। ताज़ा भोजन समय के साथ महंगा सस्ता होता रहता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम पश्चिम की अंधी नकल छोड़ कर परंपरागत व ताजे भोजन की भारतीय परंपरा को समृद्ध बनाएं। भारत के सभी क्षेत्रों का परंपरागत भोजन सभी आवश्यक तत्वों से भरपूर होता है और हमें समुचित पोषण देता है।

– **परमवीर 'केसरी'**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पिछले** साल बांग्लादेश से हमारे संबंध उच्च स्तर पर पहुंचे हैं।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

**हमारा** लक्ष्य यह तय करना है कि समय यूक्रेन के पक्ष में रहे।

– **बोरिस जान्सन**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री





**मुझसे** पूछा गया था कि क्या सहमति बनने पर मैं राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनूंगा।

– **गोपाल कृष्ण गांधी**
महात्मा गांधी के प्रपौत्र

# 19 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने नगर निगम में की बैठक

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड भंग करने पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की



नगर निगम में बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**नगर पालिका** कर्मचारी संघ सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर पालिका एवं फायर के सभी कच्चे कर्मचारियों को विभाग के पे-रोल पर लेकर समान काम समान वेतन देने, पॉलिसी बनाकर सभी कर्मचारिओं को पक्का करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड को भंग करने, पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर सोनीपत ईकाई की मीटिंग नगर निगम सोनीपत में हुई।

मिटिंग की अध्यक्षता ईकाई प्रधान भारत कंडेरा ने की। संचालन ईकाई सचिव राजा भाई ने किया। मिटिंग में सफाई, फायर व दफ्तर के कर्मचारिओं ने भाग लिया। नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य उपमहासचिव शिवचरण, राज्य प्रैस सचिव राजीव खत्री ने कर्मचारिओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कार्यरत सभी विभागों, बोर्ड, निगम, नगरनिगम, परिषद /पालिकाओं, सोसाइटीज व विश्वविद्यालयों से कच्चे कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम की आड़ में सरकार किसी न किसी बहाने से छंटनी करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कौशल रोजगार निगम में कई पदों को खत्म कर दिया गया है।

सालों से काम करने वाले कर्मियों पर निगम ने अपनी शैक्षणिक योग्यता थोप दी है। निगम रेट निश्चित कर कर्मियों के वेतन कम कर दिए है। एक कर्मचारी को दो-तीन पदों का काम देकर 11 महीने के लिए ऑफर लेटर दिए जा रहे है।

नियुक्ति पत्र तक देने पर रोक लगा दी गई है। पुरानी वरिष्ठता खत्म कर दी गई है। कर्मचारियों के नियमित होने के अवसर एक सोची समझी साजिश के तहत खत्म कर दिए गए है। फायर में नई भर्ती करके कई- कई वर्षो से लगे हुए 1366 कर्मचारिओं की छंटनी करके रोज़गार छीनने की सरकार तैयारी की जा रही है। जिसके विरोधस्वरूप नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा 26 जून को राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन महात्मा ज्योतिबा फुले सामुदायिक केंद्र सुखपुरा नगर निगम, रोहतक में बुलाया गया है।

### कहा, शोषणकारी नीतियों का करेंगे विरोध

ईकाई प्रधान भारत कंडेरा, सचिव राजा भाई, वरिष्ठ उपप्रधान करतार सिंह, कैशियर दीपक बहोत, फायर से जिला प्रधान संदीप कुमार ने कहा कि सरकार की इस तरह की शोषणकारी नीति का पुरजोर विरोध किया जायेगा और कर्मचारियों व बेरोजगार युवाओं के साथ खिलवाड़ करने वाला हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही पालिका व फायर के सभी कच्चे कर्मचारियों को विभाग के पे-रोल पर लेकर पक्का नहीं किया व कौशल रोजगार निगम को भंग नहीं किया गया तो आंदोलन को तेज किया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। इस अवसर पर रवि चोहान, सुमन, विमला, उपप्रधान कमलेश, कमलेश, कान्ता, फायर से प्रवेश कुमार, अजीत कुमार समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



चयनित साई कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी।

# साई कुरुक्षेत्र के पांच खिलाड़ी भारतीय वालीबॉल टीम में चयनित

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भारतीय** खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र शाखा के पांच खिलाड़ियों का चयन भारतीय वालीबॉल टीम में हुआ है। यह खिलाड़ी ईरान में 15 से 27 अगस्त तक होने वाली 14वीं 18 वर्ष से कम आयुवर्ग की की एशियन चैम्पियनशिप में अपने खेल के हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

अहम पहलू यह है कि भारतीय वालीबॉल टीम के लिए देश के विभिन्न राज्यों के लिए देश के 20 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें से 5 खिलाड़ी कुरुक्षेत्र साई के है। इस उपलब्धि पर भारतीय खेल प्राधिकरण की क्षेत्रिय निदेशिका ललिता शर्मा ने साई कुरुक्षेत्र के प्रभारी कुलदीप सिंह वड़ैच, वॉलीबॉल के प्रशिक्षक राहुल सांगवान के साथ-साथ खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। भारतीय खेल प्राधिकरण साई शाखा कुरुक्षेत्र के प्रभारी कुलदीप सिंह वड़ैच ने साई कुरुक्षेत्र की इस बहुत बड़ी उपलब्धि पर भारतीय टीम के लिए चयनित खिलाड़ियों और प्रशिक्षक राहुल सांगवान शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की टीम ने 20 में से 5 खिलाड़ियों का साई कुरुक्षेत्र से चयन होना एक ऐतिहासिक क्षण है। यह पहली बार हुआ है कि देश की टीम में एक ही सेंटर से 5 खिलाड़ियों का एक साथ चयन हुआ हो।

अब यह खिलाड़ी भुवनेश्वर में 14 अगस्त तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। इसके बाद भारतीय वालीबॉल टीम 15 से 20 अगस्त तक ईरान में होने वाली 18 वर्ष से कम आयु वर्ग वाली 14वीं एशियन चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र साई सेंटर के खिलाड़ी लवी कुमार सेंटर, शेखर तुरण व दिग्विजय मिडिल ब्लॉकर, अभिषेक यूनिवर्सल तथा योगेश कुमार का लिब्रो के रुप में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर साई के पूर्व प्रभारी गुरविंद्र सिंह, सतपाल सिंह, सुदेश शर्मा, सुधीर दहिया, प्रवीण कुमार, राजवेंद्र कौर, अजायब सिंह, रामानुज व जमन बहादुर ने प्रशिक्षक राहुल सांगवान व खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## संक्षिप्त-समाचार

### शिविर में विभिन्न आसनों को विस्तार से समझाया



शिविर में प्रशिक्षक को स्मृति चिन्ह देते परिषद के पदाधिकारी।

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद।** भारत विकास परिषद शाहाबाद द्वारा माता रुकमणि राय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। परिषद के अध्यक्ष अनिल अरोड़ा और सचिव गुरचरण सिंहल ने बताया कि शिविर में आर्ट आफ लिविंग से नवदीप द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने विभिन्न आसनो को विस्तार से समझा कर उनके करने के ढंग, समय व उनके लाभ के बारे विस्तार से जानकारी दी। परिषद के प्रचार सचिव राजेश बावेजा ने बताया कि शरीर की उचित देखभाल और योग करके गम्भीर रोगों के बचा जा सकता है। इस अवसर पर मनीष मलिक, अमरनाथ, परमजीत पाहवा, हेमन्त बठला, संजय ठुकराल व रमन अरोड़ा विशेष तौर पर मौजूद रहे।

### नींबू व अमरूद का बाग लगाने पर मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान

**गुरुग्राम।** प्रदेश में परंपरागत खेती के जोखिमों को कम करने व फसल विविधिकरण के तहत खेती कर रहे किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए बागवानी विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के बाग लगाने के लिए किसानों को अनुदान राशि दी जा रही है। अनुदान योजना के तहत जिला में नींबू, वर्गीय फल व अमरूद का बाग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान राशि दी जा रही है। इनके जुलाई व अगस्त माह में बाग लगाए जाते हैं। ऐसे में सभी किसान सरकारी नर्सरी, बागवानी विश्वविद्यालय एवं एनएचबी द्वारा एक्रीडेटेड नर्सरी से ही पौधे लेना सुनिश्चित करें। एनएचबी एक्रीडेटेड नर्सरी की सूची कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि बागवानी स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक किसान हॉर्टनेट पोर्टल पर अप्लाई कर सकते हैं। वहीं अधिक जानकारी के लिए बागवानी विभाग के ब्लाक कार्यालय पर उद्यान विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

# मास्टर ऑल इंडिया एथलेटिक चैम्पियनशिप में धर्मपाल सैनी ने जीता सिल्वर पदक

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



धर्मपाल सैनी का स्वागत करते साई के प्रभारी कुलदीप सिंह व अन्य।

**कुरुक्षेत्र** के बीएसएनएल से सेवानिवृत्त एसडीओ 70 वर्षीय धर्मपाल सैनी ने ऑल इंडिया मास्टर एथलेटिक चैम्पियनशिप में हरियाणा के लिए सिल्वर पदक जीत कर बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि को लेकर साई सेंटर कुरुक्षेत्र में जश्न मनाया गया।

यहां पर एथलेटिक खिलाड़ी धर्मपाल सैनी को साई प्रभारी कुलदीप सिंह वड़ैच व अन्य प्रशिक्षकों ने सम्मानित भी किया। कुरुक्षेत्र सेक्टर-7 निवासी करीब 70 वर्षीय धर्मपाल सैनी के पुत्र पंकज की कुछ समय पहले किसी बीमारी के कारण मौत हो गई थी। इस मौत के बाद धर्मपाल सैनी ने अपने आपको घर में ही बंद कर लिया और बेटे के गम में ही डूबे रहे। इस बीच पड़ोसी एवं साई के पूर्व प्रभारी गुरविंद्र सिंह ने धर्मपाल सैनी को एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस प्रेरणा से धर्मपाल सैनी ने मंथन किया और निर्णय लिया कि बेट के गम से निकलने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं उनके लिए सहायक होंगी। इसलिए उन्होंने आल इंडिया मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेने का मन बनाया। इस चैम्पियनशिप के अभ्यास के लिए कुछ ही दिन मिले। उन्होंने कहा कि गुजरात के वड़ोदरा में 16 से 19 जून को आल इंडिया एथलेटिक फैडरेशन की तरफ से पहली आल इंडिया मास्टर एथलेटिक चैम्पियनशिप के स्टेपिल 2 किलोमीटर इवेंट में भाग लिया। इस इवेंट में 65 से 70 आयुवर्ग के खिलाड़ी ही भाग ले सकते थे। इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से उनके परिवार में कुछ खुशियां लौटी है। वे जल्द ही मास्टर एथलेटिक के अध्यक्ष एवं खेल मंत्री के पिता गुरचरण सिंह से मिलेंगे और अपना पदक समर्पित करेंगे। साई कुरुक्षेत्र में प्रभारी कुलदीप सिंह वड़ैच, पूर्व प्रभारी गुरविंद्र सिंह, पूर्व डीएसओ यशबीर सिंह, डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह, राहुल सांगवान, सुधीर दहिया, प्रवीण कुमार, चांद राम, अरुण, नरेश सैनी आदि ने बधाई दी है।



# सदर बाजार हनुमान मंदिर परिसर में हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**संयुक्त** हिन्दू संघर्ष समिति के आह्वान पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में सैंकड़ों धर्मप्रेमी नगरवासियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पुजारियों की देशव्यापी संस्था अर्चक पुरोहित संघ के अध्यक्ष के लिए शीतला माता मन्दिर के मुख्य पुजारी आचार्य जयभगवान को मनोनीत किया गया।

संयुक्त हिन्दू संघर्ष समिति के डाकखाना चौक स्थित हनुमान मन्दिर परिसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में हिस्सा लेने के लिए नगर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अनेकों राष्ट्रभक्तों के साथ ही सदर बाजार गुरुग्राम से भी व्यापारियों ने हिस्सा लिया। उपस्थित जनसमूह ने भगवान हनुमान का गुणगान करते हुए सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। समिति के अध्यक्ष महावीर भारद्वाज ने कहा कि मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ से हिंदू शक्ति का जागरण होगा। उन्होंने कहा कि हिंदू शक्ति संगठित होकर अपने गौरवशाली इतिहास एवं परंपरा के आधार पर खड़ी होगी तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ आयोजन में ब्रहम प्रकाश कौशिक, राजीव मित्तल, कुलभूषण भारद्वाज, रिटायर्ड सेशन जज अनिल विमल, चेतन शर्मा, सीएम विन्डो के गुरूग्राम अधिकारी अमित गोयल, अनुराग कुलश्रेष्ठ, राजेश अवस्थी, बीएल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं होने पर प्रदर्शन किया : विनोद शर्मा



पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**हरियाणा** गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की शाखा पब्लिक हेल्थ की बैठक यूनियन कार्यालय नियर लघु सचिवालय जलघर प्रांगण में हुई।

मीटिंग की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान धूप सिंह लाकड़ा एवं मीटिंग का संचालन प्रदेश और ब्रांच सचिव विनोद शर्मा ने किया। मीटिंग में मुख्य रूप से जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज, जिला कोषाध्यक्ष सुंदर सिंह, जिला मुख्य सलाहकार तेज प्रकाश गौड़ ने भाग लिया। ब्रांच महासचिव विनोद शर्मा ने कहा कि आज कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक की गई।

जिसमें कर्मचारियों की मांगों का लंबे समय से कोई समाधान नहीं हो रहा है, जिससे कर्मचारियों में काफी रोष है। कर्मचारियों के रोष को देखते हुए संगठन ने फैसला लिया है कि अगर जल्द से जल्द कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं होता है तो भविष्य में विभाग के अधिकारियों के खिलाफ आगामी आंदोलन करने पर मजबूर होगा संगठन। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विभाग के उच्च अधिकारियों की होगी। मीटिंग में सुरेश नैयर, नरेश कुमार, धर्मबीर, याद सिंह, रणबीर सिंह, संजय, दलीप सिंह, धर्मेंद्र, इंद्रजीत, जगदीश, रामेश्वर, अशोक, सूरज, पवन, मौसम, विनोद, महेंद्र सारसर, दिनेश कुमार, कृष्ण दुग्गल, सतबीर शर्मा, सुरेश कुमार, देवेन्द्र, सुरेन्द्र, शंभू, पंचराम, सुंदर सिंह, अमित कुमार, राजबीर सिंह, वेदपाल आदि कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार और विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

## नशा तस्कर को 900 ग्राम गांजे सहित किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी सब इंस्पेक्टर राकेश सिंह की टीम ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रोशन उर्फ राजा है जो मूल रूप से बिहार के जिले लक्की सराय के गांव जवास हिरादण्ड का तथा हाल में फरीदाबाद के पटेल नगर सेक्टर 4 में किराए पर रहता है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना पर थाना सेक्टर 8 के क्षेत्र से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर मौके पर 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर आठ में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पेंटर का काम करता है। आरोपी नशे करने का आदी है। वह अभी कुछ दिन पहले अपने गांव शादी में गया हुआ था।

# रोजाना योग करने से शारीरिक और मानसिक रोग होते हैं दूर : मनप्रीत कौर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



छात्राओं को संबोधित करती योग शिक्षिका मनप्रीत कौर।

**उदयन** केयर आईटी सेंटर कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यशाला लगाई गई। उदयन केयर आईटी सेंटर की संयोजिका डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग एलायंस यूएसए एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रमाणित योग शिक्षिका मनप्रीत कौर ने योग बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

मनप्रीत कौर ने सभी छात्राओं को विभिन्न प्रकार के आसन व प्राणायाम करवाए। सर्व प्रथम उन्होंने योग की शुरूआत गायत्री मंत्र से की। उन्होंने योग के विभिन्न आसन ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, वज्रासन व श्वासन करवाए। इसके बाद उन्होंने कई तरह के प्राणायाम कपालभाति, भ्रामरी, नाड़ी शोधन प्राणायाम, अनुलोम विलोम करवाए। मनप्रीत कौर ने इन सभी योगासन व प्राणायाम के लाभ के बारे में जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। योग का जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रोजाना योग करने से शारीरिक और मानसिक रोग दूर रहते हैं। बढ़ते तनाव को कम करने के लिए और जीवन शैली से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को योग से दूर किया जा सकता है।

योग करने से शरीर मजबूत बनता है। योग से शारीरिक और मानसिक ऊर्जा बढ़ती है। इस अवसर पर आईटी ट्रेनर गीतांजलि, सॉफ्ट स्किल ट्रेनर एकता, उदयन शालिनी असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर निशा व सुपरवाइजर कुंजम भी मौजूद रही।

# जीवीएम की छात्राओं ने निकाली नशा विरोधी रैली

## नशा मुक्त भारत का दिया संदेश, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कोमल रहीं अव्वल

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



नशा मुक्त जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया।

**आजादी** का अमृत महोत्सव के तहत जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्राओं ने नशा मुक्त भारत का संदेश देते हुए जागरुकता रैली निकाली। इस मौके पर विषय के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें कोमल अव्वल रही। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने सफल आयोजन पर बधाई देते हुए नशाखोरी के खिलाफ नियमित संघर्ष के लिए प्रोत्साहित किया।

जीवीएम में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की संयोजक प्राध्यापिका रूचिका विरमानी के नेतृत्व में कॉलेज की एनसीसी व एनएसएस इकाइयों के सहयोग से नशा विरोधी जागरुकता रैली का आयोजन किया गया, जिसे प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं ने भारत को पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनाने का संदेश देते हुए जोरदार नारे लगाये। छात्राओं ने संदेश दिया कि एकजुट प्रयासों से ही यह संभव होगा।

इस दौरान नशा मुक्त भारत विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छात्रा कोमल ने प्रथम व मुस्कान ने द्वितीय तथा इतिश्री ने तृतीय स्थान हासिल किया।

तन्नू व रजनी व भावना को संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गये। इस मौके पर संयोजक प्राध्यापिका रूचिका विरमानी ने कहा कि विश्व नशा विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत यह आयोजन करवाया गया। उन्होंने कहा कि नशाखोरी को जड़ से खत्म करने की जरूरत है। नशे की लत युवाओं को बर्बाद कर देती है।

नशे को लेकर नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने जागरूकता रैली के आयोजन में विशेष सहयोग देने वाली एनसीसी प्रभारी सपना, एनएसएस प्रभारी अनीता राणा, वार्डन सुनीता व भैरवदत्त का भी आभार व्यक्त किया।

प्रेरणा

पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

जिंदगी में जिन्हें बहुत सा काम करना होता है,
सितारों तलक जिन्हें अपना नाम करना होता है,
वो जिंदगी का एक पल भी खोते नहीं हैं,
हर हाल में खुश रहते हैं कभी रोते नहीं हैं।

# संस्कृत विद्वान डॉ. सत्येन्द्र सत्यम शास्त्री का निधन बड़ी क्षति : डॉ. दिनेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** संस्कृत अकादमी द्वारा वर्ष 2020 के महर्षि वाल्मीकि सम्मान से पुरस्कृत संस्कृत विद्वान तथा विश्व हिंदू परिषद् के अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र सत्यम शास्त्री गुरुग्राम के निधन से संस्कृत जगत में अत्यधिक क्षति हुई है। सत्येंद्र सत्यम शास्त्री पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे।

उनके निधन पर हरियाणा संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. दिनेश शास्त्री ने गहरा दुख प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की है। डॉ. दिनेश शास्त्री ने बताया कि सत्येंद्र सत्यम शास्त्री ने संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए जो कार्य किए हैं, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। निदेशक ने कहा कि स्वर्गीय शास्त्री जी भारतीय संस्कृति, हिंदुत्व और सामाजिक हित के लिए बड़े ही प्रभावी कार्य किए हैं। अकादमी के निदेशक ने सत्येंद्र सत्यम शास्त्री के परिवार के सदस्यों को सांत्वना देते हुए उन्हें धैर्य और संयम बनाए रखने के लिए अभिप्रेरित किया।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्त्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060119357760 **नरेश जिन्दल (ऋणी)**, निशा (सह-ऋणी) | 15 मार्च 2022 ₹ 431963/- अक्षरे चार लाख इकत्तीस हजार नो सौ तरेसठ मात्र दिनांक 15 मार्च 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित नगर पालिका प्लॉट नं. 34 20/15/2 आबादी मौजा जोदियान यमुना नगर जगाधारी हरियाणा **क्षेत्रफल 92.58 वर्ग गज** | 17 जून 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060722262871 **आईना कोस्मेटिक्स (ऋणी)**, मोनिका जुनेजा (सह-ऋणी), जतिन जुनेजा (सह-ऋणी) | 15 मार्च 2022 ₹ 1299251/- अक्षरे बारह लाख निन्यानबे हजार दो सौ इक्यावन मात्र दिनांक 15 मार्च 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित नगर पालिका डोगरा गेट शिव मंदिर के पास एमसीके नं. 350 2 कॉमर्शियल कैथल हरियाणा **क्षेत्रफल 65.67 वर्ग गज** | 21 जून 2022 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थान: हरियाणा दिनांक: 22-जून-2022**

**प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है एससी-एसटी के विकास का दृष्टिकोण : कटारिया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भाजपा** अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य सूरजभान कटारिया ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास का दृष्टिकोण है। सरकार का जो मुख्य उद्देश्य है वह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास वह स्पष्ट नजर आ रहा है।

### प्रत्याशी दौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति के रूप में कुरुक्षेत्र आने का निमंत्रण भी दिया

उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित रामनाथ कोविंद का 5 वर्ष का कार्यकाल अगले माह सफलतापूर्वक पूर्ण हो रहा है। इसके साथ ही नए राष्ट्रपति के लिए अनुसूचित जनजाति की महिला द्रौपदी मुर्मू का चयन किया जाना हम सब के लिए गौरव की बात है। सूरजभान कटारिया ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की भावी राष्ट्रपति प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को फोन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उन्हें राष्ट्रपति के रूप में कुरुक्षेत्र आने का निमंत्रण भी दिया है। उल्लेखनीय है कि सूरजभान कटारिया भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह के कार्यकाल में अनुसूचित जाति मोर्चा के 2012-2014 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे हैं वहीं उसी कार्यकाल में द्रौपदी मुर्मू अनुसूचित जनजाति मोर्चा की राष्ट्रीय सदस्य रही है और उसके पश्चात झारखंड प्रदेश की राज्यपाल नियुक्त हुई थी। उस समय भी कटारिया उन्हें शुभकामनाएं देने राजभवन रांची झारखंड गए थे। कटारिया का पार्टी संगठन के समय एक साथ एससी-एसटी मोर्चे में काम करते समय से ही श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के साथ अच्छे संबंध हैं। उल्लेखनीय है कि मौजूदा राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के साथ भी कटारिया के वर्ष 1999 से सामाजिक, राजनीतिक एवं परिवारिक संबंध है। वर्ष 2005 मे रामनाथ कोविंद भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जब राष्ट्रीय अध्यक्ष थे तब कटारिया उनके साथ मोर्चा में राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में कार्य कर चुके हैं।



झारखंड राजभवन में तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के साथ सूरजभान कटारिया।

# कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से हुई मतगणना: डीसी मुकुल

## डीसी ने मतगणना चैक करने के लिए केन्द्रों का औचक निरीक्षण भी किया

### हरियाणा चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार चारों नगर पालिकाओं में हुई मतगणना

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**उपायुक्त** मुकुल कुमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र में नपा आम चुनाव 2022 सुरक्षा व्यवस्था और कड़े प्रबंधों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। बुधवारको इस जिले की पिहोवा, इस्माईलाबाद, लाडवा व शाहबाद नगर पालिकाओं के लिए मतगणना का कार्य पूरा किया गया।

उपायुक्त मुकुल कुमार ने बुधवार को सभी नगर पालिकाओं में चल रही मतगणनाओं को चैक करने के लिए मतगणना केन्द्र का औचक निरीक्षण भी किया। इससे पहले उपायुक्त मुकुल कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी सहित अन्य अधिकारियों ने शाहबाद सहित सभी नगर पालिकाओं में सुबह के समय चल रही मतगणना का जायजा लेने के लिए मतगणना केन्द्रों का अवलोकन किया।

सभी जगहों पर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतों की गणना का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि चारों नगर पालिकाओं में हरियाणा चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार मतगणना की गई और समय अनुसार सभी नगर पालिकाओं में चेयरमैन और नगर पार्षदों में चेयरमैन के नाम जारी किए गए।

इन चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए सभी नगर पालिकाओं के चुनाव अधिकारियों, डयूटी मजिस्ट्रेट, सेक्टर अधिकारी के साथ-साथ डयूटी देने वाले सभी कर्मचारियों और अधिकारियों और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का अहम योगदान रहा।



### केयू की महिला खो-खो टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी को क्वालीफाई

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की महिला खो-खो टीम ने चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ को 19-03 से हराकर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई कर लिया है।लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में चल रही नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो महिला चैम्पियनशिप 2021-22 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एकतरफा मैच में चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ को 19 के मुकाबले में 3 अंकों से हराकर यूनिवर्सिटी ऑफ मैसूर में 5 से 7 जुलाई 2022 को आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई कर लिया है ।कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने अपने पहले लीग मैच में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को 09-03 से हराकर मेडल को सुनिश्चित कर लिया है। खो-खो टीम की खिलाड़ियों मीनू, अनु, निकिता, राखी, प्रियंका, जयवती तथा रेनू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के अगले 2 मुकाबले एमडी यूनिवर्सिटी रोहतक के साथ 22 जून शाम को एवं लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के साथ 23 जून सुबह को होंगे।

# चेयरमैन पद की दो सीटों पर भाजपा, एक पर जजपा व एक पर आप का कब्जा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**नगर** निकाय चुनाव में जिला की लाडवा, शाहबाद, पिहोवा व इस्माईलाबाद पालिकाओं में चेयरमैन पद पर दो सीटों पर भाजपा, एक पर जजपा व एक सीट पर आप ने कब्जा किया। लाडवा में भाजपा प्रत्याशी साक्षी खुराना ने आजाद प्रत्याशी सुमित बंसल को 1416 मतों के अंतर से हराया वही पिहोवा में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने आशीष शर्मा ने आप प्रत्याशी अनिल धवन को 55 मतों के अंतर से हराया। इसके अलावा शाहबाद में जजपा प्रत्याशी गुलशन कुमार ने आजाद प्रत्याशी हरीश कवातरा को 6475 मतों से हराया और इस्माईलाबाद में निशा कानो ने भाजपा प्रत्याशी पूजा गर्ग को 101 मतों के अंतर से हराया। लाडवा में साक्षी खुराना ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। इस बार चेयरमैन पद के लिए सीधा चुनाव हुआ।

लाडवा नगरपालिका के प्रधान व पार्षद प्रत्याशियों की वोटों की गिनती बीडीपीओ कार्यालय लाडवा में हुई। इस्माईलाबाद नगरपालिका की मतगणना इस्माईलाबाद के बीडीपीओ कार्यालय में हुई। पिहोवा नगरपालिका की मतगणना टैगोर स्कूल में व शाहाबाद की मतगणना आर्य कन्या कॉलेज शाहाबाद में हुई। सुबह 8 बजे से ही मतगणना कार्य शुरू हो गया था। मतगणना शुरू होने से पहले ही मतगणना केंद्रों के बाहर प्रत्याशियों के समर्थक जुटने शुरू हो गए थे।

**लाडवा नगरपालिका से किस प्रत्याशी को कितने मत मिले**

1. भाजपा प्रत्याशी साक्षी खुराना- 5818
2. कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी सुमित बंसल- 4402
3. आप प्रत्याशी अनिल माटा- 4358
4. निर्दलीय प्रत्याशी राजन- 174
5. बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी प्रवीण बौद्ध-67

नोटा-67

**शाहाबाद नगर पालिका से किस प्रत्याशी को कितने मत मिले**

1. जजपा प्रत्याशी गुलशन कुमार-12345
2. निर्दलीय हरीश कवातरा- 5870
3. निर्दलीय तिलकराज अग्रवाल-3278
4. बसपा से संजीव कुमार- 625
5. आप से अमरजीत कौर- 284
6. इनेलो से गुरशरण सिंह- 367

**इस्माईलाबाद नगरपालिका से किस प्रत्याशी को कितने मत मिले**

1. आम आदमी पार्टी प्रत्याशी निशा कानो- 1503
2. भाजपा प्रत्याशी पूजा गर्ग- 1402
3. निर्दलीय प्रत्याशी ज्योति अरोड़ा-1225
4. निर्दलीय प्रत्याशी दीपशिखा कंसल- 927
5. कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी निशा भांवरा- 1003
6. निर्दलीय प्रत्याशी हरजीत कौर-1015
7. निर्दलीय प्रत्याशी दलजीत कौर-879

नोटा-57

## संक्षिप्त-समाचार

### पापी को भी सदगति देती कुरुक्षेत्र से उड़ी धूल : कौशिक



**कुरुक्षेत्र।** तुलसी तपोवन गोशाला वृंदावन द्वारा गीता नगरी कुरुक्षेत्र में पहली बार श्रीमद् गीता भागवत कथा करवाई जा रही है। आयोजन मंडल सदस्य आचार्य राम मोहन ने बताया कि जाट धर्मशाला में 19 जून से शुरू हुई यह कथा रविवार, 26 जून तक प्रतिदिन दोपहर 1 से सायं 6 बजे तक चल रही है।श्री कामधेनु कैंसर अस्पताल की सहायतार्थ करवाई जा रही इस कथा के मुख्य यजमान भट्टू (फतेहाबाद) निवासी विनोद गर्ग, बबीता गर्ग, गौतम गर्ग व पूजा गर्ग ने भागवत पुरान की पूजा करके पुराण मनीषी आचार्य कौशिक महाराज को तिलक लगाया।कथा के दौरान कौशिक महाराज ने पुराणों में वर्णित कुरूक्षेत्र की महिमा विस्तार से बताई। इसके साथ-साथ उन्होंने आज के दौर में गीता की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत भारतीय पुराणों का मुकुटमणि है। भगवान शुकदेव द्वारा महाराज परीक्षित को सुनाया गया भक्तिमार्ग तो मानो सोपान ही है। इसके प्रत्येक श्लोक में श्रीकृष्ण प्रेम की सुगंधि है। इसमें साधन ज्ञान, सिद्धज्ञान, साधन भक्ति, सिद्धा भक्ति, मर्यादा मार्ग, अनुग्रह मार्ग, द्वैत, अद्वैत समन्वय के साथ प्रेरणादायी विविध उपाख्यानों का अद्भुत संग्रह है। अष्टादश पुराणों में भागवत नितांत महत्वपूर्ण तथा प्रख्यात पुराण है। पुराणों की गणना में भागवत अष्टम पुराण के रूप में परिगृहीत किया जाता है।श्रीमद्भागवत भक्तिरस तथा अध्यात्मज्ञान का समन्वय उपस्थित करता है। भागवत निगम कल्पतरु का स्वयंफल माना जाता है। जिसे नैष्ठिक ब्रह्मचारी तथा ब्रह्मज्ञानी महर्षि शुक ने अपनी मधुर वाणी से संयुक्त कर अमृतमय बना डाला है। कुरुक्षेत्र महिमा में कौशिक जी बोले कि समन्तपन्चक क्षेत्र कुरुक्षेत्र सनातन तीर्थ है। इसे प्रजापति की उत्तर वेदी कहते हैं। यहां प्राचीनकाल में महान वरदायक देवताओं ने बहुत बड़े यज्ञ का अनुष्ठान किया था। पहले अमित तेजस्वी बुद्धिमान राजर्षि प्रवर महात्मा कुरु ने इस क्षेत्र को बहुत वर्षों तक जोता था, इसलिये इस जगत में इसका नाम कुरुक्षेत्र प्रसिद्ध हो गया। श्रीमद् गीता भागवत आरती में महाराजश्री का परिकर, पंडित रामदेव शास्त्री, रोबिन शास्त्री, सुमन मिश्रा, सूरज शास्त्री, अभय शास्त्री, अचल पचौरी, आशीष पाराशर, अभिषेक त्रिवेदी, प्रमोद शर्मा, मां शाकंभरी देवी सेवक मंडल कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष अशोक शर्मा बाली, सचिव चन्द्रमौलि गौड़, जितेंद्र बंसल, सुनील अंगिरस, कमल अरोड़ा, सुरेंद्र काठपाल,राज अरोड़ा, शम्मी गेरा, श्याम जुनेजा, विनोद कौशिक, फतेहचंद गांधी, रेखा शर्मा, सुमन बंसल, अनीता बाली व उर्वशी सहित समस्त तुलसी तपोवन गौशाला परिवार के सदस्य शामिल रहे।

### बीके में मृत मिली गाय

**फरीदाबाद।** शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल परिसर में मौजूद मोर्चरी में एक गाय मृत अवस्था में मिली। सुबह ड्यूटी पर पहुंचे कर्मचारियों ने मृत गाय को मोर्चरी के निकट पड़े देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी। जिस पर अधिकारियों ने नगर निगम को इसकी सूचना दे दी। सूचना पाकर निगम की टीम ने गाय के शव को मौके से उठवा दिया।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानों की जांच की

### नमूने लेकर खाद्य प्रयोशाला करनाल विश्लेषण के लिए भेजे

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**उपायुक्त** महावीर कौशिक के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. गौरव शर्मा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने जिला पंचकूला में विभिन्न स्थानों पर लगी रेहड़ियों व अन्य स्थानों आदि का औचक निरीक्षण किया और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत खाद्य पदार्थो के नमूने लेकर खाद्य प्रयोशाला करनाल विश्लेषण के लिए भेजे गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी गौरव शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ जो खाने योग्य नहीं थे, को नष्ट करवाया गया तथा सभी दुकानदारों को निर्देश दिये कि सभी खाद्य पदार्थों को ढक कर रखें।



उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं नियम 2011 के तहत सभी खाद्य पदार्थ निर्माताओं व विक्रेताओं व खाद्य पदार्थ संचालको को एफएसएसएआई द्वारा अधिकृत ट्रेनिंग पार्टनर से फोस्टेक का प्रशिक्षण लेना व एफएसएसएआई के तहत अपना कारोबार पंजीकृत करना होगा। उन्होंने बताया कि होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को हाईजिन रेटिंग सर्टिफिकेट के लिये आवेदन करना अनिवार्य है। अधिकृत ट्रेनिंग पार्टनर डिजीटल स्किल सर्टिफिकेशन संस्था द्वारा पंचकूला जिला के खाद्य कारोबारियों को ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है।

**पंचकुला में इन चार स्थानों से खाद्य पदार्थों के लिए सेंपल**

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान राजू फूड कार्नर (रेहड़ी), सेक्टर पांच से कढ़ी व सफेद चने के सेंपल लिए गए। इसी प्रकार सेक्टर 5 स्थित बीरपाल की रेहड़ी से आटा व सफेद चने , रोहित फूड कॉर्नर सेक्टर-11 से सफेद चने और राजमा तथा सतपाल कोंबो सेक्टर-11 से राजमा के नमूने लेकर विश्लेषण के लिए भेजे गए हैं।

### भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर विधायक सुभाष सुधा ने मनाया जश्न

**कुरुक्षेत्र।** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि नगर पालिका आम चुनाव 2022 में भाजपा के प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई है। इसका सारा श्रेय भाजपा के संगठन और आम नागरिकों को जाता है। इस जीत में भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत की और लोगों ने विकास के नाम पर वोट डालने का काम किया।

विधायक सुभाष सुधा ने भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर सेक्टर-7 में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भाजपा के युवा नेता साहिल सुधा, देवी लाल बारना, सुरेश सैनी कुक्कू राजीव सेठ सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और एक दूसरे को खिलाई। विधायक सुभाष सुधा ने पिहोवा नगर पालिका से आशीष चक्रपाणी, लाडवा से साक्षी खुराना के चेयरमैन बनने पर बधाई दी है। इसके साथ ही शाहबाद से सहयोगी दल के जजपा प्रत्याशी गुलशन क्वात्रा के चेयरमैन बनने पर खुशी जाहिर की है।

# चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा अलग बनाने का विरोध

## प्रस्ताव को शहर के मास्टर प्लान का उल्लंघन बताया

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**चंडीगढ़-पंजाब** चैप्टर के पूर्व चेयरपर्सन सुरिंदर बाहगा ने कहा कि चंडीगढ़ की प्लानिंग करने वाले फ्रैंच आर्किटेक्ट ली कॉर्बूजिए ने चंडीगढ़ प्लान की तुलना मानव संरचना से की थी। इस प्लान के मुताबिक मोजूदा सचिवालय, हाईकोर्ट और असेंबली हॉल के साथ बना कैपिटल कॉम्प्लेक्स मानव शरीर का 'सिर' है। अगर हरियाणा नया असेंबली हॉल जोड़ देगा तो यह चंडीगढ़ में दो सिर होने के समान होगा।

बाहगा ने कहा कि शहर की सीमा के भीतर अलग-अलग स्थानों पर अलग विधानसभा बनाने का प्रस्ताव मूल ली कॉर्बूजिए प्लान और चंडीगढ़ के संशोधित मास्टर प्लान का पूर्ण तौर पर उल्लंघन है। गृह मंत्रालय, पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों समेत यूटी प्रशासक को पत्र लिख इस योजना को रोकने की मांग की गई है।

बाहगा ने कहा कि यह शहर नियोजन की कॉर्बूजिए की अवधारणा को नष्ट कर देगा। चंडीगढ़ का मास्टर प्लान मूल रूप से स्विटजरलैंड के फ्रैंच आर्किटेक्ट ली कॉर्बूजिए द्वारा तैयार किया गया था। जिसका तत्कालीन पंजाब सरकार ने पूरी तरह से पालन किया था। उसके बाद संशोधित चंडीगढ़ मास्टर प्लान-2031 चंडीगढ़ के अर्बन प्लानिंग डिपार्टमेंट द्वारा तैयार किया गया था।

जारी पत्र में कहा गया है कि प्रस्तावित इमारत शहर के मास्टर प्लान का स्पष्ट उल्लंघन है। वहीं इससे चंडीगढ़ की छवि भी प्रभावित होगी।

### विधानसभा के बड़े हिस्से पर पंजाब का अवैध कब्जा!

हरियाणा ने लगभग 9 महीने पूर्व अपने नए विधान भवन के लिए केंद्र सरकार से 10 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री खट्टर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा था। इसमें कहा गया था कि वर्ष 2026 के प्रस्तावित परिसीमन में हरियाणा में विधायकों की संख्या 126 हो सकती है। हरियाणा के 55 साल में अभी तक उसे विधानसभा की इमारत के बंटवारे के अनुसार तय हिस्सा नहीं मिला है। हरियाणा विधानसभा के बड़े हिस्से पर पंजाब ने अवैध कब्जा किया हुआ है।

### कमरों में कमरे निकाल बिठाने पड़ रहे कर्मी

वहीं कहा गया था कि हरियाणा विधानसभा सचिवालय में करीब 350 कर्मचारी सेवारत हैं, लेकिन इनके बैठने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। विधानसभा में एक कमरे में तीन से चार शाखाओं को समायोजित किया गया है और कुछ कमरों में केबिन बनाकर 7-7 प्रथम श्रेणी के अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था करनी पड़ रही है। हरियाणा विधानसभा के मौजूदा भवन के अलावा एक नई बिल्डिंग बनाने के लिए पर्याप्त जगह आवंटित करना जरूरी हो गया है। कम से कम 10 एकड़ भूमि नए हरियाणा विधान भवन के लिए उपलब्ध करवाए जाने की मांग की गई थी।

### खट्टर दौरा कर चुके हैं, प्रशासन से बातचीत जारी

18 दिन पहले ही हरियाणा विधान भवन के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने चंडीगढ़ प्रशासन के अफसरों के साथ साइट्स का दौरा किया था। इस दौरान कलाग्राम के पास मनीमाजरा में खाली पड़ी 55 एकड़ की जमीन सरकार को विधानसभा भवन के लिए भाई थी। इसमें से सरकार को 10 एकड़ जमीन भवन के लिए चाहिए। चंडीगढ़ के प्रशासक बीएल पुरोहित ने कहा है कि चंडीगढ़ से लगती पंचकूला (हरियाणा) की जमीन कीमत के हिसाब से एक्सचेंज की जा सकती है। ऐसे में हरियाणा सरकार को अलग से कुछ नहीं देना होगा। सुखना लेक या आईटी पार्क से लगती पंचकूला की कुछ जमीन चंडीगढ़ को मिल सकती है। दरअसल, हरियाणा सरकार की चंडीगढ़ प्रशासन के अफसरों के साथ तीन सप्ताह पूर्व एक बैठक हुई थी। जिन तीन साइट्स पर गौर किया गया था, उनमें रेलवे चौक से आईटी पार्क की तरफ जाते वक्त मुख्य सड़क से दाएं तरफ की जमीन, मध्य मार्ग पर कलाग्राम के सामने मनीमाजरा की तरफ खाली जमीन और राजीव गांधी आईटी पार्क के पास खाली पड़ी जमीन शामिल है।

# योग फॉर ह्यूमेनिटी के थीम पर मनाया योग दिवस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**कौशल** विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के तहत ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर द्वारा मंगलवार को 8वां आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मानवता के लिए योग के रूप में मनाया गया। ज्ञात हो कि कौशल विकास योजना के सहयोग से प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा करीब 1,30,000 लोगों को योग प्रशिक्षण दिया गया है।

योग दिवस के सेलिब्रेशन के अवसर पर पहली कवोकेशन सेरेमनी का भी आयोजन किया गया। जिसके तहत शार्ट टर्म कोर्सेज को सफलतापूर्वक पास कर चुके स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। योग फॉर ह्यूमैनिटी को बढ़ावा देने के लिए ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल द्वारा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के अंतर्गत योग को कहें हां और रोग को कहें ना की थीम पर योग डे मनाया गया। इस मौके पर बोलते हुए मोनिका बहल सीईओ ब्यूटी एंड वैलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल ने कहा, हमें खुशी है की इस अवसर पर पहली बार शार्ट टर्म कोर्सेज के स्टूडेंट्स के लिए कनवोकेशन सेरेमनी आयोजित की जिससे स्टूडेंट्स बहुत उत्साहित रहे। इस मौके पर ब्यूटी एंड वैलनेस सेक्टर स्किल कौंसिल द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग के साथ एक एमओयू भी साइन किया है जो योग स्किलिंग को और आगे बढाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर ब्यूटी एंड वैलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल की चेयरपर्सन डॉ ब्लॉसम कोचर, राजेश अग्रवाल, सेक्रेटरी मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड एंट्रेप्रेन्योरशिप, मोनिका बहल सीईओ ब्यूटी एंड वैलनेस स्किल काउंसिल, केके द्विवेदी ज्वॉइंट सेक्रेटरी मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड एंट्रेप्रेन्योरशिप, वेद मणि तिवारी सीओओ, एनएसडीसी डॉ. विश्वजीत शाह, डायरेक्टर स्किल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिल्ली एनसीआर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, चंडीगढ़, पंजाब, मेरठ, गाजियाबाद आदि सहित विभिन्न राज्यों से छात्रों ने इस कार्यक्रम अपनी भागीदारी दिखाई।



# अन्तोदय परिवार उत्थान मेले में चुने 300 लाभार्थी

### मुख्यमंत्री अंत्योदय मेले के लाभार्थियों को घर-घर जाकर दिया जाए योजनाओं का लाभ : मुकुल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**उपायुक्त** मुकुल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेलों के लाभार्थियों को घर-घर जाकर योजनाओं का लाभ दिया जाए। इसके लिए अधिकारियों को लोगों के मेलों तक पहुंचने का इंतजार नहीं करना। अगर इस मामलें में लापरवाही बरती गई तो दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।


उपायुक्त मुकुल कुमार बुधवार को देर सायं नए लघु सचिवालय के प्रशासनिक ब्लॉक में नगर परिषद थानेसर द्वारा लगाएं गए मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान मेले के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले उपायुक्त मुकुल कुमार, डीएमसी ममता शर्मा, नप अधिकारी केएल बठला ने मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेले का अवलोकन किया और प्रत्येक विभागीय स्टॉल पर जाकर लोगों को योजनाओं के दिए जा रहे लाभ के बारे में फीडबैक ली। उपायुक्त ने कहा कि अन्तोदय परिवार उत्थान मेले में 300 लाभार्थियों का चयन किया गया। इनमें से 100 लाभार्थी मेले में पहुंचे। इस विषय को उपायुक्त ने गंभीरता से लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 जून को मेले का आयोजन किया जाए। शेष 200 लाभार्थियों के घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जाए और जो लाभार्थी मेले में पहुंचे उसे तुरंत प्रभाव से योजनाओं का लाभ दिया जाए।

# ब्रेन ट्यूमर के शीघ्र निदान के बारे में जागरुकता है अनिवार्य : डॉ. बिपिन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आंकड़े** बताते हैं कि भारत में ब्रेन ट्यूमर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जिसमें 40 प्रतिशत कैंसर ब्रेन तक फैल रहे हैं। वास्तव में ब्रेन और सेंट्रल नर्वस ट्यूमर बच्चों में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। स्थिति की व्यापकता में इस वृद्धि को विभिन्न कारकों के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। ब्रेन ट्यूमर के उपचार के विकल्पों में हुई प्रगति और शीघ्र पता लगाने के साथ-साथ प्रबंधन के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है।

इस बारे में बात करते हुए, डॉ बिपिन स्वर्ण वालिया, प्रधान निदेशक और न्यूरोसर्जरी विभाग प्रमुख, मैक्स हॉस्पिटल, साकेत ने कहा, ट्यूमर के कारण मस्तिष्क की क्षति उम्र के बावजूद बहुत गंभीर हो सकती है। यह सोच, दृष्टि, गतिविधि या भाषण से संबंधित समस्याओं का कारण बन सकता है और व्यक्तित्व परिवर्तन या दौरे का कारण बन सकता है। जबकि ब्रेन ट्यूमर का एक छोटा प्रतिशत आनुवंशिक विकारों से जुड़ा होता है, अन्य पर्यावरणीय खतरों जैसे कि कुछ विषाक्त पदार्थों या विकिरणों के संपर्क में आने के कारण हो सकते हैं। यदि ट्यूमर ब्रेन स्टेम या कुछ अन्य भागों में है, तो कुल सर्जिकल एक्शन संभव नहीं हो सकता है। जो लोग सर्जरी नहीं करवा सकते हैं उनका उपचार विकिरण चिकित्सा या अन्य उपचार विकल्पों के माध्यम से उपचार किया जा सकता है। ब्रेन ट्यूमर के आम लक्षण उल्टी और सिरदर्द बार-बार दिखाई देते रहते हैं। यह कभी-कभी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रोग या माइग्रेन के रूप में गलत निदान की ओर जाता है। आजकल, नेविगेशन तकनीक द्वारा सहायता प्राप्त सर्जरी ब्रेन ट्यूमर के रोगियों में प्रभावी परिणाम दे रही है। सर्जन के लिए रोगी के मस्तिष्क का नक्शा बनाने के लिए नेविगेशन तकनीक सीटी, एमआरआई आदि जैसे डायग्नोस्टिक स्कैन का उपयोग करती है। इसके अलावा, उन्नत आधुनिक सॉफ्टवेयर सर्जन को ट्यूमर की सीमाओं, रक्त वाहिकाओं आदि की पहचान करने की अनुमति देता है। इस सॉफ्टवेयर के साथ सर्जन रोगी के महत्वपूर्ण कार्यों जैसे स्मृति, दृष्टि, मोटर नियंत्रण आदि को नियंत्रित करने वाले क्षेत्रों की पहचान कर सकता है। यह देखते हुए कि तकनीक कैसे लाइव फीडबैक प्रदान करती है सर्जन रोगियों के लिए बेहतर परिणाम प्रदान कर सकते हैं। सरकार के अनुसार, भारत के एनएचपी डेटा, ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित अधिकांश रोगियों की 9-12 महीनों के भीतर मृत्यु हो जाती है और 3त्र से कम 3 साल से अधिक जीवित रहते हैं। इसलिए लोगों में ब्रेन ट्यूमर के प्रति जागरुकता पैदा करना जरूरी है।



# अफगानिस्तान में भूकंप से 1000 लोगों की मौत




### अफगानिस्तान में पिछले दो दशकों में आया सर्वाधिक विनाशकारी भूकंप

एजेंसी। काबुल

**पूर्वी** अफगानिस्तान के ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्र में बुधवार तड़के आए शक्तिशाली भूकंप में कम से कम 1000 लोगों की जान चली गई, जबकि 1500 अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी और कहा कि मृतक संख्या अभी और बढ़ सकती है। अफगानिस्तान में, पिछले दो दशकों में आया यह सर्वाधिक विनाशकारी भूकंप है।

पाकिस्तान की सीमा के पास आए 6.1 तीव्रता वाले भूकंप से हुए नुकसान के बारे में फिलहाल अधिक विवरण प्राप्त नहीं हो सका है, लेकिन इतने शक्तिशाली भूकंप से दूर-दराज के इलाकों में गंभीर नुकसान होता है, जहां घर और अन्य इमारतें अधिक मजबूत नहीं बनी हुई हैं और भूस्खलन होना आम बात है।

पिछले साल काबुल की सत्ता पर तालिबान के कब्जा कर लेने के बाद कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के अफगानिस्तान से चले जाने और देश के इतिहास के सबसे लंबे युद्ध से अमेरिकी सैनिकों के वापस चले जाने के बाद बचाव अभियान में मुश्किलें आने की संभावना है। इसबीच, बचावकर्मी हेलीकॉप्टर से प्रभावित इलाकों में पहुंचे। पड़ोसी देश पाकिस्तान के मौसम विभाग ने कहा कि भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में खोस्त शहर से करीब 50 किमी दक्षिणपूर्व में था। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण, जिसने भूकंप की तीव्रत थोड़ी कम 5.9 मापी है, ने भूकंप के केंद्र की गहराई महज 10 किमी बताई है, जो नुकसान का दायरा बढ़ाने का एक और कारण हो सकता है।

प्राप्त फुटेज में यह देखा जा सकता है कि लोगों को इलाके से निकालने के लिए हेलीकॉप्टर तक पहुंचाया जा रहा है। अन्य का वहीं जमीन पर इलाज किया जा रहा है। अफगानिस्तान के आपात सेवा अधिकारी शराफुद्दीन मुस्लिम ने जो मृतक संख्या बताई है, उसके आधार पर यह 2002 के बाद से सबसे विनाशकारी भूकंप है।


उल्लेखनीय है कि 2002 में आए 6.1 तीव्रता के भूकंप में उत्तरी अफगानिस्तान में करीब 1,000 लोग मारे गए थे। इससे पहले, तालिबान सरकार संचालित बख्तर समाचार एजेंसी के महानिदेशक अब्दुल वाहिद रयान ने ट्विटर पर बताया था कि पक्तिका में 90 मकान नष्ट हो गए हैं और दर्जनों लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। तालिबान सरकार के उप प्रवक्ता बिलाल करीमी ने एक ट्वीट में कहा, हम सभी सहायता एजेंसियों से आग्रह करते हैं कि स्थिति को संभालने के लिए तुरंत अपने दल मौके पर भेजें। काबुल में, प्रधानमंत्री मोहम्मद हसन अखुंद ने पक्तिका और खोस्त में भूकंप पीड़ितों के लिए राहत कोशिशों में समन्वय के वास्ते राष्ट्रपति भवन में एक आपात बैठक बुलाई है। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के समन्वयक रमीज अकबारोव ने ट्वीट किया, सहायता पहुंचने को है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बयान में, भूकंप से मची तबाही पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनका देश अफगानिस्तान के लोगों को सहायता प्रदान करेगा। वेटिकन में, पोप फ्रांसिस ने भूकंप में मारे गए लोगों और घायलों के लिए प्रार्थना की। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि खोस्त प्रांत के सिर्फ एक जिले में कम से कम 25 लोग मारे गए हैं और 95 से अधिक घायल हुए हैं। अफगान सीमा के पास पाकिस्तान के कुछ इलाकों में नुकसान होने की खबरें हैं, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह बारिश के चलते हुआ है या भूकंप से हुआ है। इलाके के आपदा प्रबंधन प्रवक्ता तैमूर खान ने यह जानकारी दी। यूरोपीय भूकंप विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप के झटके 500 किमी से अधिक क्षेत्र में अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत में महसूस किए गए। अफगानिस्तान का पर्वतीय क्षेत्र और हिंदुकुश पर्वत से लगे दक्षिण एशिया के क्षेत्र लंबे समय से विनाशकारी भूकंप का सामना कर रहे है। अफगानिस्तान के उत्तरपूर्व इलाके और उत्तरी पाकिस्तान में 2015 में आए भूकंप में 200 से अधिक लोग मारे गए थे। वहीं, 1998 में अफगानिस्तान के उत्तरपूर्व इलाके में 6.1 की तीव्रता वाले भूकंप में कम से कम 4,500 लोग मारे गए थे।

## पाकिस्तान में 6.1 तीव्रता से भूकंप के झटके, एक की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कई हिस्सों में बीती रात 6.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए जिससे खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) के अनुसार, भूकंप अफगानिस्तान में खोस्त से 44 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में 50.8 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। भूकंप देर रात स्थानीय समायानुसार एक बजकर 54 मिनट पर आया।पेशावर, इस्लामाबाद, लाहौर के साथ ही पंजाब और खैबर-पख्तूनख्वा के अन्य हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। खैबर-पख्तूनख्वा में भूकंप के झटके की वजह से एक घर की छत गिरने से एक व्यक्ति की मौत होने की खबर है। पुलिस के मुताबिक छत गिरने से स्थानीय फुटबॉल टीम के सदस्य लक्की मारवात की मौत हो गई जो अपने घर में सोए हुए थे। भूकंप के झटकों से दहशत फैल गई और लोग जान बचाने के लिए खुले स्थानों की ओर भागने लगे। पाकिस्तान भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है और अकसर यहां भूकंप आता रहता है। एक सप्ताह के भीतर आया यह दूसरा भूकंप है। 17 जून को देश में 5.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। देश में 2005 में एक भीषण भूकंप में 74,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

### लोगों को मलबे से निकालने का काम जारी

**अब्दुल** वाहिद रायन ने बुधवार सुबह ट्वीट कर बताया था कि पक्तिका प्रांत के बरमल, जिरुक, नाका और ज्ञान जिलों में मरने वालों की संख्या 255 तक पहुंच गई है, जबकि 155 लोग घायल हैं। लोगों को मलबे से बाहर निकालने के लिए सुरक्षा बलों के हेलिकॉप्टर इलाके में पहुंच गए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### मोदी जी-7 शिखर बैठक में 26-27 जून को जर्मनी जाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए 26-27 जून को जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के निमंत्रण पर शोल्स एल्माउ जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। जी7 शिखर सम्मेलन का आयोजन जर्मनी की अध्यक्षता में हो रहा है जिसमें अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों को भी आमंत्रित किया गया है। बयान में कहा गया है कि जर्मनी की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी दो सत्रों को संबोधित कर सकते हैं जिसमें पर्यावरण, ऊर्जा, जलवायु, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता और लोकतंत्र जैसे विषय शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि इस शिखर बैठक से इतर प्रधानमंत्री सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले कुछ देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे।

### मंगलुरू तट पर फंसे सीरिया के 15 नाविकों को बचाया

**मंगलुरू।** एक त्वरित खोज और बचाव (एसएआर) मिशन में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने तकनीकी खराबी के बाद पानी में डूब रहे विदेशी वाणिज्यिक जहाज एमवी प्रिंसेस मिरल से सीरिया के 15 नाविकों को बचाया। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। एमवी प्रिंसेस मिरल के चालक दल ने एक दरार का पता चलने के बाद जहाज को छोड़ दिया। दरार से जहाज में पानी भरने लगा था। मंगलवार को यह डूब गया। आईसीजी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, घटना की जानकारी मिलते ही भारतीय तटरक्षक बल के जहाजों विक्रम और अमर्त्य ने विदेशी जहाज तक पहुंचने और चालक दल को बचाने के लिए कठिन बचाव अभियान चलाया। जहाज चीन के तियानजिन से लेबनान के बेरूत तक आठ हज़ार टन वजन के इस्पात के तार ले जा रहा था। दक्षिण कन्नड़ के उपायुक्त के वी राजेंद्र ने बताया कि जहाज उल्लाल तट से पांच से छह समुद्री मील दूर था।

### डीयू में छात्रों को फिर से परीक्षाएं देने का मौका

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने घोषणा की कि वह स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के उन छात्रों के लिए फिर से परीक्षाएं (इंटरनल एग्जाम) आयोजित करेगा, जो कोविड-19 वैश्विक महामारी तथा अन्य कारणों के चलते मई-जून में परीक्षाएं नहीं दे पाए थे। विवि की ओर से मंगलवार को जारी एक अधिसूचना के मुताबिक, इन परीक्षाओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 29 जून से शुरू होगी। विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षाएं मई-जून में आयोजित की थी। करीब दो साल बाद पहली बार विश्वविद्यालय ने परीक्षाओं को परिसर में (ऑफलाइन मोड) लिया था। हालांकि, कुच छात्र कोविड-19 सहित अन्य कई कारणों के चलते परीक्षा नहीं दे पाए थे।

### पूर्व विधायक के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराया उत्पीड़न का केस

**बदायूं ( उत्तर प्रदेश )।** बदायूं जिले के बिनावर क्षेत्र से पांच बार विधायक रह चुके रामसेवक सिंह पटेल के खिलाफ उनकी पत्नी ने उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बुधवार को बताया कि पूर्व विधायक रामसेवक सिंह पटेल की पत्नी भाग्यश्री ने मंगलवार को दर्ज कराए गए मामले में आरोप लगाया है कि पटेल उनके भाई महेंद्र, बेटा रोहित पटेल, बहु पिंकी और बेटी रश्मि उनके साथ मारपीट करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने बताया कि रश्मि पटेल इस वक्त बरेली की जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। सिंह ने बताया कि भाग्यश्री ने जो मामला दर्ज कराया है उसके मुताबिक वह पूर्व विधायक पटेल की चौथी पत्नी हैं।

# कांग्रेस के विधायक नहीं हैं बिकाऊ : कमलनाथ

### महाराष्ट्र में राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर कमलनाथ को बनाया है एआईसीसी पर्यवेक्षक

एजेंसी। मुंबई

**विधायकों** के एक समूह की बगावत के बाद शिवसेना की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार के सियासी संकट में घिरने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी एकजुट है और इसके विधायक बिकाऊ नहीं हैं। बता दें कि नाथ को मंगलवार को राज्य में राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर महाराष्ट्र में एआईसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार के दोपहर के आसपास मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से मिलने की उम्मीद है। बाद में महाराष्ट्र सरकार की एक कैबिनेट बैठक भी होगी। महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना और राकांपा के साथ सत्ता साझा करती है। महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री और कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता बालासाहेब थोराट के मुंबई स्थित आधिकारिक आवास पर पहुंचने पर पत्रकारों से कमलनाथ ने कहा अपने दल के विधायकों का ध्यान रखना शिवसेना का जिम्मा है। वह देखे कि वह अपने विधायकों को कैसे संभालना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता एकजुट हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा मुझे यकीन है कि हम एकजुट रहेंगे। कांग्रेस विधायक बिकाऊ नहीं हैं। कांग्रेस विधायक दल की बुधवार को थोराट के आवास पर बैठक हो सकती है। गौरतलब है कि मंगलवार की शाम कांग्रेस के 44 में से 42 विधायक पार्टी सचिव एच के पाटिल द्वारा बुलाई गई बैठक में मौजूद थे। वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के राहत और पुनर्वास मंत्री विजय वडेट्टीवार आधिकारिक यात्रा पर विदेश गए थे और बुधवार को वह मुंबई पहुंचने वाले हैं, जबकि विधायक सुभाष धोटे भी चंद्रपुर से वापस आ रहे हैं।

### शिवसेना विधायक ने कहा जबरन अस्पताल में भर्ती कराया

**नागपुर।** शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे के साथ सूरत गए पार्टी विधायक नितिन देशमुख ने बुधवार को दावा किया कि कुछ लोगों ने उन्हें जबरदस्ती वहां के एक अस्पताल में भर्ती कराया था और उन्हें इंजेक्शन लगाया गया जबकि उन्हें दिल का दौरा नहीं पड़ा था। देशमुख ने नागपुर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वह किसी तरह सूरत से सुरक्षित महाराष्ट्र लौटने में सफल रहे और उन्होंने शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के प्रति अपनी निष्ठा जताई। देशमुख की पत्नी ने एक दिन पहले अकोला पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पति लापता हैं।

# अग्निपथ योजना वापस लेनी पड़ेगी : राहुल

### राहुल ने कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, सांसदों एवं विधायकों को संबोधित किया

### बोले, कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराया एवं धमकाया नहीं जा सकता

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सेना में अल्पकालिक भर्ती की नई अग्निपथ योजना को देश एवं सेना के साथ मोदी सरकार का नया धोखा करार देते हुए बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस योजना को वापस लेना पड़ेगा।

उन्होंने नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में उनसे प्रवर्तन निदेशालय की पांच दिनों तक चली पूछताछ के दौरान एकजुटता प्रकट करने के लिए कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराया एवं धमकाया नहीं जा सकता। राहुल गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय में मौजूद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, सांसदों एवं विधायकों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि ईडी की उनसे पूछताछ एक छोटा मामला है क्योंकि आज बेरोजगारी और अग्निपथ योजना सबसे जरूरी मुद्दे हैं।

उन्होंने कहा, मेरा मामला छोटा सा मामला है। सच कहूं तो यह जरूरी भी नहीं है। आज सबसे जरूरी बात रोजगार की है। लघु एवं मध्यम उद्योग देश की रीढ़ की हड्डी हैं। नरेंद्र मोदी जी ने इस रीढ़ की हड्डी को तोड़ दिया है। यह बात मैं महीनों से कह रहा हूं। राहुल गांधी ने दावा किया, जो हमारे युवा सेना में भर्ती के लिए रोज सुबह दौड़ते हैं उनसे मैं कह रहा हूं कि प्रधानमंत्री ने देश की रीढ़ की हड्डी को तोड़ दिया और यह देश अब रोजगार नहीं दे पाएगा। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को दो-तीन उद्योगपतियों के हवाले कर दिया है। अग्निपथ योजना का उल्लेख करते हुए राहुल गांधी ने कहा, देशभक्ति और सेना में जाने का आखिरी रास्ता था, उसे भी इन लोगों ने बंद कर दिया। वन रैंक, वन पेंशन की बात करते थे, अब नो रैंक, नो पेंशन हो गया है। उन्होंने दावा किया कि इस योजना के तहत भर्ती होने वाले युवा जब चार साल की सेवा के बाद सेना से बाहर निकलेंगे तो उन्हें रोजगार नहीं मिल पाएगा।

राहुल गांधी ने यह दावा भी किया, आज चीन की सेना हिंदुस्तान की धरती पर बैठी हुई है। एक हजार वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र चीन की सेना ने हमसे छीना है। ऐसे में सेना को मजबूत करना चाहिए, लेकिन सरकार सेना को कमजोर कर रही है। जब युद्ध होगा तब इसका नतीजा सामने आएगा, देश का नुकसान होगा। ये लोग अपने आप को राष्ट्रवादी कहते हैं। उन्होंने कहा, युवाओं के भविष्य की रक्षा करना हमारा फर्ज है। कृषि कानूनों के बारे में मैंने कहा था कि मोदीजी को तीनों कानून वापस लेने पड़ेंगे। कांग्रेस अब कह रही है कि मोदी जी को अग्निपथ योजना वापस लेनी पड़ेगी।

### हम कह रहे हैं भारत जोड़ो लेकिन प्रधानमंत्री राहुल तोड़ो, कांग्रेस तोड़ो में लगे हैं : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में अपने पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से प्रवर्तन निदेशालय की पांच दिनों की पूछताछ को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि वह भारत जोड़ो की बात कर रही है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह राहुल गांधी तोड़ो, सोनिया गांधी तोड़ो और कांग्रेस तोड़ो के षड्यंत्र में लगे हुए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी बताया कि राहुल गांधी के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए कांग्रेस के सांसद और विधायक आज पार्टी मुख्यालय में एकत्र हुए हैं जहां वे केंद्र सरकार के षड्यंत्र के खिलाफ विरोध भी जताएंगे।

### मरीजों से रोजाना फोन पर बात करेंगे उपमुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बुधवार को बताया कि सूबे के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों का हाल लेने और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति जानने के लिए वह खुद रोजाना 10 जिलों के दो-दो मरीजों से फोन पर बात करेंगे। पाठक ने कहा कि प्रदेश की सभी चिकित्सीय व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण करने के लिए वह अब तक 46 विभिन्न अस्पतालों का दौरा कर चुके हैं, लेकिन हर जगह पहुंचने में बहुत समय लगेगा, ऐसे में स्वास्थ्य आप का, संकल्प सरकार का अभियान के रूप में एक अभूतपूर्व व्यवस्था शुरू की गई है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री पद का भी जिम्मा संभाल रहे पाठक ने कहा कि उन्होंने जिले के स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों से विभिन्न सरकारी अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों के मोबाइल नंबर मांगे हैं। रोजाना प्रदेश के 10 जनपदों में भर्ती दो-दो मरीजों से फोन पर बात करके उनका हालचाल लेने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उनकी राय भी जानेंगे।

# जम्मू-कश्मीर में बारिश से बाढ़ के हालात, नदियां उफान पर



एजेंसी। जम्मू-श्रीनगर

**जम्मू** कश्मीर के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई और भूस्खलन की वजह से रणनीतिक रूप से अहम जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद करना पड़ा है, जहां सैंकड़ों गाड़ियां फंस गई हैं। वहीं डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जिलों में स्कूलों को बंद कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि रामबन जिले में एक घर ढह गया। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। उनके मुताबिक, रियासी जिले में अंस नदी में आए सैलाब के कारण पांच लोग फंस गए थे. जिन्हें पुलिस ने बचा लिया। डोडा जिला प्रशासन ने पर्वतीय जिले के कई इलाकों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। वहीं, घाटी की भी यही सूरत है जहां झेलम नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और श्रीनगर में मंगलवार जून के महीने में 50 साल में सबसे सर्द दिन रहा। एक अधिकारी ने बताया, हमें चिनाब नदी न उसकी सहायक नदियों के आसपास के इलाकों और रामबन व डोडा जिलों के ढलानों और फिसलन संभावित क्षेत्रों में हाई अलर्ट घोषित करना पड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि रामबन-उधमपुर सेक्टर में भारी बारिश के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 30 से अधिक स्थानों पर भूस्खलन हुआ है, जिसके कारण 270 किलोमीटर लंबा राजमार्ग बुधवार को लगातार दूसरे दिन बंद रहा।

### राष्ट्रीय राजमार्ग का 150 फुट लंबा खंड बह गया

जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ जाने पर एक निर्माणाधीन पुल की शटरिंग और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग का 150 फुट लंबा खंड पानी में बह गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रामबन और उधमपुर जिलों में भूस्खलन के कारण लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी रणनीतिक महत्व का मार्ग बंद रहा, जिससे बड़ी संख्या में वाहन फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू क्षेत्र के पुंछ और राजौरी जिलों को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले से जोड़ने वाली मुगल रोड पर भी भूस्खलन के कारण यातायात बाधित रहा।

# राष्ट्रपति प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को मिली जेड प्लस सुरक्षा

एजेंसी। नई दिल्ली



**केंद्र** ने राष्ट्रपति पद के लिए होने जा रहे चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों से लैस जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सशस्त्र दस्ते ने बुधवार को तड़के मुर्मू (64) की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को राजग की ओर से राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा की थी। इस बैठक में प्रधानमंत्री सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि इस घोषणा के तुरंत बाद, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ को मुर्मू की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने के लिए उसके वीआईपी सुरक्षा दल को तैनात करने का निर्देश दिया था। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा राष्ट्रपति पद की राजग उम्मीदवार को लेकर खतरे के अंदेशा होने संबंधी रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद गृह मंत्रालय ने यह फैसला किया। अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा स्थित अर्धसैनिक बल के करीब 14-16 जवानों की एक टुकड़ी ने मुर्मू की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली है।

# अग्निपथ योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शांत लेकिन जदयू-भाजपा में दरार

## राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी ने कहा, राजग समन्वय समिति को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए


एजेंसी। पटना

**सशस्त्र** बलों में भर्ती संबंधी योजना अग्निपथ के खिलाफ बिहार में हिंसक विरोध भले ही एक सप्ताह के भीतर शांत हो गया हो, लेकिन इसके चलते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच पैदा हुई दरार गठबंधन पर गहरा असर डाल सकती है।

जदयू जिसने भाजपा के पिछले सप्ताह अग्निपथ योजना के खिलाफ हिंसक विरोध-प्रदर्शन से निपटने में प्रशासन की विफलता के आरोप को अपने नेता के अपमान के रूप में लिया था, अब दिवंगत नेता अटल बिहारी वाजपेई के वक्त की समन्वय समिति (ऐसा मंच जहां सहयोगियों के बीच मतभेदों को दूर किया जाता है) को पुनर्जीवित करने पर जोर दे रहा है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव के सी त्यागी ने बताया, उस समय राजग समन्वय समिति की अध्यक्षता हमारे नेता जॉर्ज फर्नांडीस करते थे। हर महीने बैठक होती थी। अब इस तरह के मंच की अनुपस्थिति में लोग एक-दूसरे से कहने के बजाय मीडिया के सामने अपने मतभेद व्यक्त करते हैं। त्यागी ने बिहार में भाजपा नेताओं द्वारा जदयू नेता पर टीका-टिप्पणी करने पर भी कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि जदयू में किसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कभी भी असम्मानजनक भाव प्रकट नहीं किया है।

उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण विधेयक, समान नागरिक संहिता और राष्ट्रव्यापी एनआरसी का जिक्र करते हुए कहा, दोनों पार्टियों की अलग-अलग विचारधाराएं हैं, लेकिन अक्सर भाजपा के नेता अपने विचारों को ऐसे व्यक्त करते हैं जो हमें और हमारे नेता पर कटाक्ष जैसा प्रतीत होता है। जदयू नेता ने भाजपा के कई नेताओं द्वारा बिहार विधानसभा में संख्यात्मक रूप से श्रेष्ठ गठबंधन सहयोगी के रूप में खुद को पेश किए जाने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने भाजपा को याद दिलाने की कोशिश की कि नवंबर 2005 में विधानसभा चुनाव के दौरान कुमार को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने से राजग को निर्णायक जीत हासिल करने में मदद मिली थी और लालू प्रसाद यादव को पराजय का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कुछ भाजपा नेताओं के इस तर्क पर भी आपत्ति जताई कि नीतीश जिन्होंने कुछ साल पहले राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू के साथ गठबंधन किया था, एक अविश्वसनीय सहयोगी हैं। उन्होंने कहा, 2010 के विधानसभा चुनाव में हमने पूर्ण बहुमत से केवल सात कम 115 सीटें जीती थीं। हम सरकार बनाने में कामयाब रहे, भाजपा के साथ हम नहीं भी जा सकते पर हमने ऐसा नहीं किया। त्यागी ने कहा, बिहार में भाजपा नेताओं को यह भी पता होना चाहिए कि नीतीश कुमार लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते थे। उन्हें पता होना चाहिए कि दिल्ली में उनकी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दबाव डाले जाने के बाद ही वह सहमत हुए। उन्होंने कथित तौर पर लोकजनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान की मदद से अपने नेता के खिलाफ रची गई साजिश का भी उल्लेख किया, जिसके कारण जदयू को 2020 के विधानसभा चुनावों के बाद गठबंधन के बड़े सहयोगी का अपना दर्जा खोना पड़ा।

### बिहार में भाजपा नेताओं द्वारा जदयू नेता पर टीका-टिप्पणी करने पर भी कड़ी आपत्ति जताई



### जयसवाल पर मानसिक संतुलन खो देने का आरोप

**जदयू** के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ने जायसवाल पर अपना मानसिक संतुलन खो देने का कटाक्ष करते हुए उनपर नीतीश कुमार जैसे अनुभवी प्रशासक को सलाह देने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

### दोनों पक्षों में वाकयुद्ध समाप्त होना चाहिए: सुशील मोदी

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने वर्तमान स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते करते हुए कहा, दोनों पक्षों में यह वाकयुद्ध समाप्त होना चाहिए। मुझे इसमें जरा भी संदेह नहीं है कि यह गठबंधन अपने पूरे पांच साल के कार्यकाल तक चलेगा। लेकिन विवाद से गलत संदेश जाता है।

# कोहरे में नहीं थमेगी हाईस्पीड रैपिड रेल

## ट्रायल रन की तैयारी तेज, सिग्नलिंग उपकरणों को लगाने के काम ने पकड़ी तेजी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**देश की** पहली रीजनल रैपिड रेल के ट्रायल रन की तैयारी तेज हो गई है। अत्याधुनिक सिग्नल प्रणाली लगने के बाद कोहरे में भी रैपिड रेल नहीं रुकेगी। यह एक रेडियो टेक्नोलॉजी आधारित सिग्नलिंग प्रणाली है। यह ट्रायल रन गाजियाबाद में साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच होगा।

इसके लिए सिग्नलिंग उपकरणों को इंस्टॉल करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। दावा है कि अगस्त 2022 में पहली रैपिड रेल का ट्रायल रन हो जाएगा और मार्च 2023 में फर्स्ट फेस में ट्रेन पूरी तरह दौड़ने लगेगी। पहली रीजनल रैपिड रेल को चलाने में भारत में सबसे उन्नत तकनीक वाली प्रणाली प्रयोग में लाई जाएगी। रैपिड रेल चलाने के लिए यूरोपियन ट्रेन कंट्रोल सिस्टम के हाइब्रिड लेवल-3 तकनीक का उपयोग किया जाएगा। हालांकि, शुरुआत में इसका लेवल-2 प्रयुक्त होगा। यह दुनिया के सबसे उन्नत सिग्नलिंग और ट्रेन कंट्रोल सिस्टम में से एक है। भारत में ऐसा पहली बार होगा कि लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन रेडियो पर नवीनतम मानक, डिजिटल इंटरलॉकिंग और ऑटोमेटिक ट्रेन ऑपरेशन का प्रयोग होगा। यह ट्रेनों की हाईफ्र फ्रिक्वेंसी, बेहतर हेडवे में कारगर साबित होगा।यह सिस्टम ऑटोमेटिक ट्रेन ऑपरेशन फ क्सिबिलिटी को लैस होगा, जो ट्रेनों के ट्रैक्शन सिस्टम, एक्सेलेरेशन और ब्रेकिंग सिस्टम को नियंत्रित करने में काम आएगा। इसमें न केवल ट्रेन की गति का अनुमान लगाया जा सकता है, बल्कि यात्रियों की सुविधा के अनुसार अन्य बदलाव भी किए जा सकते हैं। मौसम कोहरा-बारिश में ये सिग्नल निर्बाध यात्रा सुरक्षित कराएंगे। इसके अलावा, इस पूरे सिग्नलिंग सिस्टम को प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स के साथ भी सिंक किया जाएगा। प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि शुरुआत में हम लेवल-2 को पहली बार लागू करेंगे। ट्रेन का दरवाजा और प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स पहले बंद किए जाएंगे, तब ट्रेन आगे चलेगी। तमाम वीडियो देखे होंगे कि ट्रेन पर चढ़ने या उतरने की जल्दबाजी में कुछ यात्री प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में फंस जाते हैं।

### फर्स्ट फेज में इन स्टेशनों पर चलेगी

*पहला दरवाजा प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स का होगा और दूसरा दरवाजा ट्रेन का। इससे कोई हादसा नहीं होगा, ऐसा दावा किया जा रहा है। दुहाई डिपो पर फिलहाल ट्रेनों के सिग्नल और टेलिकॉम के लिए इनडोर इंस्टॉलेशन, आउटडोर इंस्टॉलेशन, केबल बिछाने और सिस्टम टेस्टिंग का काम चल रहा है। यह पूरा होने के बाद ही ट्रायल रन शुरू हो सकेगा। इंडोर इंस्टॉलेशन में सिग्नल की मशीनें कमरों में लगाई जा रही हैं, जिनसे ये सिग्नल चलेंगे। आउटडोर इंस्टॉलेशन में प्वाइंट मशीन ट्रैक चेंजिंग डिवाइस, सिग्नल ट्रेनों की आवाजाही के लिए लाल और हरी बत्ती का सिग्नल और एक्सल सेंटर ट्रेनों की लोकेशन दिखाने वाला उपकरण है। फर्स्ट फेज में साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो स्टेशन हैं। इनका निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। सिग्नलिंग का काम पूरा होते ही ये स्टेशन ट्रायल रन के लिए तैयार हो जाएंगे।*

# इंटरनेशनल कंपनियों को लाने के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

## मेडिकल डिवाइस पार्क

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**यमुना** प्राधिकरण के सेक्टर-28 में विकसित होने वाले उत्तर भारत के पहले मेडिकल डिवाइस पार्क एमडीपी में आने वाली कंपनियों को एक छत के नीचे सारी सुविधाएं मिलेंगी। इस योजना में आवेदन करने की तिथि 7 जुलाई कर दी गई है। पहले 22 जून तक आवेदन करने की अंतिम तिथि थी। इसके लिए पार्क में 13 कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाए जाएंगे।

यहां आने वाली कंपनियां इनका उपयोग कर सकेंगी। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इन सेंटरों को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार ने 100 करोड़ रुपये दिए हैं। यह पैसा इन्हीं सेंटरों के निर्माण पर खर्च किया जाएगा। उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क यमुना प्राधिकरण के सेक्टर.28 में बनेगा। यह पार्क 350 एकड़ में विकसित होगा। पहले चरण में 110 एकड़ में योजना लांच की गई है। इसमें 126 भूखंड हैं। इसमें 1000 वर्ग मीटर से लेकर 4000 वर्ग मीटर तक के भूखंड हैं। योजना की अंतिम तिथि 22 जून था।

अब 7 जुलाई तक आवेदन किय जाएगा। इस योजना में मेडिकल उपकरण बनाने वाली कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। मेडिकल डिवाइस पार्क में आने वाली कंपनियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके लिए 13 फैसिलिटी सेंटर बनाए जाएंगे। ये फैसिलिटी सेंटर 92648 वर्ग फीट में बनाए जाएंगे। इन पर करीब 106 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें से करीब 80 करोड़ रुपये सेंटर में लगने वाले उपकरणों पर खर्च किए जाएंगे। यहां आने वाली कंपनियों को हर सुविधा मिलेगी।

# कूड़े का निस्तारण न करने पर दो सोसाइटी पर जुर्माना

**नोएडा।** ग्रेनो प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग ने कूड़े का उचित प्रबंधन नहीं करने पर ग्रेनो वेस्ट स्थित वेदांतम सोसाइटी और हवेलिया वैलेनोवा पार्क पर 1.02 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की रकम तीन कार्य दिवस में प्राधिकरण के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रेनो प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी व वरिष्ठ प्रबंधक सलिल यादव ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य निरीक्षक संजीव विधूड़ी के नेतृत्व में टीम को सेक्टर 16 सी स्थित वेदांतम सोसाइटी और सेक्टर टेकजोन फोर स्थित हवेलिया वैलेनोवा पार्क सोसाइटियों में कूड़े का प्रबंधन की पड़ताल के लिए भेजा गया था। दोनों जगहों पर सालिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 के नियमों के अनुरूप कूड़े का निस्तारण उचित ढंग से नहीं किया जा रहा है। इस पर वेदांतम सोसाइटी पर 81600 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसी तरह हवेलिया वैलेनोवा पर 20400 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, श्रीधा स्काई गार्डन सोसाइटी की मार्केट में रेहड़ी.पटरी वाले खुले में कूड़ा फेंक रहे थे। उनके पास डस्टबिन भी नहीं थी, जिसके चलते 20 से अधिक रेहड़ी वालों पर भी 100.100 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# यूपी रेरा ने किए तीन प्रोजेक्ट रद्द, बैंक खाते सीज

## अंतरिक्ष बिल्डर पर गिरी गाज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**उत्तर** प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण ने अंतरिक्ष बिल्डर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अंतरिक्ष बिल्डर के गाजियाबाद में तीन हाउसिंग प्रोजेक्ट का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है।

इतना ही नहीं बिल्डर के बैंक खातों को सीज किया गया है। यूपी रेरा की वेबसाइट का उपयोग करने पर पाबंदी लगा दी है। बिल्डर ने पिछले 7 वर्षों के दौरान परियोजनाओं से जुड़ा आय.व्यय का ब्यौरा और बैलेंस भी पेश नहीं की हैं। फ्लैट खरीदारों की शिकायतों के जवाब प्रमोटर नहीं दे पाए हैं। अब यूपी रेरा तीनों प्रोजेक्ट का निर्माण खुद पूरा करवाएगा। यूपी रेरा के प्रवक्ता ने बताया कि रेरा अधिनियम की धारा.7 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गाजियाबाद में स्थित तीन परियोजनाओं अंतरिक्ष संस्कृति फेज.2ए अंतरिक्ष संस्कृति फेज-3 और रक्षा विज्ञान संस्कृति फेज-2 का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। इस कार्यवाही के तहत इनके प्रोमोटरों मेसर्स अंतरिक्ष रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड और रक्षा विज्ञान कर्मचारी सहकारी आवास समिति लिमिटेड को इन परियोजनाओं के लिए यूपी रेरा की वेबसाइट का प्रयोग करने से वंचित कर दिया गया है। प्रोमोटर को फोटो और नाम सहित डिफॉल्टर की लिस्ट में शामिल कर दिया है। इसकी सुचना अन्य राज्यों और संघीय राज्यों के रेरा कार्यालयों को प्रेषित की गई है।

परियोजना से जुड़े किसी भी प्रकार के लेन-देन को रोकने के लिए प्रमोटरों के बैंक खातों को भी फ्रीज करने का निर्णय लिया गया है। तीनों परियोजनाओं के शेष विकास कार्यों को पूर्ण करके आवंटियों को उनकी इकाई का कब्जा देने रेरा अधिनियम की धारा-8 के तहत आगे की कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण की सदस्य कल्पना मिश्रा की अध्यक्षता में एक परियोजना अनुश्रवण तथा परामर्शदात्री समिति पीएएमसी गठित कर दी गई है।

# कविनगर ई-ब्लॉक से निगम के स्टील के पोल चोरी

**गाजियाबाद।** निगम की एक और कारगुजारी सामने आई है। निगम के कविनगर ई.ब्लॉक स्थित पार्क से करीब आधा दर्जन स्टील के पोल चोरी हो गए। नगर निगम के उद्यान विभाग के सीनियर अधिकारियों को भी इसकी जानकारी है। इसके बाद भी इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। माना जा रहा है कि इसकी खबर अभी नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर तक नहीं पहुंची है। नहीं तो इस मामले में कार्रवाई हो जाती। नगर निगम के उद्यान विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। सूत्रों का दावा है कि नगर निगम के उद्यान विभाग कविनगर ई.ब्लॉक में प्रकाश की और अच्छी सुविधा स्थापित करने के लिए प्लान किया था। इस पार्क में आधा दर्जन नए स्टील के पोल लगाने का प्लान था।

# दिल्ली-मेरठ मार्ग पर स्कूटी सवार युवकों को बेहरमी से पीटा, हालत गंभीर

एजेंसी। गाजियाबाद

**दिल्ली-मेरठ** मार्ग पर सौदा कट के पास रोडरेज के चलते कार सवार युवकों ने स्कूटी सवार दो दोस्तों को बेहरमी से पिटाई कर दी। इस मारपीट में वे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना बुधवार सुबह की है। पीड़ित के परिजनों ने थाने में पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। गांव सीकरी खुर्द निवासी सौरभ कुमार अपने दोस्त अंकुर के साथ स्कूटी से एक समारोह में शामिल होने स्कूटी से बुधवार सुबह मेरठ की और जा रहे थे।

जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर सौदा कट के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में साइड से टक्कर मार दी। साइड लगते ही स्कूटी नीचे गिर गई और युवक चोटिल हो गए। इस बात को लेकर सौरव व अंकुर का कार सवार युवकों से विवाद हो गया।

# गौतमबुद्ध नगर में जल्द बनेंगे ड्राइविंग लाइसेंस, रोजाना 200 स्लॉट जारी

पायनियर समाचार सेवार सेवा। नोएडा





गौतमबुद्ध नगर वासियों के लिए अच्छी खबर है। अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। दरअसल, गौतमबुद्ध नगर परिवहन विभाग लाइसेंस के लिए स्लॉट की संख्या बढ़ा दी है और यह व्यवस्था बुधवार से लागू हो गई। परिवहन विभाग की इस व्यवस्था के लागू होने के बाद रोजाना 200 स्लॉट जारी किए जाएंगे। परिवहन विभाग की इस प्राथमिकता से रोजाना 200 लोगों को फायदा होगा।

गौतमबुद्ध नगर के एआरटीओ प्रशासन एके पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि अब जनपद में नई व्यवस्था लागू की गई है। पहले रोजाना 120 स्लॉट मिलते थेए लेकिन अब 200 स्लॉट मिलेंगे। इससे अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए काफी कम समय लगेगा। इस तरीके से परिवहन विभाग ने 80 स्लॉट की संख्या बढ़ा दी है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पहले जब रोजाना 120 स्लॉट जारी किए जाते थे तो 3 महीने का वेटिंग समय होता था, लेकिन अब रोजाना 200 स्लॉट बुक होने के कारण लोगों को फायदा होगा और जल्द उनका ड्राइविंग लाइसेंस बन जाएगा। इस व्यवस्था के बाद जनपद में ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस बनवाने वालों की संख्या भी दोगुना हो जाएगी।

# गाजियाबाद व नोएडा में 24 घंटे में कोरोना के 203 केस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**गाजियाबाद** और गौतमबुद्ध नगर नोएडा में कोरोना फिर से पैर पसारने लगा है। गाजियाबाद में बीते 24 घंटे के अंदर 78 और गौतमबुद्ध नगर में 125 नए केस मिले हैं। दिल्ली में भी लगातार केस बढ़ रहे हैं। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है।

गाजियाबाद में 78 नए केस में बच्चों की संख्या 11 है। यहां अब कुल एक्टिव केस 342 हो गए हैं। इसमें 9 संक्रमित मरीजों का इलाज अस्पतालों में चल रहा है और बाकी मरीज होम आइसोलेटेड हैं। गाजियाबाद में पिछले साल जून में कोरोना के 324 मामले सामने आए थे, जो इस बार 22 जून तक पुराने आंकड़े को पार करके 660 तक पहुंच चुके हैं। पिछले 24 घंटे में संक्रमण दर डेढ़ फीसदी को पार कर गई है।

नोएडा में बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमित 125 नए मरीजों की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 606 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, बीते 6 दिन में यहां कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या दोगुनी तक पहुंच गई है।

# बच्ची के अपहरणकर्ता का स्कैच जारी

**गाजियाबाद।** विजयनगर पुलिस ने उस संदिग्ध अपहरणकर्ता का स्कैच जारी किया है, जिसपर अकबरपुर-बहरामपुर निवासी आबिद खान की चार वर्षीय पुत्री के अपहरण करने का शक है। इस संदर्भ में एसएचओ विजयनगर ने बताया कि आबिद खाने ने लगभग आठ माह पूर्व एक नवंबर 2021 को तहरीर दी थी।

तहरीर में उसने बताया था कि चार वर्षीय पुत्री का अपहरण उस समय कर लिया, जब वो शनि बाजार के पास स्थित मस्जिद के पास खेल रही थी। सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस की कई टीम बच्ची को बरामद करने में जुटी हुई हैं।





दुष्कर्म के आरोपी को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस।

# आईएमएस में सेमिनार का आयोजन

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा में हेल्थ नुट्रिशन पर सेमिनार का आयोजन हुआ। बुधवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर एक्सपर्ट आहार विशेषज्ञ आरती शर्मा एवं वीएलसीसी इंस्टीट्यूट प्रीत विहार की हेड रुचिका भनोट ने विचार प्रकट किए। वहीं कार्यक्रम के दौरान सही पोषण के लिए खान.पान, पोषण.युक्त आहारए एवं कुपोषण के कारणों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जनसंचार की विभागाध्यक्ष डॉ वीणा हाडा ने बताया कि कुपोषण के लिए सिर्फखान.पान जिम्मेदार नहीं है, वरन खाने के साथ टेलीविजन देखना, बच्चों को मोबाइल में उलझा कर खाना खिलाना, खड़े होकर या कुर्सी एवं दीवार में पीठ टिकाकर खाना खाना भी इसके जिम्मेदार है। वहीं रुचिका भनोट छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को पता है कि स्वास्थ्य ही धन है, फिर भी हम सभी भागदौड़ भरी जिन्दगी में अत्यधिक मात्रा में फास्टफूड का सेवन कर अपने स्वास्थ्य का ख्याल नहीं रख पाते। उन्होंने कहा कि कुपोषण से मुक्ति के लिए दिनचर्या में सुधार के साथ.साथ सही पोषण को व्यवहार में लाने की जरूरत है। खासकर घर की महिलाएं अपने स्वास्थ्य के साथ.साथ स्वच्छता पर भी ध्यान केन्द्रित करें। उन्होंने कहा कि जो स्वच्छता है वह स्वस्थ है। वहीं कार्यक्रम के दौरान आरती शर्मा ने बताया कि भोजन शरीर के साथ जुड़ा हुआ है। जिस प्रकार एक वाहन को चलाने के लिए ईंधन की आवश्यकता होती है।

# अवैध हुक्का बार पर गिरी गाज, सात गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाने से चंद कदम दूर वसुंधरा सेक्टर 10 में अवैध रूप से हुक्का बार चल रहा था। पुलिस ने छापा मारकर हुक्का बार में से करीब सात लोगों को गिरफ्तार किया।

यह बार बिना किसी नाम के चल रहा था। इस बारे में स्थानीय लोगों के कई बार शिकायत करने के बाद अब कार्रवाई की गई है। हुक्का बार का संचालक पार्टी कराने के नाम पर युवाओं को बुलाता था। पार्टी की तारीख सोशल मीडिया द्वारा बताई जाती थी। कई बार युवाओं द्वारा फोन पर भी हुक्का बार खुलने और बंद होने का समय पूछा जाता था। साथ ही पुलिस ने तमाकू, हुक्का, पाइप आदि सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि आसपास के निवासी हुक्का बार में पार्टी करने आए युवाओं की गाड़ियों से भी परेशान हैं।

# जासूसी केसः सवालों के घेरे में दो थानों की पुलिस

## एडीसीपी विशाल पांडे करेंगे पूरे मामले की जांच

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा में रहने वाले 2 चीनी घुसपैठियों को पुलिस ने दबोचा है। इनको ग्रेटर नोएडा के गेस्ट हाउस में रखने वाले चीनी जासूस को भी जेल भेज दिया गया है। इस मामले में इंटेलिजेंस यूनिट के बाद अब थाने की पुलिस की भी भूमिका संदिग्ध लग रही है। इस मामले में अब ग्रेटर नोएडा की डीसीपी मीनाक्षी कात्यायन ने जांच के आदेश दिए हैं।

ईकोटेक वन और बीटा-2 कोतवाली के बीट सिपाही, हलका इंचार्ज और थानेदार की भूमिका की जांच की जा रही है। यह जांच एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे को सौंपी गई है। ग्रेटर नोएडा के घरबरा में एक गेस्ट हाउस चल रहा था। जिसमें चीनी जासूस सु फाइ चीनी नागरिकों को रखता था। इसमें इंटेलिजेंस यूनिट की बड़ी लापरवाही सामने आई थी। यहां पर भारी मात्रा में विदेशी युवक और युवती रहते थे और इस बात का इंटेलिजेंस यूनिट को पता भी नहीं था। इससे भी बड़ी बात यह है कि चीनी जासूस पिछले 4 सालों से ग्रेटर नोएडा में अवैध दस्तावेज के आधार पर रह रहा था और इस बात की इंटेलिजेंस यूनिट को भनक तक नहीं थी। अब इस मामले में ईकोटेक.1 और बीटा.2 कोतवाली में तैनात बीट सिपाही, हलका इंचार्ज और थानेदार की भूमिका की जांच की जा रही है। इन सभी की भूमिका इस मामले में संदिग्ध लग रही है।

थाने की पुलिस पेट्रोलिंग करती है, कौन से गेस्ट हाउस में क्या हो रहा है और किसके नाम पर है। इस सभी बात की जानकारी थाने स्तर की पुलिस को होती है। उनके बावजूद भी थाने की पुलिस को इस गेस्ट हाउस के बारे में क्यों नहीं पता था। बल्कि थाने की पुलिस को अपने इलाके की हर गतिविधियों के बारे में मालूम होना चाहिए और ऐसा होता भी है, लेकिन ग्रेटर नोएडा में इतना बड़ा खेल हो रहा था और पुलिस को इस बारे में पता नहीं।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

वाहन चलाते वक्त सावधानी बरतें, खास तौर पर रात के समय यात्रा कर रहे हों। अनुमान नुकसानदेह साबित हो सकता है। निवेश करते वक्त पूरी सावधानी बरतें। परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें। उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका ख्याल रखते हैं। रोमांस-घूमना-फिरना और पार्टी रोमांचक तो होंगे, लेकिन थकाऊ भी रहेंगे। (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

भाग्यांक : 6

विशेष : देव गुरु बृहस्पति के मंत्र का जाप करें।

### वृष

दिन अच्छा रहने वाला है। अपनी परफॉर्मेंस के लिये बॉस का समर्थन प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, और काम के प्रति समर्पण लोग देखा जाएगा, आपको सम्मानित किया जायेगा। छात्रों को करियर संबंधी शुभ सूचना मिलेगी। घर का वातावरण खुशनुमा बनेगा। घूमने जा रहे हैं तो साथ में जरुरत की चीजें जरुर ले जायें। परिवारवालों के साथ आनंद के पलों को महसूस करें। (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

भाग्यांक : 5

विशेष : पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाएं।

### मिथुन

झगड़ालू इंसान से वाद-विवाद मूड खराब कर सकता है। समझदारी से काम लें। संभव हो तो इससे बचें। विवाद आपके लिए मददगार नहीं रहेगा। भूमि, रिअल-एस्टेट या सांस्कृतिक परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। घर में कुछ बदलाव के चलते आत्मीय जनों के साथ अनबन हो सकती है। आज प्रेम-संबंध में आपकी सभी शिकायतें गायब हो जाएंगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

भाग्यांक : 3

विशेष : देव गुरु बृहस्पति की आराधना करें।

### कर्क

दिन सामान्य रहने वाला है। किसी बात को लेकर काफी परेशान चल रहे थे। अपनों की मदद से समाधान मिलना तय है। जरूरी काम से मिला हुआ फायदा हाथ से निकल सकता है। बेहतर होगा विरोधियों से सावधान रहें। तनाव बढ़ सकता है। बेहतर होगा शाम को ऑफिस से आने के बाद आराम करें। जो लोग स्वीट्स हाउस के मालिक हैं कारोबार में वृद्धि करने के लिये अवसर मिलेंगे। (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

भाग्यांक : 7

विशेष : भगवान विष्णु की आराधना करें।

### सिंह

आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ खींचेगा। लोग ऐसी योजना में रुपये लगाने के लिए तैयार होंगे, जिसमें संभावना नजर आए और विशेष हो। संबंधी आपके उदार स्वभाव का गलत फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। चौकन्ने रहें, नहीं तो ठगा हुआ महसूस करेंगे। उदारता एक हद तक ही ठीक है। प्रिय को आज निराश न करें क्योंकि ऐसा करने की वजह से बाद में पछताना पड़ सकता है। शारीरिक रूप से तंदरुस्त रहेंगे। (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

भाग्यांक : 5

विशेष : काले सफेद तिल मिलाकर आटे की गोलियां पानी में प्रवाहित करें।

### कन्या

दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। नई चीजों को सीखने की जरूरत है। जिस काम को आप नजरअंदाज करते आ रहे थे आज उन्हीं से उम्मीद से अधिक लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में व्यावहारिक रहने की कोशिश करें, लोगों पर साकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जो लोग वकील हैं उन्हें किसी बड़े केस में जीत हासिल हो सकती है। जिससे काफी धनलाभ भी होगा। स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा। लम्बे समय से अटके फैसलों को अमली जामा पहनाने में कामयाबी मिलेगी। (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

भाग्यांक : 4

विशेष : भगवान विष्णु को पीले पुष्प अर्पित करें।

### तुला

आज कोई गलत जानकारी मिल सकती है, जिसके चलते मानसिक तनाव का शिकार हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। पारिवारिक जीवन को पर्याप्त समय और ध्यान दें। दफ्तर में ज्यादा वक्त बिताना घरेलू मोर्चे पर दिक्कत खड़ी कर सकता है। परिवार को इस बात का एहसास होने दें कि आप उनका ख्याल रखते हैं। आज के दिन कार्यक्षेत्र में आप अपना आपा खो सकते हैं। (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)

भाग्यांक : 6

विशेष : चने की दाल का दान करें।

### वृश्चिक

दिन नई सौगात लेकर आया है। स्वास्थ्य कुछ कठिन काम को करने की क्षमता प्रदान करेगा। निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा। फाइन आर्ट्स के छात्रों को अधिक लाभ मिलने वाला है। करीबी मित्र से मदद की मांग कर सकते हैं। आर्थिक पक्ष पहले से बेहतर रहेगा। परिवार में ताल मेल बना कर रखें। संतान की ओर से खुशखबरी मिल सकती है। आध्यात्मिक गुरु सहायता कर सकता है। (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

भाग्यांक : 8

विशेष : साबुत हल्दी की गांठ का दान करें।

### धनु

स्वयं को शांत बनाए रखें, ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं। गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह आप और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है। आय के लिए, अपने सृजनात्मक विचारों का सहारा लें। उस रिश्तेदार को देखने जाएं, जिसकी तबियत काफी समय से खराब है। काम को मनोरंजन के साथ न मिलाएं। योजनाओं में आखिरी पल में बदलाव हो सकते हैं। सेहत के प्रति सावधान रहें। (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

भाग्यांक : 5

विशेष : पीले रंग का रूमाल जेब में रखें।

### मकर

दिन अच्छा रहना वाला है। ऑफिस में अधिकारियों के निकट रहेंगे। सहकर्मियों से काम में सहयोग मिलेगा। व्यवसाय को लेकर भाग-दौड़ बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति काफी मजबूत रहेगा। संपत्ति से जुड़े कार्य को आज पूरा कर लें। काम पेंडिंग में जा सकता है। जो लोग अविवाहित हैं उन्हें विवाह का प्रस्ताव भी मिलेगा। लवमेट एक-दसरे को अच्छी ड्रेस गिफ्ट करेंगे, रिश्तों में मजबूती आएगी। शारीरिक दृष्टि से सेहत फिट रहेगी। (भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

भाग्यांक : 2

विशेष : साबुत लाल मिर्च का दान करें।

### कुंभ

सफलता करीब होने के बावजूद ऊर्जा के स्तर में गिरावट आएगी। सट्टेबाजी से फायदा हो सकता है। करीबी आज काफी अजीब मूड में होगा और उसे समझना लगभग असंभव साबित होगा। दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे। कामकाज पर ध्यान की बजाय ज्यादा सोशल मीडिया का उपयोग समस्या खड़ी कर सकता है। ऐसी जानकारियों को उजागर न करें जो व्यक्तिगत और गोपनीय हों। (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

भाग्यांक : 9

विशेष : गाय को बेसन से बनी रोटी खिलाएं।

### मीन

दिन सामान्य रहने वाला है। कामकाज के बारे में गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। दूसरों की सलाह पर ध्यान दें। फायदेमंद साबित हो सकती है। नए लोगों से हुई मुलाकात फायदेमंद रहेगी। शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सफलता प्राप्त होगी। जरूरी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। शारीरिक दृष्टि से दिन अच्छा रहने वाला है। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। कम्यूनिकेशन की क्षमता प्रभावशाली साबित होगी। (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

भाग्यांक : 7

विशेष : पानी में हल्दी डालकर घर में पोछा लगाएं।

नोट : कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

# ब्रोन्कियल अस्थमा के मरीजों को हो सकता है नेचुरोपैथी से फायदा



**ए**न्वायरमेंटल एलर्जी जैसे डस्ट, पॉलेन, इंसेक्ट्स और पालतू जानवर अस्थमा के बढ़ने का कारण हैं। अस्थमा को बढ़ाने वाले अन्य फैक्टर, बाहर का एयर पॉल्यूशन भी है। फ्रेंच इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च के रिसर्चर ने पाया कि हाई ट्रैफिक इंटेंसिटी और ओजोन के जोखिम ने अस्थमा के मरीजों के लिए खतरा बढ़ा दिया है।

वातावरण में प्रदूषण बढ़ने के कारण भारत में सांस से संबंधित बीमारियां बढ़ रही हैं। खासकर यह बीमारियां बच्चों में ज्यादा बढ़ रही हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि इसके प्रति एक होलिस्टिक अप्रोच के साथ नेचुरोपैथी और योग के साथ इन बीमारियों को रोका जाए। रिसर्च से पता चला है कि नेचुरोपैथी से अस्थमा के मरीज को काफी लंबे समय तक फायदा होता है और इस रोग की इंटेंसिटी कम होती है। यह ड्रग की जरुरत को कम करके फेफड़े और इसके सिम्पटम्स में सुधार करता है।

### ब्रोन्कियल अस्थमा और इसको बढ़ाने वाले कारक

ब्रोन्कियल अस्थमा एक ऐसी कंडीशन है जो फेफड़ों के वायुमार्ग में सूजन का कारण बनती है। इस वायुमार्गों के पतले होने और ज्यादा बलगम होने के कारण घरघराहट, खांसी और सांस लेने में कठिनाई होती है। यह बीमारी क्रोनिक है, जिससे डेली लाइफ में यह बहुत मुश्किलें आती हैं। अगर इसका ढंग से इलाज न किया जाय तो यह बीमारी खतरनाक भी बन सकती हैं। हमारे एनवायरमेंट से ही अस्थमा बढ़ता है।

> **वातावरण में प्रदूषण बढ़ने के कारण भारत में सांस से संबंधित बीमारियां बढ़ रही हैं। खासकर यह बीमारियां बच्चों में ज्यादा बढ़ रही हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि इसके प्रति एक होलिस्टिक अप्रोच के साथ नेचुरोपैथी और योग के साथ इन बीमारियों को रोका जाए।**

### ड्रग्स जो सहायक हैं

मोटर कारों से निकलने वाले धुएं और यहां तक कि धूल और पॉलेन भी अस्थमा को एक खतरनाक रोग बनाते हैं। मॉडर्न मेडिसिन स्टेरॉयड इनहेलेशन और एंटी-इन्फ्लेमेंटरी ड्रग्स इस रोग की कंडीशन को मैनेज करते हैं। ये ड्रग्स फेफड़े के सांस लेने वाले नली में सूजन और बलगम को कम करके काम करती हैं, जिससे सिम्पटम्स में सुधार होता है और कंडीशन को नियंत्रित किया जाता है। हालांकि ड्रग्स की हाई कीमत और इसके साइड इफेक्ट्स चिंता के कारण अब भी हैं। दूसरी ओर नेचुरोपैथी आधारित ट्रीटमेंट बिना ड्रग्स के इस रोग को ठीक करता है जोकि बहुत ही सेफ और लंबे समय के लिए ठीक होता है।

### अस्थमा को ठीक करने में नेचुरोपैथी का योगदान

नेचुरोपैथी किसी कंडीशन का ट्रीटमेंट और मैनेज कम्पार्टमेंट की बजाय होलिस्टिक है। जहां मॉडर्न मेडिसिन सिम्पटम्स को कम करके इलाज करती हैं वहीं नेचुरोपैथी रोग के कारण को खत्म करने और रोग की इंटेंसिटी को कम करने का काम करती है।

### नेचुरोपैथी में थेराप्यूटिक तीन फेज में होती है

**एलीमिनेटिव फेज :** एलीमिनेटिव फेज, इस फेज में बॉडी की क्लींजिंग और टॉक्सिन को कम करने में फोकस होता है।

**सूथिंग फेज :** सूथिंग फेज में शरीर का कायाकल्प और आवश्यक पोषण की आपूर्ति होती है।

**कंस्ट्रक्टिव फेज :** कंस्ट्रक्टिव फेज में बॉडी की मेटाबॉलिक एक्टिविटी को रेगुलेट किया जाता है।

### नेचुरोक्योर थेरेपी का तरीका

**नेचर क्योर :** नेचर क्योर थेरेपी में दिन में एक या दो बार 30 मिनट से एक घंटे तक चेस्ट पैक मरीज की कंडीशन के हिसाब से लगाये जाते हैं। इसके बाद पैर को गर्म और आर्म बाथ, ऊपरी पीठ और छाती की थोड़ी मालिश, अस्थमा बाथ, ऑक्सीजन बाथ, स्टीम और सौना बाथ, एनीमा, स्टीम इन्हेलेशन और ड्रेनेज थेरेपी की जाती है।



**डाइट थेरेपी :** डाइट थेरेपी के तहत अस्थमा रोगियों को पोषण से भरपूर कैल्शियम, गैर-बलगम और नॉन एसिड जेनेरिक फूड के साथ-साथ जड़ी-बूटियां जैसे तुलसी, पुदीना चाय आदि और बहुत सारा पानी पीने को कहा जाता है। जो भी फूड कफ को बढ़ाते हैं और एलर्जी को पैदा करते हैं ऐसे फूड को नहीं खाना चाहिए। सामान्य अस्थमा रोगियों के ऑब्जर्वेशन से यह भी पता चला कि पशुओं के दूध भी अस्थमा को बढ़ाते हैं। इन दूधों के बजाय सोया दूध पीना चाहिए।

**योग थेरेपी :** तीन हफ्ते के कार्यक्रम में योग क्रिया, योगासन, प्राणायाम और योगनिद्रा प्रथाओं की गंभीरता में क्रमिक उन्नयन उपचार दृष्टिकोण का तीसरा स्तंभ था।

### नेचुरोपैथी से इलाज कितना कारगर है

इस ट्रीटमेंट से रोगियों में लंबे समय तक प्रभाव रहता है। हमारे देश में अस्थमा के बहुत ज्यादा केस है। मॉडर्न मेडिसिन अस्थमा जैसे रोगों का इलाज करने में असफल रही है। मॉडर्न मेडिसिन का फोकस बिना रोग की जड़ को जाने मुख्यता सिम्पटम्स को कम करके इलाज किया जाता है। वहीं दूसरी ओर नेचुरोपैथी किसी कंडीशन का ट्रीटमेंट और मैनेज कम्पार्टमेंट की बजाय होलिस्टिक है।

## जानें अस्थमा के कारणों को

**सांस लेने में तकलीफ पैदा करने वाले कुछ कारकों और उन से निबटने के उपाय जान कर अस्थमा के शिकार लोग भी खुली हवा में जीने का आनंद उठा सकते हैं...**

**ग्लोबल** बर्डन औफ डिजीज स्टडी के अनुसार, दुनिया भर में 334 मिलियन लोग अस्थमा से पीड़ित हैं। चैस्ट स्पैशलिस्ट डा। सुशील मुंजाल कहते हैं, ''अस्थमा में सांस की नलियों में सूजन आ जाती है। इस के लक्षण प्रत्येक व्यक्ति में भिन्न हो सकते हैं। लेकिन एक कारक आम होता है वह यह कि जब भी सांस की नलियां किसी भी तरह की ऐलर्जी के संपर्क में आती हैं तो उन में सूजन हो जाती है, जिस से वे सिकुड़ कर चिपचिपा पदार्थ बनाती हैं। उस से सांस की नलियां बाधित होती हैं और सांस लेने में तकलीफ होती है। इस के साथसाथ खांसी भी होती है।''

हालांकि अस्थमा होने के कारण स्पष्ट नहीं हैं, फिर भी माना जाता है कि यह ऐलर्जी और पारिवारिक इतिहास से जुड़ा होता है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि अस्थमा से पीड़ित लोगों या उन्हें मैनेज करने वालों के लिए यह समझना महत्त्वपूर्ण है कि रोगी को किन कारणों से अस्थमा की समस्या तेज होती है। इस से न सिर्फ अस्थमा को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। वरन अस्थमा अटैक में भी कमी आएगी। पर्यावरणीय कारकों भोजन और सांस लेते समय किसी चीज से ऐलर्जी होने का पता चलने पर रोगी गंभीर अस्थमा अटैक को रोक सकता है। अस्थमा रोगियों को निम्नलिखित ट्रिगर के बारे में जानना महत्वपूर्ण है

**पराग :** ये पेड़, खास तरह की घास या अन्य पर्यावरणीय कारकों से पैदा होने वाले बहुत छोटे कण होते हैं। पराग के इन कणों को खासतौर से वसंत के मौसम में एअर कंडीशनर के इस्तेमाल से रोका जा सकता है। वसंत ऋतु के दौरान हवा में पराग की मात्रा काफी होती है। दोपहर में जब पराग का स्तर ज्यादा होता है तब बाहर निकलते समय नाक और मुंह पर मास्क लगा लें। सोने से पहले बालों को धोएं। अगर दिन में आप पराग के संपर्क में आए हैं तो रात में बाल धोना फायदेमंद रहेगा।

**प्रदूषक और अस्थमा बढ़ाने वाले पदार्थ :** ये पदार्थ अंदर व बाहर दोनों जगह हो सकते हैं। स्टोव, परफ्यूम, स्प्रे इत्यादि से अस्थमा रोगियों को समस्या हो सकती है। नए फर्नीचर, फर्श, दीवारों, छत इत्यादि से आने वाली गंध भी ट्रिगर का काम कर सकती है।

**बालों वाले जानवर :** कुत्ते, बिल्ली, पक्षी, चूहे, गिलहरी इत्यादि से हवा में अस्थमा के ट्रिगर हो सकते हैं। इन पक्षियों के बालों, त्वचा, पंखों, लार, मूत्र इत्यादि से अस्थमा रोगी को घरघराहट, खांसी हो सकती है या फिर आंखों से पानी आ सकता है। इस तरह के ट्रिगर से बचने के लिए अस्थमा के रोगियों को घने बालों वाले जानवरों या पंखों वाले पक्षियों से दूर रहना चाहिए। इस के अलावा पालतू जानवरों को हफ्ते में 1 बार जरूर नहलाना चाहिए।

**धूम्रपान :** यह सांस की नलियों को अवरुद्ध कर के फेफड़ों को स्थाई रूप से क्षतिग्रस्त कर सकता है। जब तंबाकूयुक्त धूम्रपान को सांस द्वारा अंदर किया जाता है तो यह अस्थमा अटैक का ट्रिगर हो सकता है। इस समस्या को नियंत्रित करने के लिए अस्थमा रोगियों को न सिर्फ धूम्रपान छोड़ना होगा, बल्कि ऐसे स्थानों पर भी जाने से परहेज करना होगा जहां धूम्रपान हो रहा हो या धुंआ हो। अगर घर में कोई सदस्य धूम्रपान करता है तो उसे इसे छोड़ने को कहें।

**स्प्रे और प्रसाधन सामग्री :** अस्थमा अटैक कई बार गीले पेंट, ऐरोसोल स्प्रे या किसी भी साफसफाई करने वाले उत्पाद से हो सकता है। कई बार परफ्यूम या डियो भी अस्थमा के ट्रिगर का काम कर सकता है, इसलिए अस्थमा के रोगी ऐसी जगहों पर जाने से परहेज करें जहां नया पेंट हुआ हो। पेंट सूखने के बाद ही उस स्थान पर जाएं। घर में बिना गंध वाले सफाई उत्पादों का प्रयोग करें।

**व्यायाम :** व्यायाम करना सेहत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन अस्थमा के रोगियों को डाक्टर से परामर्श ले कर ही सही तरीके से व्यायाम करना चाहिए। विशेषज्ञ मानते हैं कि हालांकि अस्थमा को पूरी तरह से ठीक नहीं किया जा सकता, लेकिन लक्षणों को रोक कर इसे नियंत्रित जरूर किया जा सकता है। इन्हेलेशन थेरैपी में कोरटिकोस्टेराइड से अस्थमा को मैनेज किया जाता है। इस के अलावा ओरल दवाओं के मुकाबले इन्हेल्ड कोरटिकोस्टेराइड बहुत कम मात्रा में फेफड़ों में सीधे पहुंच कर काम करता है। यह चिपचिपे पदार्थ को बनने से रोकता है और सूजन कम करता है, जिस से सांस की नलियां अधिक संवेदनशील नहीं रहतीं और अस्थमा अटैक कम होता है।

डा सुशील मुंजाल कहते हैं, ''अस्थमा को नियंत्रित करने में इन्हेलेशन थेरैपी बेहतरीन विकल्प है। इस के बावजूद लोगों में इस की प्रभावशीलता को ले कर कई तरह के संदेह हैं। मैं ने कई मामलों में देखा है कि अभिभावक अपनी अविवाहित लड़की को थेरैपी देने से रोकते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इस से लोगों को पता चल जाएगा कि उन की बेटी को अस्थमा की समस्या है, जिस से विवाह करने में दिक्तत होगी। मगर कारगर तकनीकों से अस्थमा को बेहतरीन तरीके से मैनेज किया जा सकता हो तो सामाजिक शंकाओं को परे कर जिंदगी को खुली हवा में जीना चाहिए।''

# मच्छरों से फैलने वाली छह बड़ी बीमारियों से कैसे बचें ?

> **मच्छरों के काटने से होने वाली जानलेवा बीमारियों में मलेरिया सबसे खतरनाक है। मलेरिया की वजह से हर साल दुनियाभर में 400,000 लोगों की मौत होती है। हालांकि, भारत में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय रूप से कमी आई है।**

**दुनिया भर** में मच्छरों का काटना और उनसे होने वाली बीमारियां चिंता का विषय बन रही हैं। दरअसल, मच्छरों के काटने से जो बीमारियां होती हैं, उनमें से ज्यादातर जानलेवा होती हैं। दुनिया भर में मच्छरों से होने वाली बीमारियों के कारण हर साल लगभग 1 मिलियन लोगों की मौत हो जाती है। हम अधिकतर मच्छर के काटने को मामूली दिक्कत समझते हैं, लेकिन ये समस्या जितनी सामान्य नजर आती है ये उससे कहीं ज्यादा गंभीर हो सकती है। आइए जानते हैं मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारी और उनसे संभव बचाव व मुकाबले के बारे में।

### मलेरिया

मच्छरों के काटने से होने वाली जानलेवा बीमारियों में मलेरिया सबसे खतरनाक है। मलेरिया की वजह से हर साल दुनियाभर में 400,000 लोगों की मौत होती है। हालांकि, भारत में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय रूप से कमी आई है। 2017 में, भारत में दुनिया भर में से मलेरिया के 4फीसद मामलों का हिसाब है, लेकिन डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण-पूर्वी एशिया क्षेत्र में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की, जिसमें भारत के 17 मामले शामिल हैं। 2010 में 7 से 2017 में जोखिम में प्रति 1000 जनसंख्या पर बीमारी। भारत (ओडिशा और उत्तर-पूर्वी राज्यों) में सबसे अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में मामलों में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

2030 तक मलेरिया को पूरी तरह से समाप्त करने की अपनी खोज में, भारत बेड-नेट की मुफ्त पहुंच प्रदान करने, तेजी से निदान के उपयोग का विस्तार करने और शीघ्र उपचार प्रदान करने का प्रयास कर रहा है। आज तक, इस बीमारी का कोई टीकाकरण अभी तक खोजा नहीं गया है। केंद्रीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक संवेदीकरण कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं।



### डेंगू बुखार

भारत में डेंगू बुखार तेजी से बढ़ रहा है और इस बीमारी के मामलों में भारी वृद्धि हुई है। एक सरकारी मैगजीन के अनुसार, 2017 में डेंगू के मामले 2015 में 100,000 से बढ़कर 160,000 हो गए। डेंगू बुखार के लिए भारत सबसे अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में से एक है। स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 618 अस्पतालों और 16 प्रयोगशालाओं में मुफ्त डेंगू किट आवंटित करने की योजना बना रहा है। वे मच्छर निगरानी और प्रबंधन बढ़ाने के लिए भी प्रयास कर रहे हैं। चूंकि डेंगू बुखार बढ़ रहा है, इसलिए लोगों को इस बीमारी से खुद को बचाने के लिए जरूरी निवारक उपाय करने चाहिए। डेंगू के लिए कोई टीकाकरण उपलब्ध नहीं है, लेकिन नैदानिक परीक्षण चल रहे हैं। डेंगू बुखार से बचाव के लिए इसके लक्षण व संकेत मिलते ही इलाज जरूरी है।

### पीला बुखार

पीला बुखार फ्लेविवायरस की वजह से होता है। यह एक संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। पीला बुखार अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और कैरेबियन के कुछ हिस्सों में होता है। भारतीय इस बीमारी के संपर्क में नहीं हैं, पिछले कुछ दशकों में पीले बुखार के कोई भी मामले सामने नहीं आए हैं। हालांकि, लोगों को सलाह दी जाती है कि वे खासकर बरसात के मौसम में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की यात्रा करने से पहले येलो बुखार के लिए टीका लगवाएं। इस बीमारी का कोई ज्ञात इलाज नहीं है और उपचार रोगसूचक है। जिसका उद्देश्य रोगी के आराम के लिए लक्षणों को कम करना है।

### मच्छरों से जुड़ी बीमारियों से मुकाबला

- रोकथाम के उपायों में शामिल हैं। मच्छरदानी, घर के अंदर और बाहर खड़े पानी को खत्म करना, घर में रेपेलेंट और अगरबत्ती का उपयोग करना, कीटनाशक का उपयोग करना आदि।
- भारत में मच्छरों और वेक्टर जनित बीमारियों के खिलाफ लंबे समय से लड़ाई चल रही है। लगभग 1.4 बिलियन जिंदगियां दांव पर होने की वजह से इस समस्या पर पकड़ बनाना काफी मुश्किल हो गया है।
- जलवायु परिवर्तन, तेजी से शहरीकरण, स्वच्छता की कमी और अपशिष्ट निपटान प्रणाली और बढ़ती जनसंख्या जैसे कारक इन बीमारियों को बढ़ाते हैं। हालांकि, भारत धीरे-धीरे इस समस्या को हल करने की दिशा में काम कर रहा है।
- वेक्टर निगरानी और प्रबंधन नेटवर्क को मजबूत करने के प्रयास किए गए हैं। भारत भी मच्छरों को बीमारी फैलने से रोकने के लिए जैव प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न तरीकों का लाभ उठा रहा है।
- इसके साथ ही विभिन्न एहतियाती उपाय हैं जो हर व्यक्ति खुद को संक्रमित होने से बचाने के लिए कर सकते हैं।

### इंसेफेलाइटिस

यह भी एक मच्छर जनित बीमारी है, जिसमें दिमाग और रीढ़ की हड्डी के आसपास सूजन हो जाती है और रोगी को अगर तुरंत इलाज न मिले तो उसे काफी दिक्कत हो जाती है। इंसेफेलाइटिस भारत में चिंता का कारण बन रहा है। इस बीमारी की वजह से हाल ही में गोरखपुर और आस-पास के जिलों में 500 बच्चों की मौत हो गई। कमजोर प्रतिरक्षा वाले बच्चों और बुजुर्गों में इस बीमारी का खतरा अधिक होता है। लक्षणों में शामिल हैं। बुखार, भ्रम, उनींदापन, सिरदर्द, थकान या कमजोरी, दौरे, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द शामिल है।

### जीका

जीका भारत के लिए एक असामान्य घटना थी, जिसकी वजह से जयपुर में प्रकोप आ गया था है (पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य) जीका ने 130 से अधिक लोगों को संक्रमित किया था। कुछ ही समय में ये समस्या पूरे भारत में फैल गई और स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन गई। भारत उन 80 देशों में शामिल है, जो इस बीमारी से प्रभावित हैं। इस बीमारी के लक्षण आमतौर पर हल्के होते हैं और इसमें बुखार, लाल आंखें, दाने, मांसपेशियों या जोड़ों का दर्द जैसे लक्षण आमतौर पर रोगी के अंदर दिखाई देने लगते हैं। इस बीमारी से बचने के लिए गर्भवती महिलाओं को संक्रमित क्षेत्रों में यात्रा न करने की सलाह दी जाती है।

### चिकनगुनिया

चिकनगुनिया सबसे ज्यादा अफ्रीका, एशिया और भारत में पाया होता है। 2018 में भारत इस बीमारी के 1 लाख से अधिक मामले सामने आए थे। जलवायु परिवर्तन को इस बीमारी के फैलने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। शोधकर्ताओं का दावा है कि चिकनगुनिया की घटना के लिए 29 डिग्री सेल्सियस आदर्श तापमान है। इतने तापमान में ये बीमारी बढ़ने लगती है और लोगों को अपनी चपेट में लेने लगती है। रोग से बचाव के लिए उपचार और प्रबंधन के अलावा, सवाधानी की जरूरत है। इसके अलावा, चिकनगुनिया के लिए कोई ज्ञात इलाज या वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। इसके लक्षणों का इलाज किया जा सकता है। लक्षण: लगातार जोड़ों का दर्द, बुखार, मतली, सिरदर्द, आदि हैं।

# भारतीय क्रिकेटर रूमेली धर ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

## क्रिकेट में रूमेली का करियर 23 साल का रहा

एजेंसी। मुंबई

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम की कप्तान रूमेली धर ने बुधवार को खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। दाएं हाथ की बल्लेबाज और तेज गेंदबाज रूमेली ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने फैसले की घोषणा की। रूमेली ने अपनी पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल के श्यामनगर से शुरू हुआ क्रिकेट का मेरा 23 साल का सफर खत्म हो रहा है, मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करती हूं।

रूमेली ने चार महिला टेस्ट में एक अर्धशतक की मदद से 236 रन बनाए। नई दिल्ली में 2005 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करने वाली 38 साल की रूमेली ने आठ टेस्ट विकेट चटकाए। उन्होंने अपना अंतिम टेस्ट 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ ही खेला था। मेली ने 78 महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 961 रन बनाने के अलावा 63 विकेट झटके। उन्होंने 2003 में इंग्लैंड के खिलाफ लिंकन में पदार्पण करने के बाद छह अर्धशतक जड़े। उन्होंने अपना अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2012 में खेला था। बंगाल सहित अन्य घरेलू टीम की ओर से खेलने वाली रूमेली ने 18 टी20 मुकाबले भी खेले जिसमें उन्होंने 131 रन बनाने के अलावा 13 विकेट भी चटकाए। उन्होंने 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण किया।

रूमेली ने 2018 में 34 साल की उम्र में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टी20 टीम में वापसी की और उसी साल ब्रेबोर्न स्टेडियम में आस्ट्रेलिया की महिला टीम के खिलाफ अपना अंतिम टी20 मैच खेला। रूमेली 2005 में दक्षिण अफ्रीका में महिला एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में पहुंची भारतीय टीम की सदस्य भी थी।



### बोलीं, खेले के दौरान आई चोटों ने किया प्रभावित

रूमेली ने कहा, यात्रा काफी लंबी रही जिसमें उतार-चढ़ाव देखने को मिले। शीर्ष लम्हा भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व और अगुआई करना रहा जो 2005 में विश्व कप फाइनल में पहुंची। रूमेली के अनुसार उनका करियर चोटों से प्रभावित किया लेकिन उन्होंने हमेशा मजबूत वापसी की। इस आलराउंडर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड, अपने परिवार, मित्रों और उन सभी टीमों को धन्यवाद दिया जिनका उन्होंने प्रतिनिधित्व किया। रूमेली बंगाल के अलावा रेलवे, एयर इंडिया, दिल्ली और राजस्थान की ओर से खेली। रूमेली ने वादा किया कि वह खेल से जुड़ी रहेंगी और देश में युवा प्रतिभाओं को निखारने में मदद करेंगी।

# श्रीलंका ने जीत दर्ज कर आस्ट्रेलिया से वनडे श्रृंखला जीती

## पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की

एजेंसी। कोलंबो

**पिछले** कई महीनों से अपने सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को तब जश्न मनाने का मौका मिला जब उसकी क्रिकेट टीम ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आखिरी गेंद पर चार रन से जीत दर्ज करके पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की।

श्रीलंका की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चरित असलंका (110) के शतक और धनंजय डिसिल्वा (60) के साथ उनकी 101 रन की साझेदारी के बावजूद 49 ओवर में 258 रन पर आउट हो गई। दासुन शनाका की अगुआई वाली टीम ने हालांकि अपने इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया और आस्ट्रेलिया को 254 रन पर आउट कर दिया। आस्ट्रेलिया की तरफ से सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने 99 रन बनाए, जबकि पैट कमिन्स ने 35 रन का योगदान दिया। अन्य बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। श्रीलंका के लिए धनंजय डिसिल्वा, चमिका करुणारत्ने और जैफ्री वंडारसे ने दो-दो विकेट लिए। आस्ट्रेलिया को आखिरी ओवर में 19 रन चाहिए थे, जिसे शनाका स्वयं करने के लिए आए। दसवें नंबर के बल्लेबाज मैथ्यू कुहनेमैन (15) ने तीन चौके लगाए, जिससे आस्ट्रेलिया को श्रृंखला को जीवंत रखने के लिए अंतिम गेंद पर पांच रन की जरूरत थी। लेकिन कुहनेमैन धीमी गति की गेंद को हवा में उछाल गए और कवर में असलंका को कैच दे बैठे।



### असलंका ने जमाया सैकड़ा



कोलंबो में मिली इस जीत के हीरो चरिथ असलंका रहे। उन्होंने सबसे ज्यादा 110 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले खेलने उतरे श्रीलंकाई बल्लेबाज 49 ओवर में 258 रन का स्कोर बनाया। असलंका के अलावा धनंजय डी सिल्वा ने 60 और वानिंदु हसरंगा ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल मार्श, पैट कमिंस, मैथ्यू कुहनेमैन ने दो-दो विकेट लिए। ग्लेन मैक्सवेल को एक सफलता हासिल हुई। जवाबी पारी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज 254 रन ही बना सके। डेविड वॉर्नर ने 99 रन बनाए। 112 गेंद की पारी में वॉर्नर ने 12 चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए उनके अलावा पैट कमिंस ने 35, ट्रेविस हेड ने 27 और मिचेल मार्श ने 26 रन बनाए। श्रीलंका के लिए धनंजय डी सिल्वा, चमिका करुणारत्ने और जेफ्री वांडरसे ने दो-दो विकेट लिए।


### आखिरी ओवर में तीन चौके आए पर कंगारू हारे

आखिरी ओवर में मेहमान टीम को जीत के लिए 19 रन की जरूरत थी। कुहनेमैन ने तीन चौके लगाकर मुकाबले को रोचक तो बनाया लेकिन आखिरी गेंद पर पांच रन नहीं बना सके। उन्हें श्रीलंकाई कप्तान दसुन शनाका ने आउट कर दिया।



## संक्षिप्त समाचार

### सेरेना ने जीत के साथ वापसी की



**ईस्टबोर्न।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने विंबलडन के अभ्यास टूर्नामेंट ईस्टबोर्न में महिला युगल का मैच जीतकर एक साल बाद कोर्ट पर शानदार वापसी की। सेरेना ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इसके डेढ़ घंटे बाद दर्शकों ने 23 बार की ग्रैंडस्लैम एकल विजेता की जीत का जश्न मनाया। सेरेना ने अपनी जोड़ीदार ओंस जाबूर के साथ मिलकर महिला युगल के पहले दौर में पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके सारा सोरिब्स टोरमो और मैरी बुजकोवा को 2-6, 6-3, 13-11 से हराया। इस जीत का मतलब है कि विंबलडन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली सेरेना को इससे पहले कम से कम एक और प्रतिस्पर्धी मैच खेलने को मिलेगा। विंबलडन सोमवार से शुरू होगा। सेरेना पिछले साल आखिरी बार इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में ही खेली थी।

### चयन को क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने शुरू की ड्रॉफ्ट व्यवस्था



**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) में विदेशी खिलाड़ियों के चयन के लिए बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर ड्राफ्ट व्यवस्था शुरू करने की घोषणा की। बीबीएल का नया सत्र दिसंबर में शुरू होगा जिसके लिए ड्राफ्ट अगले कुछ महीनों में तैयार किए जाने की संभावना है। ड्रॉफ्ट व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक टीम को कम से कम दो और अधिकतम तीन खिलाड़ियों का चयन करना होगा। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने हालांकि कहा कि ड्रॉफ्ट को सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध विदेशी खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है और इसका उद्देश्य बीबीएल को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है। खिलाड़ियों की चार श्रेणियां (प्लेटिनम, गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज) होंगी। इनमें प्लेटिनम श्रेणी के क्रिकेटरों को सबसे अधिक भुगतान वाले वर्ग में रखा जाएगा।

### शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले टूर्नामेंट में शीर्ष पर रही अपरा



**नई दिल्ली।** गाजियाबाद की दूसरी कक्षा की छात्रा अपरा जायसवाल ने शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले ओपन रैपिड टूर्नामेंट 2022 के अंडर- सात (बालिका वर्ग) में पहला स्थान हासिल किया। दिल्ली शतरंज संघ ने कल देर रात इस टूर्नामेंट के विजेताओं की अंतिम सूची जारी की। अपरा को खिताब जीतने पर छह हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड की मशाल प्रज्वलित करके उसे पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को सौंपा था। इसी कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए इस टूर्नामेंट का आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया गया था। इस टूर्नामेंट में विभिन राज्यों के कुल 1549 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। शतरंज ओलंपियाड 28 जुलाई से 10 अगस्त तक चेन्नई में आयोजित किया जाएगा।

### जहीर अब्बास लंदन में गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती

**लंदन।** पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज जहीर अब्बास को यहां एक निजी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है। 74 वर्षीय अब्बास को पैडिंगटन के सेंट मैरी अस्पताल में भर्ती कराए जाने के तीन दिन बाद आईसीयू में स्थानांतरित किया गया। अपने जमाने के कलात्मक बल्लेबाजों में से एक अब्बास दुबई से लंदन की यात्रा के दौरान कोविड-19 की चपेट में आ गए थे। उन्होंने दर्द की शिकायत की थी और लंदन पहुंचने के बाद उन्हें निमोनिया हो गया था। सूत्रों के हवाले से कहा, अभी वह डायलिसिस पर हैं और चिकित्सकों ने उन्हें लोगों से नहीं मिलने की सलाह दी है। अब्बास ने 1969 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। अपनी पीढ़ी के बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक अब्बास ने 72 टेस्ट मैचों में 5062 रन और 62 वनडे में 2572 रन बनाए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 459 मैचों में 34843 रन बनाए, जिसमें 108 शतक और 158 अर्धशतक शामिल हैं। संन्यास लेने के बाद उन्होंने एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैचों में आईसीसी मैच रैफरी की भूमिका भी निभाई।

# लंकाशर की तरफ से काउंटी क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं वाशिंगटन सुंदर

एजेंसी। लंदन

**भारतीय** ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर इस सत्र में लंकाशर की तरफ से इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार सुंदर का काउंटी में खेलना हालांकि उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।

भारत के चेतेश्वर पुजारा इस सत्र में पहले ही डिवीजन दो में ससेक्स के लिए खेल चुके हैं। चेन्नई के रहने वाले 22 वर्षीय सुंदर के हाथ की चोट से लगभग ठीक हो चुकी है और वर्तमान में वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हैं। वह जुलाई से काउंटी चैम्पियनशिप में तीन मैच खेल सकते हैं। इसके अलावा उन्हें 50 ओवरों के रॉयल लंदन कप में पूरे टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलेगा। सुंदर पिछले साल जुलाई में उंगली में चोट लगने के बाद से लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी कर रहे हैं। चोटिल होने के कारण वह पिछले साल भारत के इंग्लैंड दौरे से और 2021 में इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे चरण से बाहर हो गए थे। लंकाशर वर्तमान में काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन एक की अंक तालिका में 108 अंकों के साथ में और हैम्पशर के बाद तीसरे स्थान पर है।



### नीदरलैंड ने इंग्लैंड को जीत के लिए 245 रन का लक्ष्य दिया

एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)। नीदरलैंड ने बुधवार को यहां इंग्लैंड को वनडे अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में जीत और क्लीन स्वीप के लिए 245 रन का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई हुई है।

नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स 72 गेंद में 64 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने रविवार को दूसरे वनडे में 78 रन की पारी खेली थी। मैक्स ओडोड (50) और बास डि लीडे (56) ने भी अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इंग्लैंड ने पिछले हफ्ते पहले वनडे में जीत के दौरान चार विकेट पर 498 रन की पारी से विश्व रिकॉर्ड बनाया था। डेविड विले ने 8.2 ओवर में 36 रन देकर चार विकेट झटके जिसमें पॉल वान मीकेरेन का अंतिम विकेट भी शामिल था। नीदरलैंड की टीम निर्धारित 50 ओवर से चार गेंद पहले ही आउट हो गई।

# दिनेश कार्तिक ने 108 पायदान पर छलांग लगाई

## युजवेंद्र चहल तीन पायदान के फायदे से 23वें स्थान पर

**आईसीसी टी20 रैंकिंग**

एजेंसी। दुबई

**अनुभवी** दिनेश कार्तिक हाल में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत ताजा जारी आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 108 पायदान की बड़ी छलांग लगाकर 87वें स्थान पर पहुंच गए जबकि युवा सलामी बल्लेबाज इशान किशन शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहे।

किशन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में दो अर्धशतक जड़े थे और उन्होंने 41 के औसत से कुल 206 रन बनाए थे। इस शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में कुछ तेजतार पारियां खेलीं।

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अभी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज है और किशन शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। गेंदबाजों की टी20 रैंकिंग में युजवेंद्र चहल ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। इस भारतीय स्पिनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दौरान छह विकेट की बदौलत तीन पायदान के फायदे से 23वां स्थान हासिल किया। जोश हेजलवुड टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान (संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर) और श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसारंगा (छठे) दोनों एक एक पायदान के फायदे से शीर्ष 10 में पहुंच गए।

फॉर्म की बदौलत बाएं हाथ के क्रिकेटर को बल्लेबाजों की ताजा जारी टी20 रैंकिंग में एक पायदान के फायदा हुआ और वह छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। कार्तिक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पांचवें सत्र से ही



### जडेजा ने ऑल राउंडर सूची में अपना नाम कायम रखा



रविंद्र जडेजा ने 385 रेटिंग अंक से टेस्ट ऑल राउंडर सूची में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा है। वह इस समय भारत के इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच के लिए ब्रिटेन में हैं जो पिछले साल पांच मैचों की श्रृंखला का मैच है जो कोविड-19 के कारण पूरा नहीं हो सका था। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन 346 रेटिंग अंक से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली (742) टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में 10वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (850) और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (830) गेंदबाजों की सूची में दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच भी बांग्लादेश के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बूते गेंदबाजों की सूची में चार पायदान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं

# हमारे पास शीर्ष क्रम की कई बल्लेबाज, सभी को मौके मिलेंगे: हरमनप्रीत

एजेंसी। दाम्बुला

**भारतीय** टीम में शीर्ष क्रम की कई बल्लेबाज हैं और भारत की सभी प्रारूपों की नई कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही टी20 श्रृंखला में सभी को खुद को साबित करने का मौका मिलेगा।



बाएं हाथ की बल्लेबाज स्मृति मंधाना, आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा, सभिनेनी मेघना और यस्तिका भाटिया भारत की 15 सदस्यीय टीम में शामिल शीर्ष क्रम की बल्लेबाज हैं। स्मृति की गैरमौजूदगी में फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ शेफाली और यस्तिका ने पारी का आगाज किया था। हरमनप्रीत ने श्रृंखला के पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमारे पास शीर्ष क्रम की कई बल्लेबाज हैं, उनमें से तीन या चार सलामी बल्लेबाज के रूप में खेल सकती हैं।

लेकिन जब यह बात इस टीम की आती है तो सभी को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, हम सभी अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं और हमें जब भी मौका मिले तो हमें उसका सर्वश्रेष्ठ फायदा उठाना होगा।

हमारे पास कई ऐसी बल्लेबाज हैं जो किसी भी स्थान पर खेल सकती हैं। हम सभी को उस स्थान पर बल्लेबाजी का मौका देने का प्रयास करेंगे जहां वे सहज हैं।

# रोनाल्डो ने स्पर्धा में रजत से अपना तीसरा पदक जीता, भारत पांचवें स्थान पर रहा

## जापान 18 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य के साथ से शीर्ष पर रहा

एजेंसी। नई दिल्ली

**शीर्ष** भारतीय साइकिलिस्ट रोनाल्डो सिंह ने बुधवार को यहां एशियाई ट्रैक चैम्पियनशिप के अंतिम दिन सीनियर वर्ग की स्प्रिंट स्पर्धा में रजत पदक जीतकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

यह चैम्पियनशिप में उनका तीसरा पदक था। उन्होंने इससे पहले। किमी टाइम ट्रायल और टीम स्प्रिंट स्पर्धा में कांस्य पदक जीते थे। बुधवार को उन्होंने जापान के अनुभवी राइडर केंटो यामासाकी को कड़ी चुनौती दी लेकिन दूसरा स्थान ही हासिल कर सके। यामासाकी ने लगातार रेस में रोनाल्डो को पछाड़ कर पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। कजाखस्तान के आंद्रे चुगे ने स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। सुबह रोनाल्डो ने सेमीफाइनल में कजाखस्तान के आंद्रे चुगे को पछाड़ा था। यह भारतीय पहली रेस में हार गया था लेकिन वापसी करते हुए अगली दो रेस जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

रोनाल्डो ने कहा, मेरे दिमाग में स्वर्ण पदक था, लेकिन फिर भी मैं खुश हूं क्योंकि यह मेरा पहला रजत पदक है। यह मेरे करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। प्रत्येक टूर्नामेंट में मेरी तकनीक में सुधार हुआ है, यह सबसे अहम है।





### जापान के किया शानदार प्रदर्शन

अंतिम दिन 10 फाइनल में कुछ साइकिल भी टकराई। जापान 18 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य से संयुक्त पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। वर्ल्ड क्लास फील्ड में भारतीय साइकिलिंग टीम 23 पदक (दो स्वर्ण, छह रजत और 15 कांस्य) से पांचवें स्थान पर रही। कोरिया 12 स्वर्ण, 14 रजत और तीन कांस्य पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा जबकि कजाखस्तान ने चार स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य से तीसरा स्थान हासिल किया।

मंगलवार को विश्व जूनियर चैम्पियन और एशियाई रिकॉर्डधारी रोनाल्डो ने 200 मीटर फ्लाइंग टाइम ट्रायल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था और पुरुष एलीट स्प्रिंट रेस स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। घरेलू टीम ने अंतिम दिन एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। भारतीय जूनियर साइकिलिस्ट बिरजीत युमनाम ने 15 किमी प्वाइंट रेस में 23 अंक से कांस्य पदक जीता। कोरिया के सुंगयिओन ली ने 24 अंक से रजत और उज्बेकिस्तान के फारुख बोबोशेरोव ने स्वर्ण पदक हासिल किया। छायानिका गोगोई दिन में हैरान करने वाली साइकिलिस्ट रहीं। इस 19 वर्षीय साइकिलिस्ट ने 10 किमी महिला स्क्रैच रेस फाइनल में कजाखस्तान की पदक की दावेदार रिनाटा सुल्तानोवा को पछाड़कर कांस्य पदक से भारत का खाता खोला। योयुरी किम ने स्वर्ण और जापान की किए फुरुयामा ने रजत पदक प्राप्त किया।